सूर्योदय 6:49 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 20 अधि |
| धर्मशाला | 13 न्यू | 23 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,562 |
| निफ्टी | 25,910 |
| सोना 1,24,794 | चांदी 1,59,367 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 16 नवंबर 2025 | 1 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 319, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702






# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, 9 की मौत

## सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में हुआ ब्लास्ट, 32 लोग घायल

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी।

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2



**अल-फलाह यूनिवर्सिटी के खिलाफ दो एफआईआर**

क्राइम ब्रांच फोटोग्राफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल, यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी। उधर, दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के खिलाफ 2 एफआईआर दर्ज की हैं। ये यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन और नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल के एक्शन के बाद की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### हरियाणा के बाद पंजाब से जुड़ा ब्लास्ट का कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** दिल्ली ब्लास्ट का हरियाणा के बाद अब पंजाब से भी कनेक्शन जुड़ गया है। पठानकोट के आर्मी एरिया मामून कैंट के पास बने मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले डॉक्टर को इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट पर हिरासत में लिया गया है।

**पठानकोट में मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर रईस अहमद भट्ट हिरासत में**

सूत्रों के मुताबिक, वह 4 साल फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में काम कर चुका है। डॉक्टर की पहचान रईस अहमद भट्ट निवासी अनंतनाग के तौर पर हुई है। 45 वर्षीय भट्ट व्हाइट मेडिकल कॉलेज में 3 साल से पढ़ा रहा था। दिल्ली विस्फोट के मुख्य आरोपी डॉक्टर उमर के साथ भी उसका संपर्क सामने आया है। उधर, मेडिकल कॉलेज का मैनेजमेंट देखने वाले स्वर्ण सलारिया ने बताया कि डॉक्टर भट्ट यहां लेप्रोस्कोपिक सर्जन के तौर पर काम करता था, लेकिन उसका दिल्ली धमाके के साथ क्या कनेक्शन है, उन्हें नहीं पता।

# अब कैबिनेट में रखा जाएगा पंचायत रोस्टर का मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों से पहले रोस्टर निर्धारण का मामला अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है। पंचायतीराज विभाग ने रोस्टर का प्रारूप और नियम तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिए हैं। यह मसला 24 नवंबर को शिमला सचिवालय में होने वाली कैबिनेट बैठक में विस्तृत चर्चा के लिए रखा जाएगा।

**24 को होगी प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक**

**बैठक के बाद तेज होगी चुनाव प्रक्रिया**

राज्य निर्वाचन आयोग 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए नया रोस्टर जारी करने पर जोर दे रहा है, जबकि कई ग्राम पंचायतों में लगातार सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होने की स्थिति को देखते हुए सरकार संशोधित रोस्टर पर भी विचार कर रही है।

कैबिनेट बैठक में फैसला होने के बाद पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों पर तेजी आएगी। निर्वाचन आयोग पहले ही संकेत दे चुका है कि चुनाव समय पर कराने की दिशा में तैयारी पूरी है। मतदाता सूची एक दिसंबर तक तैयार होने की प्रक्रिया में है और राज्य में 55 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हो चुके हैं। वार्डों के पुनर्गठन का 90 फीसदी काम पूरा होने के बाद अब रोस्टर ही चुनावी प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बचा है, जिस पर अंतिम मुहर कैबिनेट लगाएगी। पंचायत चुनावों की तैयारी और स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करना इस समय सरकार की दो अहम प्राथमिकताएं हैं। जहां पंचायत चुनावों को लेकर रोस्टर पर अंतिम निर्णय का इंतजार है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए युक्तिकरण और नई भर्तियों की प्रक्रिया तेज की जा रही है।

### पैरामेडिकल स्टाफ के युक्तिकरण की तैयारी भी अंतिम चरण में

**प्रदेश** सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटी है। मेडिकल कॉलेजों में पैरामेडिकल स्टाफ के युक्तिकरण की तैयारी अंतिम चरण में है। जिन संस्थानों में स्टाफ की कमी है, वहां उन कॉलेजों से कर्मचारी भेजे जाएंगे जहां संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है और इसके साथ ही नए पदों पर भर्ती का मसौदा भी बनाया जा रहा है। इससे पहले डॉक्टरों के युक्तिकरण, 200 असिस्टेंट प्रोफेसर और 400 नर्सों की भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है।






## न्यूज शॉर्ट्स

### लालू की बेटी रोहिणी का राजनीति से संन्यास



**एजेंसी, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद लालू परिवार में बड़ी टूट हुई है। लालू की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, 'मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं। संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था और मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूं।' इसी साल 25 मई को लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाला था। तेज प्रताप ने इसके लिए संजय यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। इससे पहले रोहिणी ने पार्टी से लेकर परिवार के सभी सदस्यों को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### आरके सिंह भाजपा से 6 वर्ष के लिए निलंबित



**एजेंसी, पटना।** बिहार चुनाव का रिजल्ट के बाद भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। भाजपा ने निलंबन को लेकर चिट्ठी भी जारी कर दी है। इसमें पूछा है कि, आपकी गतिविधियां पार्टी के विरोध में है। ये अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। इससे पार्टी को नुकसान हुआ है। आपको पार्टी से निलंबित करते हुए पूछा जा रहा है कि क्यों ना आपको निष्कासित कर दिया जाए। 7 दिन में जबाव दें। आरके सिंह ने चुनाव से पहले एनडीए के कैंडिडेट्स पर भी सवाल उठाए थे। साथ ही बिहार में 62 हजार करोड़ के बिजली घोटाले का भी नीतीश सरकार पर आरोप लगाया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, जेडीयू के अनंत सिंह, आरजेडी के सूरजभान सिंह को हत्या का आरोपी बताया था। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप दो राज्यों में हार के बाद टैरिफ पर पलटे

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वर्जीनिया और न्यू जर्सी में हुए चुनावों में हारने के बाद टैरिफ से पीछे हट रहे हैं। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें बीफ, कॉफी और फलों सहित दर्जनों एग्रीकल्चर प्रोडक्ट पर लगे टैरिफ हटा दिए गए हैं। इसके पीछे मंहगाई बड़ी वजह है। ट्रंप प्रशासन के अनुसार, इन पर लगाए गए टैरिफ का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ रहा था। बीफ, कॉफी, चाय, फलों का जूस, कोको, मसाले, केले, संतरे, टमाटर और कुछ खाद उत्पादों को टैरिफ फ्री कैटेगरी में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अनुराग ने 150वीं जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन -पेज-2
- विदेश भेजने के नाम पर युवक से एक लाख रुपए ठगे -पेज 3
- बड़े वाहनों से दूर मैक्लोडगंज की कनेक्टिविटी -पेज 4
- बिलासपुर के नेताओं की तीन साल की कारगुजारी पर सवाल -पेज 6
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर बताया -पेज 13


# बिहार में हिमाचल के पूर्व एडीजी की जमानत जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश पुलिस के पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. जय प्रकाश सिंह को बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल सकी और उनकी जमानत जब्त हो गई। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज के टिकट पर उन्होंने छपरा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें केवल 3433 वोट ही प्राप्त हुए। डॉ. जेपी सिंह बिहार में जन्मे हिमाचल कैडर के 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। इस वर्ष 31 जनवरी को वह एडीजी पद पर पदोन्नत हुए थे। जुलाई में उन्होंने चुनावी राजनीति में उतरने के लिए ऐच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। परिणामों ने उनकी राजनीतिक पारी की शुरुआत को कठिन बना दिया है।

**डॉ. जय प्रकाश ने चुनाव लड़ने के लिए ली थी वीआरएस**

# नाबालिग भी ले सकते हैं अग्रिम जमानत

## कलकत्ता हाईकोर्ट बोला-जुवेनाइल कानून में मनाही का जिक्र नहीं

**एजेंसी, कोलकाता**



कलकत्ता हाईकोर्ट ने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 तहत नाबालिगों को अग्रिम जमानत का अधिकार दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि अब किसी भी अपराध में आरोपी नाबालिग भी एंटीसिपेटरी बेल के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले सिर्फ बालिग आरोपियों को ही गिरफ्तारी से पहले जमानत लेने का हक था। तीन जजों की डिवीजन बेंच ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट तब लागू होता है जब नाबालिग पकड़ा जाता है और उसे जुवेनाइल बोर्ड के सामने पेश किया जाता है, लेकिन अग्रिम जमानत तो गिरफ्तारी से पहले का अधिकार है, ताकि किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुरक्षित रहे। यह फैसला जस्टिस जय सेनगुप्ता, जस्टिस तीर्थंकर घोष और जस्टिस बिवास पटनायक की बेंच ने दिया। देश के किसी भी हाईकोर्ट की तरफ से सुनाया गया इस तरह का यह पहला फैसला है। (अनंत ज्ञान)

### यह है पूरा मामला

**यह** मामला उन चार नाबालिगों की याचिका से शुरू हुआ, जिन्हें 2021 में पश्चिम बंगाल के रघुनाथगंज पुलिस स्टेशन में दर्ज मामलों में गिरफ्तारी का डर था। मुद्दा यह था कि क्या जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 उन्हें अग्रिम जमानत (धारा 438) का अधिकार देता है या नहीं। इस बात पर जजों की अलग-अलग राय थी, इसलिए एक सिंगल जज ने इसे बड़ी पीठ के पास भेज दिया था, ताकि फैसला हो सके।

# शिमला से ज्यादा सर्द हुए राज्य के मैदानी इलाके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इस बार ठंड का असर ऊंचाई वाले क्षेत्रों के साथ मैदानी इलाकों में भी तेजी से महसूस किया जा रहा है। लगातार गिरते तापमान ने सर्दी के तेवर कड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि बीती रात शिमला 9 डिग्री पर रहा, जबकि ऊना में तापमान 8.3 डिग्री, बिलासपुर में 8.6 डिग्री और हमीरपुर में 5.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो शिमला की तुलना में कम है। राज्य के 27 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जिनमें प्रमुख हिस्से मैदानी क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, जनजातीय क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान माइनस में बना हुआ है और कई स्थानों पर प्राकृतिक जलस्रोत जमने लगे हैं।

**जनजातीय इलाकों का पारा माइनस में**

लाहौल-स्पीति और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में बर्फीली ठंड चरम पर है। अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहेगा और धूप खिली रहेगी, लेकिन रात का पारा और नीचे जाने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, पूरे हिमाचल में बीते 24 घंटों में कहीं भी बारिश या बर्फबारी नहीं हुई है और न ही अगले कुछ दिनों में इसकी कोई संभावना है। विभाग ने 21 नवंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। तापमान सामान्य से औसतन 2 डिग्री कम चल रहा है। इसके चलते सर्दी और बढ़ने की संभावना है। ठंड बढ़ने से वाहन चालकों को सुबह के समय कोहरे और धुंध का सामना करना पड़ सकता है।

### ताबो में न्यूनतम तापमान -6.6 डिग्री

**शुक्रवार** रात से शनिवार सुबह तापमान रिकॉर्ड के अनुसार लाहौल-स्पीति जिला के ताबो में न्यूनतम तापमान -6.6 डिग्री, कुकुमसेरी में -4.1 डिग्री और केलांग में -2.9 डिग्री दर्ज किया गया। लगातार गिरते तापमान से जनजातीय क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड सामान्य जीवन पर असर डाल रही है। वहीं सुंदरनगर 4.1 डिग्री और भुंतर 3.1 डिग्री पर रहा। सराहन में 7.9 डिग्री, कसौली में 11.4 डिग्री और पांवटा साहिब में 12.0 डिग्री तापमान रहा। नाहन में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री और नारकंडा में 4.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पालमपुर का रात का पारा 4.5 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम है। सोलन, कांगड़ा और हमीरपुर में भी तीन डिग्री से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

# बिहार ने ठुकराई जाति की राजनीति : पीएम

## कहा- चुनाव हारने वालों को सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे

**एजेंसी, सूरत**

पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा, जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं। वह गुजरात के नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा की। पंडोरी माता को आदिवासी अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इसके बाद पीएम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में भी शामिल हुए। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए। उन्होंने यहां 9700 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। (अनंत ज्ञान)



**बिरसा मुंडा के जयंती समारोह में हुए शामिल**

# बिहार चुनाव में गड़बड़ी हुई 2 हफ्तों में सबूत देंगे : कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिए। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी गड़बड़ियों के सबूत इकट्ठा कर रही है। 2 हफ्तों में देश के सामने रखेंगे। दरअसल, कांग्रेस ने इस चुनाव में 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन सिर्फ 6 सीटें जीत पाई। अनंत ज्ञान)

**बिहार में हार के बाद खड़गे के घर हुई बैठक**

# सीएम आज कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर हाईकमान से करेंगे चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राजनीतिक तपिश बढ़ाते हुए दोपहर बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए। यह यात्रा कांग्रेस के राज्य संगठन की लंबे समय से चली आ रही खामोशी को तोड़ने की कोशिश भी है। पार्टी कार्यकर्ता, जो पिछले एक वर्ष से संगठन की अनुपस्थिति में मानो सुनसान पड़े दफ्तरों में उम्मीद की लौ जलाए बैठे हैं, अब इस चर्चा से नई उम्मीदें जोड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस में अध्यक्ष पद का इंतजार अब लगभग एक साल से लटक हुआ है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा 6 नवंबर पिछले वर्ष राज्य, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी भंग किए जाने के बाद से संगठन ठहर सा गया है।

### उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में लेंगे हिस्सा

**मुख्यमंत्री** सुक्खू सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में फरीदाबाद में होने वाली उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक क्षेत्रीय विकास, आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और राज्यों के बीच समन्वय जैसे कई बड़े विषयों को समेटे होगी। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के प्रतिनिधियों के बीच हिमाचल के मुद्दे अपनी जगह बनाएंगे।

**नशे पर वार** 'चिट्टे के खिलाफ दौड़े प्रदेशवासी, मुख्यमंत्री सुक्खू ने वॉकथॉन का किया नेतृत्व

# हिमाचल में चिट्टे के खिलाफ जंग का ऐलान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** राजधानी शिमला शनिवार को चिट्टे के खिलाफ उठते जनसंकल्प का साक्षी बना, जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में रिज से चौड़ा मैदान तक विशाल वॉकथॉन निकला। यह आयोजन नशा मुक्ति के सरकारी कार्यक्रम से कहीं अधिक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप लेता दिखाई दिया, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हिमाचल ने चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ दी है और यह लड़ाई सिर्फ कानून की नहीं, बल्कि अस्मिता, भविष्य और सभ्यता की है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टा अब हिमाचल की नसों में जहर घोलने की कोशिश कर रहा है, पर प्रदेश की जनता इसे समूल नष्ट करने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि चिट्टा बेचने वालों, बच्चों का भविष्य बर्बाद करने वालों और तस्करी करने वालों के लिए देवभूमि में कोई जगह नहीं बचेगी। वॉकथॉन शुरू होने से पहले रिज पर हजारों की भीड़ को उन्होंने नशामुक्ति की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आंदोलन किसी विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकल्प है। उन्होंने बताया कि स्कूल अब संस्कार और सुरक्षा के किले बनेंगे और नई पीढ़ी चिट्टा नहीं, चेतना लेकर आगे बढ़ेगी। माताओं को इस लड़ाई की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि जब मां जागती है, तो समाज खुद बदल जाता है। उन्होंने धार्मिक संस्थाओं से भी देवभूमि में चिट्टे के अंत का संदेश फैलाने का आग्रह किया।




शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू चिट्टा विरोधी वॉकथॉन का नेतृत्व करते हुए।

### एक हजार 'एंटी चिट्टा स्वयंसेवी' हो रहे तैयार

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि सरकार एक हजार 'एंटी चिट्टा स्वयंसेवी' तैयार करने जा रही है, जो जनता और पुलिस के बीच कड़ी का काम करेंगे। पंचायत स्तर तक चिट्टा सेवनकर्ताओं और तस्करों की मैपिंग पूरी कर ली गई है। नशामुक्ति रोकथाम एवं पुनर्वास बोर्ड गठित किया गया है और स्कूलों में नशा विरोधी नया अध्याय शुरू किया जाएगा। वॉकथॉन के बाद मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद किया और चिट्टे के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने उन अभिभावकों से भी मुलाकात की जिन्होंने नशे के कारण अपने बेटे खो दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### अणु कलां में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 16 नवंबर को लाइनों एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते गांव अणु कलां, अणु पंचायत घर, घनाल कलां, प्रताप गली, वार्ड नंबर 4, 5, 6,7 और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 18 को आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणु स्थित 132केवी विद्युत सब स्टेशन में 18 नवंबर को उपकरणों का आवधिक परीक्षण किया जाएगा। इस परीक्षण के कारण उक्त सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 33केवी और 11केवी लाइनों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से लेकर सायं 5 बजे के बीच बिजली की आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रह सकती है। 132केवी विद्युत सब स्टेशन के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भलेठ में बैल ने किए कई लोग घायल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पिछले दो दिनों से भलेठ में एक बैल लोगों के लिए भय का कारण बन गया। यह बैल तेजी से दौड़ता और हमला करता रहा, जिससे कई लोग घायल हुए और बैल भी चोटिल हुआ। स्थानीय लोग इसे पकड़ने में लगातार असफल रहे। शनिवार सुबह भलेठ प्रधान जगन कटोच ने बताया कि पशु विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बैल को बेहोशी का इंजेक्शन देकर काबू में किया गया। अब यह बैल रस्सी से सुरक्षित बांधकर रखा गया है। मौके पर एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला, पुलिस, फायर ब्रिगेड भी पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की स्थानीय लोग अब थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने सभी से सावधानी बरतने व बैल से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

### नाबालिग के अपहरण का आरोप ,मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत एक नाबालिग के अपहरण का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने पुलिस थाना नादौन में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उसे रिश्तेदारों सहित जगह-जगह ढूंढा, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। उन्होंने आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसका अपहरण करके ले गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

### अंशदीप का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) द्वारा ऊर्जा संरक्षण विषय पर जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने ऊर्जा बचत से जुड़े प्रेरक संदेशों को रचनात्मक चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा नवमीं के छात्र अंशदीप ने शानदार पेंटिंग बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया और प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। स्कूल में इस उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है। प्रिंसिपल आरती कटोच ने अंशदीप की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उसे आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### स्कूलों में प्रेमभाव से आता है शिक्षा में सुधार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में शुक्रवार को प्रधानाचार्य देशराज कमल का जन्मदिवस बच्चों और अध्यापकों ने बड़े उत्साह से मनाया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ ने उन्हें शॉल और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि भले ही भुक्कड़ स्कूल छोटा है, लेकिन यहां विद्यार्थियों और अध्यापक वर्ग के नैतिक मूल्य अत्यंत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में जन्मोत्सव मनाने की यह नई परंपरा आपसी प्रेमभाव और अपनापन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने स्टाफ के सम्मान को सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिठाई वितरित की गई।

### अदिति ने निबंध लेखन में झटका तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'पहाड़ी सप्ताह' के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं की छात्रा अदिति स्याल ने पहाड़ी निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राएं अंशिका दत्ता और कृतिका ने लोकोक्ति/मुहावरा लेखन तथा पहेली लेखन में शानदार प्रदर्शन किया। आचार्य नरेश मलोटिया ने बताया कि तैयारी के दौरान छात्राओं ने अपने दादा-दादी और माता-पिता से पहाड़ी भाषा से जुड़ी लोकोक्तियों, मुहावरों और पहेलियों की जानकारी एकत्र की। यह पहल न केवल भाषाई चेतना को बढ़ाती है, बल्कि परिवार के बुजुर्गों से संवाद को भी मजबूत करती है। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य परमजीत सिंह ने कहा कि पहाड़ी बोली हमारी संस्कृति और विरासत का अभिन्न अंग है। प्रधानाचार्या राजकुमारी कौशल ने सभी छात्राओं व शिक्षक वर्ग को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर होगी पत्रकार संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर हमीरपुर प्रेस रूम में पत्रकारों के लिए संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम रविवार को दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। इस वर्ष संगोष्ठी का मुख्य विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता' रखा गया है। जिला मुख्यालय के पत्रकार इस विषय पर अपने विचार साझा करेंगे और प्रेस की जिम्मेदारियों व चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। जिला लोक संपर्क अधिकारी अनिल गुलेरिया ने सभी पत्रकारों से इस संगोष्ठी में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

### किसानों से 782.8 किलो मक्की खरीदी

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** नादौन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सिविल सप्लाई स्टोर में आज प्राकृतिक तरीके से उगाई गई मक्की की खरीद ₹40 प्रति किलोग्राम की दर से की गई। इस दौरान किसानों में उत्साह देखने लायक था। परियोजना निदेशक, आत्मा हमीरपुर, डॉ. नितिन शर्मा ने निगरानी करते हुए प्राकृतिक खेती की सराहना की। उप-परियोजना निदेशक डॉ. राजेश शर्मा और डॉ. सुधीर ठाकुर ने गुणवत्ता और तौल की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। किसान अर्जुन सिंह गुलेरिया, नरेश कुमारी, संदीप आनंद, तारा चंद, प्रकाश चंद, अजय व कल्याण सिंह ने कुल 782.8 किलोग्राम मक्की बिक्री के लिए उपलब्ध कराई। इस पहल से किसानों में प्राकृतिक खेती के प्रति विश्वास और क्षेत्र में इसकी प्रगति की संभावनाएं बढ़ी हैं।

### रैल में मनाया अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत रैल की को-ऑपरेटिव सोसाइटी में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता विभाग के इंस्पेक्टर राजीव और दिनेश ने की। इस अवसर पर रैल, बड़ा, सपड़ोह, लाहड़, पुतड़ियाल, रंगस, बूणी और दंगड़ी की को-ऑपरेटिव सोसाइटी सचिवों ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में को-ऑपरेटिव सोसाइटी रैल के प्रधान अरुण कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। को-ऑपरेटिव सोसाइटी के कैंपस में सभी सचिवों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस पहल से सहकारिता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई गई।

### धनेटा में छात्रों को लगाया टेटनस का टीका

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनेटा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को टीटी (टेटनस) का टीका लगाया। ब्लॉक नादौन की टीम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शिवाली चौधरी, आशा वर्कर चंचला कुमारी और आशा वर्कर विद्या देवी शामिल रहीं। स्वास्थ्य अधिकारी शिवाली चौधरी ने बताया कि टीकाकरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खसरा, टेटनस और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाना है। उन्होंने कहा कि यदि स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, तो विद्यार्थी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार सिंह ने कहा कि 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है,' इसलिए समय-समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए धन्यवाद दिया। टीकाकरण कार्यक्रम से बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ी और यह पहल विद्यार्थियों की सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक साबित हुई।

### भोटा में व्यापार मंडल के चुनाव 23 को

**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में व्यापार मंडल का चुनाव 23 नवंबर रविवार को 11:00 बजे शीतला माता मंदिर में होगा। पहले व्यापार मंडल का चुनाव 2016 में हुआ था। 9 साल बाद अब व्यापार मंडल का चुनाव होगा। भोटा व्यापार मंडल के चुनाव में व्यापार मंडल हमीरपुर के प्रधान सुमित ठाकुर व सचिव राजेंद्र सोनी ऑब्जर्वर होंगे। भोटा व्यापार मंडल के प्रधान सन्नी शर्मा ने भोटा के सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे 3 नवंबर 11:00 बजे शीतला माता मंदिर में पहुंचे। यह जानकारी भोटा व्यापार मंडल के प्रधान सन्नी शर्मा ने दी।

# बढ़ने लगी ठंड, ट्रिप होने लगे बिजली बोर्ड के सिस्टम और उपभोक्ता हो रहे परेशान

## तीन दिन से पीक टाइम में बिजली के नियमित कट, व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** दावे चाहे जितने मर्जी इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अधिकारी कर लें, लेकिन शहर और आसपास के लोगों को बिजली की व्यवस्था में सुधार होता दिख नहीं रहा। पिछले तीन दिनों से लगातार सुबह के समय जब अच्छी खासी जरूर बिजली की रहती है, रोजाना ही दो-तीन बार बिजली के कट लग रहे हैं। अब भरोसा नहीं रहा है कि कब बिजली चली जाएगी और कब बहाल होगी।

यही वजह है कि 'ठिठुरन' के लगातार बढ़ने के बीच लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ने लगी हैं। समस्या एक ही है कि इस शहर की बिजली की व्यवस्था मुकम्मल तौर पर कब व्यवस्थित होगी? कभी इधर की केबल खराब हो जाती है तो, कभी उधर की जल जाती है। कभी जंपर फेल हो गया, तो कभी डिस्क चली गई। यही सुनते आ रहे हैं यहां के उपभोक्ता। वे करें भी तो करें क्या?

अब पिछले लगभग तीन दिनों से सुबह के समय लगातार बिजली गुल हो रही है। कभी एक बार तो कभी दो बार सिस्टम में कहां खराबी है, उपभोक्ताओं को कोई पता नहीं चल रहा। शहर के किसी न किसी हिस्से में यह दिक्कत रोजाना आ रही है। जवाब एक ही मिल रहा, ठंड बढ़ने लगी है और लोड भी बढ़ रहा है। दो-चार दिनों में समस्या ठीक हो जाएगी। सिस्टम में आई तकनीकी खराबी हाल हो जाएगी, लेकिन भरोसा है नहीं।

### 20 करोड़ से अंडरग्राउंड केबल का काम घोषणा तक ही सिमटा

20 करोड़ से अंडरग्राउंड केबल का काम भी घोषणा तक ही सिमटा हुआ है। पिछले 2 साल से इसकी चर्चा हो रही है, लेकिन कब होगा, किसी को कोई पता नहीं। कितना होगा, कौन सा इलाका होगा, इस पर भी अभी भ्रम है। कारण यह है कि सरकार ने शहर में अंडरग्राउंड केबल डालने का ऐलान किया हुआ है, मगर अधिकारी अभी इस पर कुछ नहीं बोलते।

अनंत ज्ञान खास खबर

### 34 करोड़ की ओवरहेड लाइन प्रोजेक्ट से बिजली व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

**एक्सईएन** नरेंद्र अबरोल का कहना है कि वर्ल्ड बैंक के सहयोग से 34 करोड़ का एक प्रोजेक्ट शहर में लागू हो रहा है। ओवरहेड केबल लाइन डाली जाएगी। यह काम अवार्ड हो गया है और अब इसका प्रक्रिया शुरू हो चुका है। तकरीबन 2 सालों तक यह काम मुकम्मल हो जाएगा। जहां-जहां लाइन जरूरी होगी, वहीं रहेगी, बाकी जगह पर केबल लाइनें डाली जाएंगी। ताकि शहर की कुछ दिखाते हैं हाल हो सकें। उन्होंने कहा कि दो दिनों से जो बिजली की समस्या आई है वह डंपर और डिस्क की वजह से आई है। रविवार को शटडाउन लिया गया है और उसे दिन रिपेयर वर्क सारा मुकम्मल कर लिया जाएगा। जहां-जहां दिक्कतें हैं, लोड बढ़ने की, उनकी रिपेयरमेंट की जाएगी। समस्या हल होने की पूरी संभावना है। क्योंकि दो-तीन जगह जंपर-डिस्क आदि जल गए थे।

# छह साल से वरिष्ठता क्रमांक को तरस रहे टीजीटी शिक्षक, नहीं मिल रही प्रमोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सूबे में वर्ष 2019 से 2025 के बीच टीजीटी बने शिक्षक अब तक वरिष्ठता क्रमांक के अभाव में अपनी प्रमोशन प्रक्रिया भी शुरू नहीं कर पा रहे हैं। बैचवाइज, कमीशन आधार पर तथा जेबीटी, सीएंडवी प्रमोशन से नियुक्त टीजीटी शिक्षक पिछले छह वर्षों से वरिष्ठता सूची में नाम शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वरिष्ठता क्रमांक न होने से ये शिक्षक हेडमास्टर और प्रवक्ता दोनों ही पदों पर पदोन्नति के लिए आवेदन तक नहीं कर पा रहे। खासकर कॉमर्स और अर्थशास्त्र विषयों में अगले वर्ष होने वाली पदोन्नतियां वरिष्ठता नंबर उपलब्ध न होने के कारण बाधा बनी हुई हैं। क्योंकि प्रमोशन आवेदन के लिए वरिष्ठता क्रमांक अनिवार्य है।

इधर राजकीय टीजीटी कला संघ ने इस मामले में स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि शिक्षक 6 वर्षों से वरिष्ठता सूची और 2 वर्षों से हेडमास्टर पदोन्नति सूची की प्रतीक्षा कर रहे हैं।संघ के इन नेताओं ने बताया कि हाल ही में प्रस्तावित प्रवक्ता पदोन्नति भी विभाग द्वारा डिमोशन के कारण-बताओ नोटिस जारी करने के बाद रोक दी गई है। जबकि पात्र शिक्षक रिक्त पदों पर प्रमोशन की प्रतीक्षा बनाए हुए हैं। प्रवक्ता से प्रिंसिपल पदोन्नति के बाद प्रवक्ता कैडर में पर्याप्त रिक्त पद उपलब्ध होंगे, जिससे टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति का मार्ग भी प्रशस्त होगा। संघ ने विभाग से शीघ्र वरिष्ठता सूची जारी करने तथा लंबित पदोन्नतियों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की मांग की है।

## बल्ह बिहाल में आग से मक्की के 250 गट्ठे राख, दो मासूम पिल्ले भी झुलसे

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** उपमंडल की ग्राम पंचायत बल्ह बिहाल में एक दुखद और चिंताजनक घटना सामने आई है, जहां किसी शरारती तत्व ने मक्की की घासनी में आग लगा दी। इस अग्निकांड में स्थानीय निवासी विजय कुमार के लगभग 250 मक्की के गट्ठे जलकर राख हो गए, जिससे उन्हें हजारों रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ा। ये गट्ठे सर्दियों तथा बरसात के समय पशुओं को चारा उपलब्ध करवाने के लिए संग्रहित किए जाते थे, लेकिन आग ने सब कुछ पल भर में नष्ट कर दिया।

दु:खद पहलू यह है कि इस अग्निकांड में दो बेजुबान कुत्ते के बच्चे भी जलकर मर गए, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। घटना शुक्रवार शाम को हुई। जब तक ग्रामीणों को आग की भनक लगी, तब तक पूरी घासनी जल चुकी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है, जिससे वे पशुओं के लिए नया चारा खरीद सकें। इस मामले में जब नायब तहसीलदार संदीप कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि अभी तक इस घटना की उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। आग कैसे लगी और किसने लगाई, इसका भी कोई सुराग अभी तक सामने नहीं आ पाया है।



बड़सर में अग्निकांड से किसान का नुकसान

## चरस तस्कर को एक साल का कारावास, 20 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** उपविशेष न्यायाधीन हमीरपुर भुवनेश अवस्थी की अदालत ने भोरंज के अभिषेक कुमार को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत अपराध करने के लिए दोषी ठहराया है। अदालत ने उसे एक वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को एक माह के साधारण कारावास की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले के अनुसार दिनांक 11 जुलाई, 2022 को प्रात: लगभग 1.05 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हमीरपुर के सामने बंदू चौक के पास अभियुक्त अभिषेक के पास बिना किसी परमिट या लाइसेंस के 147 ग्राम चरस पाई गई। इस पर, पुलिस थाना सदर में स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, के अंतर्गत एफआईआर संख्या 169/2022 दिनांक 11 जुलाई, 2022 दर्ज की गई। मामले की सुनवाई हिमाचल प्रदेश राज्य की ओर से उपजिला अटॉर्नी संदीप अग्निहोत्री एवं अजय ठाकुर द्वारा की गई और अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने हेतु अभियोजन पक्ष द्वारा 16 गवाहों का परीक्षण किया गया। साक्ष्यों के निष्कर्ष पर तथा अभियोजन एवं बचाव पक्ष को सुनने के बाद, उपजिला अटॉर्नी कोर्ट ने अभियुक्त अभिषेक को स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया और सजा सुनाई।

# अनुराग ठाकुर ने 150वीं जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



पंजोत पंचायत के गगनेड़ी में प्रदेश के पहले रेस्ट हाउस-कम-मैरिज पैलेस का किया उद्घाटन

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को पंजोत पंचायत के गगनेड़ी गांव में प्रदेश के पहले रेस्ट हाउस-कम-मैरिज पैलेस का भव्य उद्घाटन किया। यह बहुउद्देशीय भवन विवाह समारोहों के आयोजन के साथ-साथ मेहमानों के ठहरने की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा। ठाकुर ने पंचायत प्रधान चमन ठाकुर और सभी पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए इसे जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल बताया।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पंचायत ने अपने कार्यकाल में लगभग ₹10 करोड़ का विकास कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 40 आवास बनाना भी पंचायत की सराहनीय उपलब्धियों में शामिल है। ठाकुर ने युवा प्रधान चमन ठाकुर की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने मनरेगा और एमपी लैड निधि का सही उपयोग कर 640 घरों में खुशहाली पहुंचाई। सांसद ने बताया कि पंचायत का मॉडल केंद्र की योजनाओं को धरातल पर लागू करने में उत्कृष्ट है, जिससे स्थानीय 18 सेल्फ हेल्प ग्रुप लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं को राजनीति और सामाजिक कार्य में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। पंचायत प्रधान चमन ठाकुर ने अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समय-समय पर दिए गए बजट से पंचायत में विकास कार्य निरंतर चलते रहे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी और डॉ. अनिल धीमान का भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष, किसान मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह ने क्षेत्र में पंचायत विकास और सामाजिक सुविधाओं के प्रति नई उम्मीद और उत्साह भर दिया।

## ककड़ियार स्कूल के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, सुझानपुर।** शनिवार को सुजानपुर विधायक रणजीत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ककड़ियार के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। विधायक का विद्यालय में पहुँचने पर गरमजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती को नमन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय प्रधानाचार्या और स्टाफ ने विधायक को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसके बाद प्रधानाचार्या ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक रणजीत सिंह ने छात्रों की पढ़ाई और खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने दो नेशनल खिलाड़ियों को 5,000-5,000 देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने बच्चों को वार्षिक पुरस्कार वितरित किए और 11,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। समारोह में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, जोनल अध्यक्ष, अनुसूचित जाति अध्यक्ष, शिक्षक, छात्र और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## परिणाम और प्रदर्शन से अभिभावक महसूस करें बच्चों की सुरक्षा : राणा



सैंट साई स्कूल वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि राजेंद्र राणा को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने शनिवार को सैंट साईं पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट के 27वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि जिस स्कूल के छात्र हर पायदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वहां अभिभावक बच्चों की सुरक्षा व उज्ज्वल भविष्य के प्रति निश्चिंत रह सकते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। राजेंद्र राणा ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और स्कूल के एमडी कर्नल बलवंत सिंह राजपूत, प्रिंसिपल निशा शर्मा, स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना भी अत्यंत आवश्यक है। नशे के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए।

मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधन को सांस्कृतिक कार्यक्रम और छात्रों के प्रदर्शन के लिए 11,000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी। इस अवसर पर स्कूल ने राजेंद्र राणा को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्रों ने गीत, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## घर से लाखों की चोरी गहने व कपड़े गायब

**अनंत ज्ञान, भोटा।** डिडवीं-टिकर गांव में एक गंभीर चोरी का मामला सामने आया है। मकान मालिक विजय कुमार के अनुसार, उनके घर से लगभग ढाई लाख रुपए की संपत्ति चोरी हो गई है। विजय कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को वह अपने घर में ताले लगाकर पंचकूला चले गए थे। उनकी लकड़ी की अलमारी में शादी की तैयारियों के लिए दो सोने की अंगूठियां, एक गले का जड़ित हार, 35 लेडीज सूट और एक मर्दाना सूट रखे थे। इसके अलावा अलमारी में 32 हजार रुपए नकद भी सुरक्षित रखे थे। 10 नवंबर की सुबह 6:30 बजे उनके घर के मुख्य गेट का ताला टूटा होने की सूचना प्रवासी महिला ने दी। दोपहर बाद घर पहुंचने पर विजय कुमार ने पाया कि उनकी अलमारी से उपरोक्त गहने, नकदी और कपड़े चोरी हो चुके हैं। उन्होंने तुरंत पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। भोटा पुलिस कक्षा प्रभारी निर्मला ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी की छानबीन की जाएगी और दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

## बाइक चालक का ड्रामा, पुलिस ने काटा बिना हेलमेट, टेंपरेरी नंबर व शराब पीने पर चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के बस स्टैंड के आउटर गेट के बाहर शनिवार शाम को मोटरसाइकिल चालक और पुलिस के बीच हंगामा देखने को मिला।



चालक के वाहन पर टेंपरेरी नंबर था, उसने हेलमेट नहीं पहना था और पुलिस ने उसके मुंह से शराब की गंध भी महसूस की। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक दोनों पक्षों में बहसबाजी हुई और भीड़ जमा हो गई। अंततः ट्रैफिक इंचार्ज संजय राणा ने नियमों के अनुसार चालान किया। मोटरसाइकिल चालक पर तीन धाराओं में चालान किया गया-ड्रंकन ड्राइविंग, बिना नंबर और बिना हेलमेट। संजय राणा ने बताया कि नियम के तहत कार्रवाई की गई।

## केरल शैक्षणिक भ्रमण से लौटी यशमीन का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण से लौटी कक्षा नौवीं की छात्रा यशमीन ठाकुर का भव्य सम्मान किया गया। यशमीन हिमाचल प्रदेश की 26 सदस्यीय टीम में शामिल होकर केरल के प्रतिष्ठित शैक्षणिक और सांस्कृतिक भ्रमण में भाग लेने वाली चुनिंदा छात्राओं में से एक रही। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम छात्रों में सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सहयोग और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने यशमीन की उपलब्धि को विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। नोडल अधिकारी नविता ने कहा कि इस भ्रमण ने बच्चों का दृष्टिकोण विस्तृत किया और उन्हें देश की सांस्कृतिक विविधता नजदीक से देखने का अवसर मिला। यशमीन ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोची फोर्ट, वंडरला पार्क और भारतीय नौसैनिक संग्रहालय की यात्रा ने उसे नई ऊर्जा, ज्ञान और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया।

## कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल की ग्राम पंचायत डाडू में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा ने की और लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के योगदान व उनके संघर्ष के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, उद्यान विभाग और अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ और इनसे जुड़ी औपचारिकताओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। मौके पर लोगों की समस्याओं का भी निपटारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और एसडीएम ने उन्हें पुरस्कृत किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के जनजातीय गौरव दिवस समारोह और प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

## डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने छात्रों को मेहनत और लग्न से भविष्य चमकाने का दिया संदेश



राजकीय उच्च विद्यालय ब्राहलडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय उच्च विद्यालय ब्राहलडी में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा रहे। उनके आगमन पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य अध्यापिका सीमा शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद छात्रों ने द्वार से स्वागत कर उन्हें मंच तक पहुंचाया, जहाँ उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रभावशाली नाटिका मंचित की। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश के छात्र देश के किसी भी हिस्से के बच्चों से पीछे न रहें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 100 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड में रूपांतरित किया गया है और पहली कक्षा से अंग्रेज़ी माध्यम शुरू करने का निर्णय शिक्षा प्रणाली को नई दिशा दे रहा है। इन सुधारों के कारण राज्य शिक्षा गुणवत्ता में तीन वर्षों में 21 में से 5वें स्थान पर पहुँच गया है।

उन्होंने पुरस्कार विजेता छात्रों को बधाई दी और अन्य छात्रों को प्रेरित किया कि वे निराश न हों और और मेहनत करें। डॉ. वर्मा ने कहा, 'लंबी रात में वही सितारा ज्यादा देर तक चमकता है जो लगातार जलता रहता है। आप बच्चे हमारे भविष्य के सितारे हैं, आपकी चमक से ही भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा।' कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान अरविंद ठाकुर, वार्ड पंच मुकेश कुमार, रिटायर्ड शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## टीजीटी मेडिकल और नॉन मेडिकल की परीक्षा का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने टीजीटी मेडिकल पोस्ट कोड-25002 और टीजीटी नॉन मेडिकल पोस्ट कोड-25003 के पदों को भरने के लिए आयोजित की जाने वाली कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि टीजीटी मेडिकल की परीक्षा 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। जबकि, टीजीटी नॉन मेडिकल की परीक्षा 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक ली जाएगी। उन्होंने बताया कि रोल नंबर और एडमिट कार्ड की डाउनलोडिंग के लिए परीक्षा से एक सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट पर लिंक का प्रावधान किया जाएगा, जिससे सभी उम्मीदवार अपना रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। उम्मीदवारों को रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। डॉ. विक्रम महाजन ने कहा कि सभी उम्मीदवार अपने रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट, एसएमएस और अपनी ईमेल आईडी का स्टेटस चैक करते रहें। अधिक जानकारी के लिए आयोग के कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-222204 पर संपर्क किया जा सकता है।

## गड्ढों को मिट्टी से भरकर चलाया जा रहा काम

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** लोक निर्माण विभाग बड़सर की सड़कों की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। बिझड़ी से मैहरे सड़क मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं, जिन्हें विभाग पैच वर्क के बजाय मिट्टी और पत्थर से भरकर ही काम चला रहा है। यह उपाय न केवल अस्थायी समाधान है, बल्कि आम जनता और वाहनों के लिए गंभीर समस्या भी पैदा कर रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मिट्टी से भरे गड्ढों के कारण विशेषकर बाहन चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बड़े वाहनों के गुजरने पर मिट्टी उड़कर आसपास के लोगों और बच्चों की ड्रेस को गंदा कर देती है। स्कूल जाने वाले बच्चों की सफेद ड्रेस जैसे कई दिन से न धुली हो, वैसी हो जाती है। स्थानीय जनता का आरोप है कि सड़कों की इस हालत के बावजूद विभाग और सरकार कार्रवाई में निष्क्रिय हैं। उन्होंने बताया कि कई सड़कें लगभग 6 इंच से लेकर एक फीट तक गहरी हो गई हैं, जिससे दो वाहनों का पास होना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में लोक निर्माण सब डिवीजन बड़सर के एक्शन अधिकारी ढुनी चंद ने कहा कि विभाग छानबीन करेगा और विभाग में संसाधन उपलब्ध होते ही गड्ढों को सही ढंग से पैच वर्क करके ठीक किया जाएगा। फिलहाल, स्थानीय लोग विभाग की इस लापरवाही से बेहद नाराज हैं और स्थायी सुधार की मांग कर रहे हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने आपदा राहत कोष में दिया एक करोड़ का योगदान



मुख्यमंत्री सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए एक करोड़ रुपए का चेक भेंट करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख सभयेक सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ने शनिवार को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में एक करोड़ रुपए का अंशदान दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को यह चेक बैंक के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख चंडीगढ़ अंचल सभयेक सिंह ने भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस योगदान के लिए बैंक का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे परोपकारी प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और अन्य संस्थानों को भी प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उप-महाप्रबंधक बाल किशन, सहायक महाप्रबंधक राजेश कुमार गावा तथा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जोनल, सिविल और मेडिकल कॉलेजों में 24 घंटे टेस्ट लैब्स होंगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जोनल, सिविल अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में आधुनिक मेडिकल टेस्ट लैब स्थापित की जा रही हैं। इन लैबों को प्रदेश सरकार के कर्मचारी संचालित करेंगे और इनमें मरीजों के टेस्ट चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया है और आगामी दो महीनों में नई लैबों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# 'हिमाचल में सेब सीजन खत्म'

## प्रदेश में तीन करोड़ कार्टन के करीब पहुंचा कारोबार, उत्पादन बढ़ा, आपूर्ति में आई मजबूती

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब सीजन अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है। प्राकृतिक चुनौतियों, भारी बारिश और भूस्खलन के बावजूद बागवानों ने इस बार रिकॉर्ड उत्पादन किया और बाजार तक सेब की पहुंच पिछले दो वर्षों की तुलना में काफी बेहतर रही। आधिकारिक तौर पर 31 अक्तूबर को सीजन समाप्त मान लिया जाता है, लेकिन ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों से 10 से 15 नवंबर तक भी सीमित मात्रा में सेब बाजार में आता रहा। विभागीय स्रोतों के अनुसार, इन देरी से आने वाले माल को जोड़कर कुल आपूर्ति तीन करोड़ कार्टन के करीब पहुंच गई है।

### मौसम की चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन सरकारी और निजी खरीद ने बढ़ाया भरोसा



जानकारी के अनुसार इस वर्ष राज्य की मंडियों में 2,74,04,933 कार्टन सेब पहुंचे, जबकि ऊपरी इलाकों से बाद की तिथियों में आई आपूर्ति को मिलाकर कुल आंकड़ा लगभग तीन करोड़ कार्टन तक पहुंच गया है। इनमें से 1,27,40,354 कार्टन प्रदेश की मंडियों में बिके और 1,46,64,579 कार्टन बाहरी राज्यों को भेजे गए। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बाजार तक लगभग 66 लाख कार्टन अधिक पहुंचे हैं।

जुलाई और अगस्त की भारी बारिश ने सेब की गुणवत्ता और परिवहन दोनों को प्रभावित किया। कई स्थानों पर भूस्खलन से सड़कें बाधित रहीं, जिससे पैकिंग और माल ढुलाई में देरी हुई। इसके बावजूद बागवानों ने हालात से जूझकर आपूर्ति बनाए रखी और उत्पादन को सुरक्षित बाजारों तक पहुंचाया।

सरकार की मंडी मध्यस्थता योजना में इस बार 245 कलेक्शन सेंटरों के माध्यम से 98,268 मीट्रिक टन सेब की खरीद हुई, जो पिछले दो वर्षों की तुलना में बहुत अधिक है। 2024 में 36,851 मीट्रिक टन और 2023 में 52,373 मीट्रिक टन ही खरीदा गया था। निजी क्षेत्र की कंपनियों, जैसे अदाणी एग्रो फ्रेश लिमिटेड और देवभूमि, ने भी इस बार खरीद में विशेष रुचि दिखाई।

### सालाना कारोबार के आंकड़े

**पिछले** वर्षों की तुलना में इस बार का सीजन अपेक्षाकृत सफल रहा। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, 2019-20 में 3.57 करोड़ कार्टन, 2020-21 में 2.40 करोड़ कार्टन, 2021-22 में 3.05 करोड़ कार्टन, 2022-23 में 3.36 करोड़ कार्टन और 2023-24 में 1.78 करोड़ कार्टन का कारोबार हुआ। इस वर्ष तीन करोड़ कार्टन के आसपास पहुंचा आंकड़ा बागवानों के लिए राहत का संकेत माना जा रहा है।

### सेब के कारोबार में दिखी मजबूती

**तीन** करोड़ कार्टन के करीब पहुंचा यह आंकड़ा बताता है कि मौसम के उतार-चढ़ाव के बावजूद इस बार हिमाचल का सेब कारोबार मजबूत रहा। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि यदि बारिश और भूस्खलन का प्रभाव कम होता, तो उत्पादन और भी अधिक हो सकता था। आने वाले सीजन में बेहतर सड़क संपर्क और बाजार सुविधा को प्राथमिकता देने की जरूरत महसूस की जा रही है।

## झड़ग में शिक्षा मंत्री ने पंचायत भवन व सामुदायिक भवन किए लोकार्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिक्षा मंत्री को सम्मानित करते स्थानीय प्रतिनिधि।

जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत झड़ग में शनिवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने 35 लाख रुपए से निर्मित पंचायत भवन तथा 18 लाख रुपए से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जनता को सहज सुविधाएं उपलब्ध करवाने और स्थानीय ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। झड़ग में इन दोनों भवनों का निर्माण इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है, जिन्हें आज जनता को समर्पित किया गया।

रोहित ठाकुर ने कहा कि पंचायत भवन के तैयार होने से पंचायतीराज संस्थाओं के कामकाज में दक्षता आएगी। वहीं, सामुदायिक भवन ग्रामीणों के सामाजिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थल उपलब्ध करवाएगा। उन्होंने झड़ग में 1 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्य का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में दस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत किए गए थे, जिनमें झड़ग का केंद्र भी शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समय पर पूरा कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं घर-द्वार पर उपलब्ध करवाई जाएं।

शिक्षा मंत्री ने झड़ग में आगामी 4, 5 और 6 दिसंबर को होने वाले शांत महायज्ञ को लेकर अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने बताया कि देवता नागेश्वर के सम्मान में यह महायज्ञ 54 वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना है। देवता कमेटी के अनुसार बुशहर क्षेत्र के लगभग 20 देवी-देवताओं को इसमें आमंत्रित किया गया है। मंत्री ने पुलिस, चिकित्सा, विद्युत आदि सभी विभागों को निर्देश दिए कि पार्किंग, पानी, बिजली और सुरक्षा व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## क्यारकोटी में वार्षिक समारोह में मंत्री अनिरुद्ध सिंह बोले-

# सड़क और पुल निर्माण से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मंत्री अनिरुद्ध सिंह बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला क्यारकोटी के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने स्कूल भवन के नए निर्माण, मुंगर नाला-मुंगर सड़क के लोकार्पण, धगोगी-जयाली सड़क के शिलान्यास, चैड़ी पंचायत में पंचायत सामुदायिक केंद्र नेरी के शिलान्यास तथा मोहनपुर नाला-क्यारकोटी सड़क के उद्घाटन सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है और आज बस पासिंग पूर्ण होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि बस गांव के भीतर तक पहुंच सके, इसके लिए आवश्यक अनुमान शीघ्र तैयार किया जाए। उन्होंने बताया कि चैड़ी पंचायत में अढ़ाई वर्ष में सड़क एवं अन्य योजनाओं पर लगभग 1 करोड़ 56 लाख 65 हजार रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन के लिए स्वीकृत 5 करोड़ रुपए के कार्य जनवरी तक शुरू कर दिए जाएंगे, जबकि मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत 2 करोड़ रुपए भी जल्द विभाग को मिलेंगे। उन्होंने क्षेत्र में नए पुलों के निर्माण, अवरुद्ध होने वाले मुंगर नाले की समस्या के समाधान और अन्य सड़कों को पक्का व मजबूत बनाने की घोषणा भी की।

मंत्री ने मंदिर क्षेत्र में भंडारे के दौरान जल सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 50 हजार लीटर पानी की टंकी बनाने की घोषणा की और अधिशाषी अभियंता को इसका अनुमान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला पंजोग के भवनों की मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार कर 31 मार्च से पहले स्वीकृति के लिए भेजने को कहा। स्थानीय छात्रों को 25 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की गई।

## रामपुर-रोहडू रोड पर कार खाई में गिरी, एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में रामपुर-रोहडू मार्ग पर खनाश धार स्थित लवर प्वाइंट के पास 14 नवंबर की देर रात एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से 23 वर्षीय कर्मा दोरजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 19 वर्षीय तेनजिन नेगी घायल हो गए। दोनों युवक लवी मेले में शामिल होकर देर रात भद्राश में ठहरे थे। रात को घूमने के लिए निकले समय कर्मा दोरजे वाहन चला रहे थे और जैसे ही कार लवर प्वाइंट के नजदीक पहुंची, चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन लगभग 60 से 70 मीटर नीचे जा गिरा और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग और प्रशासन मौके पर पहुंचे तथा राहत कार्य शुरू किए।

घायल तेनजिन नेगी के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि हादसे से पहले वे अपने रिश्तेदार कर्मा दोरजे और जीजा रिंगजिन दोरजे के साथ मेले से वापस लौटे थे, जहां रिंगजिन सो गए और दोनों युवक घूमने निकल गए। डीएसपी नरेश शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## डीएवी रामपुर में विज्ञान व कला का रंगारंग संगम



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर, बुशहर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रामपुर में 15 नंम्बर को विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, सामाजिक समझ और कलात्मक कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

मुख्यातिथि क्लस्टर प्रभारी डॉ. मुक्ता चौहान ने छात्रों द्वारा बनाए गए क्राई हिमाचल, जेट इंजन, वाटर मैनेजमेंट, इंडस वैली सिविलाइजेशन, स्टोन आर्ट, पॉट पेंटिंग आदि मॉडल और कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधियां जारी रखने की प्रेरणा दी। अभिभावक और गणमान्य व्यक्तियों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

## महिला कांग्रेस फील्ड में लाए तेजी संगठन को बनाए और सशक्त : सुरभि



राजीव भवन में महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करतीं प्रदेश मामलों की प्रभारी सुरभि वर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश मामलों की प्रभारी सुरभि वर्मा ने राजीव भवन में आयोजित महिला कांग्रेस की बैठक में संगठन को फील्ड स्तर पर और सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए महिला कांग्रेस को मजबूती के साथ मैदान में उतरना होगा।

सुरभि ने महिला सदस्यता अभियान को जल्द पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शीघ्र ही जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिससे केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से महिलाओं को प्रभावी रूप से अवगत करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है और संगठन इसी दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने कहा कि प्रदेश में महिला कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ खड़ी है और केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व से मिले हर कार्यक्रम को सफलता के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। जैनब चंदेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में समय देना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इसके बावजूद महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर संगठन के साथ खड़ी हैं।

## शिमला में 14.23 ग्राम चिट्टे समेत युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला पुलिस की टीम ने लोअर पंथाघाटी में रूटीन गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखकर एक 25 वर्षीय व्यक्ति प्रत्युष कंवर को दबोचा। युवक के कब्जे से 14.23 ग्राम हेरोइन/चिट्टा और 500 के 31 नोट, 200 के 7 नोट तथा 100 के 10 नोट, कुल 17,900 रुपए बरामद हुए। पुलिस थाना छोटा शिमला में मौके पर ही गिरफ्तारी कर ली गई और युवक के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने कहा है कि आरोपी कहां से नशा लाता था और किन लोगों को सप्लाई करता था, इसकी गहन छानबीन की जा रही है। अधिकारियों ने नशा तस्करी के खिलाफ जारी अभियान की बात दोहराई और चेतावनी दी कि ऐसे गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, साथ ही सामाजिक सहभागिता और सूचना-प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया गया ताकि नशे की जड़ों को स्थायी रूप से कम किया जा सके।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से एक लाख रुपए ठगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में विदेश भेजने का झांसा देकर एक युवक से एक लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। चौपाल के रहने वाले और वर्तमान में घनाहट्टी में रह रहे ऋतिक कुमार ने आरोप लगाया कि अभिषेक चौधरी, प्रिपाल सिंह और उनके साथियों ने वीजा दिलवाने और सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करवाने का भरोसा देकर उससे किस्तों में राशि ली।

### बालूगंज थाने में एफआईआर दर्ज

भुगतान के बाद आरोपियों ने समय पर कोई प्रक्रिया नहीं निभाई और कई दिनों तक टालमटोल करते रहे। बाद में उन्होंने फोन उठाना भी बंद कर दिया, जिससे पीड़ित को ठगा हुआ महसूस हुआ और उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

बालूगंज पुलिस ने शिकायत मिलने पर बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अब पीड़ित के बयान व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में निष्पक्ष और तेज जांच होगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया है कि किसी भी एजेंट या व्यक्ति को बिना जांच-पड़ताल के पैसे न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## सांसद सुरेश कश्यप 17 से संसदीय क्षेत्र के दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप 17 से 20 नवंबर तक संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह रोहडू, कोटखाई, छैला, ठियोग, खटनोल, संजोली, चंबाघाट, कुमारहट्टी और सराहां सहित कई स्थानों पर सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित पद यात्राओं में शामिल होंगे। सुरेश कश्यप ने कहा कि बिहार चुनाव में एनडीए ने 202 सीटें हासिल कर प्रचंड जीत दर्ज की है, जबकि महागठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर आधारित अभूतपूर्व विकास किया है।

## बिहार में भाजपा की जीत से कांग्रेस घबराई : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती को हर वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस अवसर पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनजातीय इतिहास को संरक्षित करने के लिए 11 संग्रहालय स्थापित कर रही है, जिनसे युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदायों के योगदान की महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह घबराई हुई है। कपूर का कहना है कि इस रुझान का सीधा संकेत है कि हिमाचल प्रदेश में भी राजनीतिक माहौल कांग्रेस के खिलाफ जा रहा है और वर्ष 2027 में कांग्रेस की स्थिति और कमजोर हो सकती है।

## एसएफआई ने विवि लाइब्रेरी सुधार के लिए ज्ञापन सौंपा



एसएफआई के प्रतिनिधि एचपीयू के मुख्य पुस्तकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रदेश इकाई ने शनिवार को विश्वविद्यालय के मुख्य पुस्तकाध्यक्ष से मुलाकात कर लाइब्रेरी की कमियों और अध्ययन-सुविधाओं के उन्नयन को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। एसएफआई ने कहा कि लाइब्रेरी किसी भी विश्वविद्यालय का बौद्धिक केंद्र होती है और सर्द मौसम में छात्रों को आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में संगठन ने लाइब्रेरी में सेंट्रल हीटिंग सिस्टम लगाने की मांग उठाई, ताकि ठंड के कारण प्रभावित हो रही छात्रों की अध्ययन प्रक्रिया सुचारु हो सके। संगठन ने जनरल सेक्शन को 24 घंटे खोलने और 24म7 सेक्शन में छात्राओं को पूरे समय बैठने की अनुमति देने की मांग भी प्रमुखता से रखी। एसएफआई ने कहा कि अध्ययन सुविधाओं में लैंगिक भेदभाव अनुचित है और प्रशासन सुरक्षा के नाम पर पाबंदियों के बजाय निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन छात्रों की इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो संवाद, जागरूकता अभियान और आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण आंदोलन भी शुरू किया जाएगा।

**उपलब्धि**

## कठिन भूगोल के बावजूद सबसे अधिक श्रमिकों ने कराई पहचान पुष्टि

# मनरेगा में हिमाचल फिर देश में सबसे आगे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



हिमाचल प्रदेश ने मनरेगा में एक बार फिर अपनी दक्षता और पारदर्शी कार्यशैली का लोहा मनवाया है। पूरे देश में श्रमिकों की पहचान पुष्टि की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन हिमाचल ने कठिन पर्वतीय परिस्थितियों और बिखरी आबादी के बावजूद आश्चर्यजनक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रदेश में कुल मनरेगा श्रमिकों में से 55 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों ने अपनी पहचान पुष्टि करा ली है, जबकि देश का औसत इससे काफी नीचे है। यह उपलब्धि बताती है कि हिमाचल ने डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक-भागीदारी को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक उतारा है।

जानकारी के अनुसार इस प्रक्रिया में हिमाचल के जिला स्तर पर भी उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज हुई है। मंडी, चंबा, कांगड़ा और शिमला जैसे जिलों में सर्वाधिक श्रमिकों ने पहचान पुष्टि पूरी की है। वहीं ऊना, सोलन, हमीरपुर और कुल्लू जिलों ने भी इस अभियान में मजबूत योगदान देकर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष श्रेणी में स्थान दिलाया है।

### राष्ट्रीय स्तर से बेहतर प्रदर्शन कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ा

पहाड़ी इलाकों में तकनीकी संसाधनों की सीमाएं होने के बावजूद यह उपलब्धि ग्रामीण समाज की जागरूकता और प्रशासन के प्रयासों का सम्मिलित परिणाम है। मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल दो सौ 66 प्रकार के विकास कार्य किए जा सकते हैं, जिनमें तालाब निर्माण, नहर सुधार, बंजर भूमि को खेती योग्य बनाना, सड़क निर्माण, पौधारोपण और जल संरक्षण जैसे कार्य शामिल हैं। इन कार्यों ने न केवल गांवों की सूरत बदली है बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आजीविका का भरोसेमंद साधन भी तैयार किया है।

हिमाचल में इस योजना का सही क्रियान्वयन दिखाता है कि ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के मामले में प्रदेश की नीति और नीयत दोनों मजबूत हैं।

### योजना से ग्रामीणों की उम्मीदें और बढ़ी

**पहचान** पुष्टि पूर्ण होने से मनरेगा मजदूरों के काम और भुगतान की प्रक्रिया और अधिक सरल होगी तथा अनियमितताओं पर लगाम लगेगी। ग्रामीण इलाकों में रोजगार की निरंतर उपलब्धता से लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और गांवों में विकास के नए अवसर खुलेंगे।

## ईको टास्क फोर्स ने सोलन में चलाया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ईको टास्क फोर्स ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोलन में तीन दिवसीय मेगा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अभियान में 133 ईटीएफ के सदस्यों और मोहन मीकन लिमिटेड के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने कसौली और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाई।

तीन दिन के इस अभियान के दौरान फलदार, मिट्टी बांधने वाले, काष्ठीय और सजावटी पौधों की विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा देना, मिट्टी की स्थिरता को मजबूत करना और क्षेत्र में पर्यावरणीय संतुलन को सुधारने के लिए सकारात्मक प्रयास करना है। 133 ईको टास्क फोर्स के अधिकारियों और जवानों ने मोहन मीकन लिमिटेड के कर्मचारियों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

# अधिकारियों की मनमर्जी के आगे बेबस हैं सीएम सुक्खू : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सरकार और प्रशासन के बीच बढ़ती खींचतान तथा माननीय न्यायालय की लगातार तीखी टिप्पणियों ने प्रदेश में शासन की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का कहना है कि सरकार अपनी ही बनाई व्यवस्थाओं के जाल में उलझ चुकी है और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पूरी तरह ढहती नजर आ रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी और अफसरशाही की मनमर्जी अब जनता के सामने खुले रूप में दिखाई दे रही है, जिससे साफ है कि मुख्यमंत्री स्वयं अपने ही अधिकारियों के आगे असहाय हो चुके हैं। शिमला से जारी बयान में जयराम ने कहा कि लगातार न्यायालय द्वारा सरकार की कार्यशैली पर की जा रही टिप्पणियां इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि प्रशासन किस दिशा में जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने पहले ही सरकार को दूरदर्शी सोच के बिना चलने वाला बताया था, लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारियों के रवैए में कोई बदलाव नहीं आया। हाल ही में न्यायालय द्वारा यह टिप्पणी कि 'सरकार के कृत्यों से यह स्पष्ट नहीं हो रहा कि वह प्रदेश चला रही है या किसी पंचायत को', अपने आप में सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जहां स्थायी नौकरियां देने में असफल रही है, वहीं आउटसोर्स भर्तियों में गंभीर लापरवाही और अनियमितताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली मित्र, पशु मित्र और रोगी मित्र जैसे पदों पर आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन मनमर्जी से किया जा रहा है ताकि चहेतों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि कभी सफाई सामग्री बेचने वाली कंपनियों को नर्सों की भर्तियों का जिम्मा देना और कभी इससे भी बड़े कारनामे करना यह साबित करता है कि सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह मनमानी की छूट दे दी है।

### मंत्री, विधायक और सरकार सब बेबस क्यों?

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान स्थिति इसलिए बनी है क्योंकि अधिकारियों को शुरू से ही खुली छूट दी गई थी। अब कुछ चुनिंदा अधिकारी सरकार पर हावी होकर अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि न सत्ता पक्ष और न ही विपक्ष के विधायकों की सुनवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्थायी मुख्य सचिव या स्थायी डीजीपी तक नियुक्त नहीं कर पा रहे, जिससे शासन व्यवस्था ठप है। यह परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यवस्था पतन की सरकार है।

# बड़े वाहनों से दूर मैक्लोडगंज की कनेक्टिविटी

## बरसात से हुए नुकसान से धर्मशाला बाईपास बंद, खड़ा डंडा मार्ग का कार्य जोरों पर



बरसात में डंगा ढहने से बंद पड़ा धर्मशाला बाईपास मार्ग।

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मैक्लोडगंज।** एक ओर प्रदेश सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने की बात कह रही है। वहीं, दूसरी ओर जिला कांगड़ा के प्रमुख पर्यटन स्थल मैक्लोडगंज की कनेक्टिविटी इन दिनों न के बराबर है। हालांकि, छोटे वाहन मैक्लोडगंज पहुंच पा रहे हैं, लेकिन बड़े वाहनों के पहुंचने में अभी समय लगना लाजिमी है।

बरसात में धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जाने वाले प्रमुख मार्गों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसमें धर्मशाला बाईपास डंगा ढहने के कारण बंद पड़ा है। ऐसी ही हालत खड़ा डंडा मार्ग की भी है। यही नहीं कोतवाली बाजार से मैक्लोडगंज को जाने वाला मार्ग भी डीसी आवास को जाने वाले संपर्क मार्ग के पास खस्ताहाल है, वहां भी बरसात डंगे को बहा ले गई है। ऐसे में पर्यटक मैक्लोडगंज नहीं पहुंच पा रहे। तपोवन विधानसभा भवन में इसी माह से शीतकालीन सत्र का आगाज होने जा रहा है। वहीं, अगले माह एचपीसीए स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मैच का आयोजन भी होना है। मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमी भी मैक्लोडगंज का रुख करते हैं। ऐसे में मार्ग बदहाल होंगे तो कौन मैक्लोडगंज की ओर रुख करेगा। धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंट मार्ग भी जगह-जगह से बदहाल है, उसकी दशा सुधारना भी बेहद जरूरी है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### टूटे खड़ा डंडा मार्ग ने लंबा किया सफर : हैप्पी



**मैक्लोडगंज** के टैक्सी चालक हैप्पी ने बताया कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने का सबसे सुविधाजनक और छोटा रास्ता खड़ा डंडा रोड है, लेकिन सड़कत के टूटने से लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से बार-बार सड़क मरम्मत शुरू करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है।

### सड़कें बदहाल, पर्यटन पर पड़ रहा बुरा असर : सुरेंद्र शर्मा



होटल कारोबारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सड़कों की खस्ता हालत के कारण पर्यटकों की आवाजाही पर सीधा असर पड़ा है। मैक्लोडगंज में होटलों की ऑक्यूपेंसी बेहद कम हो गई है, जिससे कारोबारी परेशान हैं। धर्मगुरु दलाईलामा के निवास स्थान के रूप में प्रसिद्ध मैक्लोडगंज की सड़कों की ऐसी स्थिति होना बेहद चिंताजनक है।


बरसात में खड़ा डंडा मार्ग पर धराशायी हुए मार्ग का चल रहा निर्माण कार्य।

(सभी फोटो शुभांजलि)


धर्मशाला मैक्लोडगंज रोड पर कालापुल के साथ लगता मार्ग।

### आश्वासन के बावजूद स्थिति जस की तस : राहुल धीमान



**होटल** कारोबारी राहुल धीमान ने बताया कि होटल एसोसिएशन ने हाल ही में पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था और सड़क सुधार की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज तक तीन प्रमुख मार्ग हैं, जिनमें से दो अभी भी बंद हैं। सबसे महत्वपूर्ण खड़ा डंडा रोड अब भी दयनीय स्थिति में है। 15-16 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सड़क की हालत जस की तस है। विभाग ने आश्वासन दिया था कि जल्द एक तरफ से यातायात शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने चेताया कि आने वाले दिनों में जब विधानसभा सत्र और अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे, तो जाम और यातायात अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है।

### 4-5 दिन में पूरा होगा काम : चीफ इंजीनियर



पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर विकास सूद का कहना है कि खड़ा डंडा मार्ग ही उनके अधीन आता है, जिसकी मरम्मत का कार्ययुद्ध स्तर पर जारी है। इसे 4 से 5 दिन में पूरा करके खड़ा डंडा मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तथ्य आधारित रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर धर्मशाला में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि एसपी अशोक रत्न ने मीडिया की निष्पक्षता और तथ्य-आधारित रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर दिया। मुख्य वक्ता प्रो. प्रदीप नायर ने भ्रामक सूचनाओं को वैश्विक चुनौती बताते हुए फैक्ट-चेकिंग को पत्रकारिता की मूल प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता बताई। जिला लोक संपर्क अधिकारी विनय शर्मा ने स्वागत किया और विषय पर अपने विचार साझा किए।

### सिद्धबाड़ी और योल में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर, सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में आने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दृष्टिगत बिजली की लाइनों एवं विद्युत उपकरणों के जरुरी रखरखाव के लिए 17 नवंबर को सुबह 9:30 से सायं कार्य समाप्ति तक सिद्धबाड़ी, योल, योल बाजार, नरवाना, सिद्धपुर, होडल, घुरलु, फतेहपुर, सुक्कड़, बागणी, होटल क्लब मोहिंद्रा, दाडनू आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### जयसिंहपुर में आधार अपडेट और बस पास बनाए

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर में शनिवार को आधार अपडेटेशन टीम ने विद्यार्थियों के आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि व अन्य विवरणों का संशोधन किया। डाकघर जयसिंहपुर से आए अशोक भान व कृष्णनन यादव ने महाविद्यालय परिसर में ही यह कार्य संपन्न किया। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने विद्यार्थियों को पहचान संबंधी दस्तावेज अद्यतन रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी दौरान एचआरटीसी विभाग की टीम-पंकज सूद, अरुण कुमार और अविनाश कपूर ने छात्रों के ऑनलाइन बस पास बनाए। यह दो दिवसीय सुविधा 14 नवंबर से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आयोजित की गई।

### लंबित बिजली बिल जल्द करवाएं जमा

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** विद्युत् उप-मण्डल ढलियारा के अन्तर्गत आने वाले उन सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपना अक्तूबर-2025 महीने का बिजली का बिल या उस से भी अधिक लम्बित समय से अभी तक जमा नहीं करवाया है वे सभी अपना बिजली का बिल जल्द से जल्द विद्युत् उपमण्डल ढलियारा या बिजली बोर्ड की ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें अन्यथा बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर उनके बिजली के कनेक्शन काट दिए जायेंगे। और इस बारे में अलग से नोटिस नहीं दिया जायेगा। इसे अन्तिम सूचना या नोटिस माना जाये। ये सूचना ई. मनीष कुमार संधू, सहायक अभियंता विद्युत् उप-मण्डल ढलियारा ने दी है।

### शाहपुर कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस मनाया

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. आशा शर्मा और एनएसएस प्रभारी डॉ. केशव कौशल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सतीश ठाकुर ने जनजातीय समुदायों के सांस्कृतिक योगदान और संघर्षों पर प्रकाश डाला। बीज वक्ता प्रो. हरीश कुमार ने बिरसा मुंडा के जीवन, उनके आदर्शों और दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया।

### भाषण स्पर्धा में नालंदा सदन की गरिमा प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय बीएड कॉलेज में प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा की अध्यक्षता में साइबर सिक्योरिटी क्लब द्वारा 'साइबर विश्व : सुरक्षा, खतरे एवं परिणाम' विषय पर अंतर्सदनीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में डिजिटल सुरक्षा जागरूकता व अभिव्यक्ति कौशल विकसित करना था। प्रतिभागियों ने साइबर अपराध, डेटा प्राइवेसी, फिशिंग और सोशल मीडिया सुरक्षा पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नालंदा सदन की गरिमा प्रथम, विक्रमशिला सदन की वर्षा गोसाई द्वितीय और तक्षशिला सदन की संजना तृतीय रहीं। प्राचार्या ने विजेताओं की सराहना करते हुए युवाओं के लिए साइबर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

### मोदी और नीतीश की नीतियों की विजय

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान,** कोटला। कोटला में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप शर्मा और भाजपा ओबीसी उपाध्यक्ष योगराज मेहरा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों व विकास मॉडल की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार-मोदी की जोड़ी ने बिहार को पिछड़ेपन से निकालकर प्रगति की राह पर रखा है। नेताओं ने कहा कि बिहार की तरह हिमाचल की जनता भी मौजूदा कांग्रेस सरकार से निराश होकर परिवर्तन की प्रतीक्षा कर रही है।

### निक्षय पोषण किट पहुंचाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलास्तरीय बैठक धर्मशाला के सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. निकेत, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर प्रतिनिधि और जिला टीबी कार्यक्रम स्टाफ ने भाग लिया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने टीबी उन्मूलन गतिविधियों, टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत योजनाओं और भारत सरकार की समीक्षा रिपोर्ट के दिशा निर्देशों पर चर्चा की। उन्होंने टीबी मरीजों को साइको-सोशल सपोर्ट देने और निक्षय पोषण किट सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए।

### भवारना भाजपा मंडल ने की संगठन मजबूती पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल भवारना की बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय भीखाशाह में मंडल अध्यक्ष हंसराज चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धर्मशाला में प्रस्तावित सरकार के प्रति रोष रैली, संगठन व बूथ मजबूती तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा हुई। मंडल अध्यक्ष ने आगामी सयुक्त मोर्चा सम्मेलन की जानकारी दी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बिहार चुनाव में मिली जीत पर भाजपा नेतृत्व को बधाई दी।

### नशा निवारण के लिए प्रहरी क्लब प्रभारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

## युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूल स्तर पर जागरूकता सबसे प्रभावी कदम : डीसी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

शिक्षा खंड नूरपुर, जवाली, फतेहपुर, इंदौरा एवं राजा का तालाब के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रहरी क्लब के प्रभारियों के लिए नगर परिषद हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षा ब्लॉक नूरपुर की ओर से आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा रहे। इस अवसर पर एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा, एएसपी धर्मचंद वर्मा, एसडीएम अरुण शर्मा, उपनिदेशक शिक्षा विभाग कमलेश कुमारी, बीडीओ अशोक, बीएमओ डॉ. दिलवर तथा बीटीसी स्कूल के प्रधानाचार्य केसी दियोल उपस्थित रहे।

डीसी ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशा कुरीति को समाप्त करने के लिए डिमांड एवं सप्लाई दोनों स्तरों पर प्रभावी प्रहार आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 11 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा नशे के जाल में सबसे अधिक फंसते हैं, अत: विद्यालयों में प्रहरी क्लबों का गठन छात्रों को इस सामाजिक बुराई से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर एसपी कुलभूषण वर्मा ने भी नशा कारोबारियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई, संपत्तियों की सीलिंग तथा अवैध कब्जों को हटाने संबंधी प्रयासों की जानकारी दी। एसपी ने अध्यापकों को बताया कि वे छात्रों को नशे से दूर रखने के लिए उनका मार्गदर्शन करें।

## इंडिया-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच से पहले इंद्रुनाग दरबार जाएगी एचपीसीए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**इंटरनेशनल** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले इंडिया साउथ अफ्रीका टी-20 मुकाबले से पहले एचपीसीए टीम इंद्रुनाग भगवान के दरबार जाएगी। 23 नवंबर को एचपीसीए की ओर से इंद्रुनाग देवता के मंदिर में पूजा, हवन किया जाएगा, साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

**23 नवंबर को मंदिर में पूजा अर्चना, हवन के साथ होगा भंडारा**

धर्मशाला स्टेडियम में किसी भी बड़े आयोजन से पहले एचपीसीए पदाधिकारी इंद्रुनाग देवता के दरबार में जाकर पूजा अर्चना करते हैं। यह रिवायत धर्मशाला स्टेडियम में मैचों की शुरुआत से निभाई जा रही है। गौरतलब है कि इंद्रुनाग देवता को क्षेत्र का पीठासीन व बारिश का देवता माना जाता है। धर्मशाला में होने वाले मैचों के दौरान बारिश का विघ्न न पड़े, इस लिए एचपीसीए पदाधिकारी मैच से पहले इंद्रुनाग के मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना कर मैच की सफलता की कामना करते हैं।

कई बार इस दौरान खेल पात्र भी डाला जाता है। इसी रिवायत को आगे बढ़ाते हुए एचपीसीए द्वारा 23 नवंबर को इंद्रुनाग मंदिर में पूजा व हवन करेगी तथा इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## विधायक मलेंद्र राजन ने किया सार्वजनिक पुस्तकालय का शुभारंभ


सामुदायिक भवन में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने शनिवार को इंदौरा पंचायत के सामुदायिक भवन में स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के सुगम अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नव स्थापित सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुस्तकालय में पुस्तकों सहित आवश्यक संसाधनों की पूर्ति निरंतर की जाएगी।

**इंदौरा में बनेगी 12.70 करोड़ की सीवरेज प्रणाली :** मलेंद्र राजन ने बताया कि इंदौरा में बरसात और घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी लंबे समय से एक गंभीर समस्या रही है। इस मुद्दे को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 12.70 करोड़ रुपए लागत से सीवरेज सिस्टम बनाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। आगामी वित्त वर्ष में इस परियोजना पर धरातल पर कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को स्थायी समाधान मिलेगा। विधायक ने बताया कि 13 करोड़ रुपए की लागत से मौकी विद्युत उपकेंद्र का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिसकी टेंडरिंग प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने क्षेत्र में प्रगति पर चल रहे अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी दी और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य परवीन कुमार, पूर्व उप प्रधान मनोहर पिंकी, प्रिंसिपल मोहन शर्मा, डॉली कटोच, नवदीप कटोच, हरदीप जसरोटिया, दविंद्र धीमान, उमाकांत सूदन, सूरज चौधरी, राजपाल सिंह, जसवीर कटोच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### लोगों को दी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत पालमपुर उपमंडल के राख में जिलास्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियां लगाई गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एडीएम कांगड़ा शिल्पी वेक्टा ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय समाज के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सरकार उनके उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के लिए प्रयास तेज किए गए हैं। एडीएम ने जानकारी दी कि उत्कर्ष अभियान के तहत जिला कांगड़ा की 6 ब्लॉकों की 16 पंचायतों के 19 जनजातीय गांवों को शामिल किया गया है। इन चयनित गांवों में सभी सरकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता अभियान जारी रहेगा।

## शाहपुर में बिरसा मुंडा की वीरता और संघर्ष को नमन


शाहपुर में जनजातीय गौरव दिवस और बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जनजातीय** गौरव दिवस और बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर शाहपुर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कांगड़ा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय समाज, महिलाओं, युवाओं और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की वीरता और संघर्ष को नमन करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा सिर्फ इतिहास का नाम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, स्वाभिमान और संघर्ष की जीवंत प्रेरणा हैं। परमार ने कहा कि बिहार में भाजपा की हुई प्रचंड जीत से बिहार ने विकास पर मोहर लगा दी है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा के संकल्प पर विश्वास जताया है। इस अवसर पर शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार (शाहपुर) की शहादत को याद किया गया और उनके बेटे को सम्मानित किया गया। गायक सुनील राणा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंत में स्थानीय कलाकारों द्वारा जनजातीय संस्कृति से जुड़े आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### कूच बिहार एलिट टूर्नामेंट के लिए एचपीसीए अंडर-19 टीम फाइनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई कूच बिहार (डेज) एलिट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए एचपीसीए ने पुरुष अंडर-19 टीम का चयन कर लिया है। 16 सदस्यीय टीम में कैप्टन की कमान आदित्य कटारिया को सौंपी गई है। एचपीसीए टीम अपना पहला मैच आंध्र प्रदेश के खिलाफ बिलासपुर में खेलेगी। टीम में कैप्टन आदित्य कटारिया, वास्तव गर्ग, अंशुल शर्मा, अक्षय वशिष्ट, पारस बडोगा, सिधक ढिल्लों, अंश धीमान, सचिन मेहता, लक्ष्य ठाकुर, अरमान विज, शिवांश काल्टा, अक्षय शर्मा, आर्यन ठाकुर, नौनिहाल, अर्पित सिंह व कार्तिकेय शर्मा शामिल हैं। सपोर्टिंग स्टाफ में कोच अंकित अग्रवाल, असिस्टेंट कोच रोहित कालिया, फिजियो मयंक बालासुंदरम, ट्रेनर अंकुश आदित्य, वीडियो एनालिस्ट संदीप कुमार शामिल हैं। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि चार दिवसीय मैचों के टूर्नामेंट में एचपीसीए टीम 16 से 19 नवंबर तक बिलासपुर में आंध्र प्रदेश, 23 ये 26 नवंबर तक कर्नाटक, 1 से 4 दिसंबर तक सोलापुर में महाराष्ट्र, 8 से 11 दिसंबर तक बिलासपुर में उत्तराखंड और 16 से 19 दिसंबर तक बालांगीर में ओडिशा के खिलाफ मैदान में उतरेगी। उन्होंने चयनित टीम खिलाड़ियों को बधाई देते हुए टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

## विधायक किशोरी लाल ने नवाजे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार


उतराला स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह बात विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उतराला में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं एवं कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विधायक किशोरी लाल द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक किशोरी लाल ने विद्यालय को प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपए राशि देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव आचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें वर्षभर की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षा परिणामों, उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा दिया।

### बिहार ने जातिवाद, फरेब और झूठी गारंटियों की राजनीति को सिरे से नकारा : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह परिणाम सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं, भावनाओं और विश्वास की निर्णायक विजय है।

उन्होंने कहा कि बिहार ने जातिवाद, फरेब और झूठी गारंटियों की राजनीति को सिरे से नकार दिया है। जनता ने बता दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वही राजनीति चलेगी जिसमें विकास हो, काम हो, और परिणाम दिखें। चक्षु ने कहा कि बिहार का यह जनादेश कांग्रेस और विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर एक करारा और ऐतिहासिक जवाब है। डबल इंजन की सरकार ने जमीन पर काम किया, गरीब-किसान-युवा-महिलाओं को सशक्त किया और बिहार ने यही भरोसा दोबारा मजबूत किया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने हर चुनाव में पीएम मोदी के लिए कुशल सारथी की भूमिका निभाई : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बिहार** चुनाव की प्रचंड जीत पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि हिमाचल के बेटे और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने देश के भीतर हुए हर चुनाव के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए दी कुशल सारथी की भूमिका निभाई। फिर चाहे लोकसभा के आम चुनाव हों या प्रदेशों की विधानसभा के चुनाव या उपचुनाव। बूथ स्तर से लेकर ऊपरी स्तर तक संगठन की बिसात को अभेद्य रूप से बिछाया कि विरोधी दलों को इससे पार पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन बना दिया। बिहार चुनाव में राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां गलत साबित हुई और अमित शाह की रणनीति और जगत प्रकाश नड्डा का संगठन कौशल एवं पीएम मोदी की लोकप्रियता ये तीनों ने मिलकर बिहार की राजनीतिक तस्वीर बदल कर रख दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडी पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह



अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। एसडी पब्लिक हाई स्कूल काथला में शनिवार को 27वां वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी संजीव ठाकुर मुख्य अतिथि और तहसीलदार अभिषेक भास्कर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधक परिवेश महाजन ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि विद्यार्थी काल की शिक्षा भविष्य की नींव है। उन्होंने नशे से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की सलाह दी। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जबकि परिणाम महाजन, रीतिका और उत्कर्ष धैर्यवान को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### दिव्यांग खेलकूद स्पर्धा के विजेताओं का सम्मान

अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन ने अपनी 30वीं वर्षगांठ पंडित अनंत राम रोटरी सेवा आश्रम में समारोह के साथ मनाई। मुख्य अतिथि चंबा-कांगड़ा सांसद डॉ. राजीव कुमार भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रवि धीमान उपस्थित रहे। डॉ. भारद्वाज ने बाल आश्रम के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और बच्चों के लिए 21,000 रुपए प्रदान किए। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया, जबकि सांस्कृतिक समूह नृत्य में पहला स्थान सलियाणा बाल आश्रम के विद्यार्थियों को मिला।

### फास्टा, नागनी में कल बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, डरोह। 11 केवी डरोह फीडर (मरुंह रूप) व 11 केवी धीरा की उचित मरम्मत तथा रखरखाव के चलते मरुंह, देवी, सूरी, फास्टा, नागनी, ब्लाक ऑफिस भेडू महादेव डरोह खास तथा जलाख तथा धीरा फीडर के अंतर्गत आने वाली पंचायतों धीरा, कुहाना, नौरा, डईं और गांव स्वड्ड में 17 नवंबर को बिजली बंद रहेगी। 18 नवंबर को खडूल रूप के तहत होला, जैंद, खडूल, बमियाल तथा कलेहड़ में सुबह 9.00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी।

### महाराणा प्रताप स्कूल में किंडरगार्डन स्पोर्ट्स डे की धूम

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में किंडरगार्डन स्पोर्ट्स-डे मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रनिंग रेस, बैलून रेस, हॉपिंग रेस, लेमन-एंड-स्पून और कलर कलेक्शन जैसी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगीन मार्च पास्ट से हुई। बच्चों की हंसी और जोश पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। स्कूल के एमडी कुलदीप ठाकुर, मैनेजर सुभाष पठानिया और प्रधानाचार्य रोज़ी मनकोटिया ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया। विजेता बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रबंधन ने कहा कि ऐसे खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### योल बाजार में विकास की रफ्तार तेज

मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल। योल बाजार व्यापार मंडल की पहल से स्थानीय समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है। अध्यक्ष अक्षित मैनी के अनुसार, मंडल का प्रतिनिधिमंडल विधायक सुधीर शर्मा से मिला और बाजार की समस्याओं पर चर्चा की। विधायक के आश्वासन के बाद 15 नई सोलर स्ट्रीट लाइटें मंजूर होकर मैदान में पहुंच चुकी हैं, जिनका इंस्टॉलेशन कल तक पूरा होने की संभावना है। इससे बाजार में रोशनी और सुरक्षा दोनों बेहतर होंगी। साथ ही बंद कूड़ा संग्रहण गाड़ी अगले सप्ताह सेवा में लौटेगी और पब्लिक टॉयलेट का रिनोवेशन भी शीघ्र पूरा होगा। अक्षित मैनी ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

### प्रतिभागियों को प्रदान किए प्रमाणपत्र

अनंत ज्ञान, शाहपुर। उपयुक्त प्रौद्योगिकी संस्थान (एटीसी) शाहपुर में दूसरे तीन दिवसीय नेशनल नेचर कैंपिंग प्रोग्राम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला कांगड़ा के 11 शिक्षा खंडों के 35 स्कूलों के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 13 से 15 नवंबर तक चले शिविर में बच्चों ने पालमपुर विज्ञान केंद्र, चाय बागानों का भ्रमण और नेचर वॉक के माध्यम से पर्यावरण और विज्ञान की जानकारियां प्राप्त कीं। आईटीआई शाहपुर में तकनीकी ज्ञान और करियर विकल्पों की जानकारी दी गई। विज्ञान एवं ज्ञानवर्धक फिल्म प्रदर्शित की गई। समापन समारोह में डॉ. सुनंदा पठानिया ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

### रक्कड़ स्कूल में देवेंद्र जग्गी ने नवाजे होनहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रक्कड़ में शनिवार को सालाना जलसा धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर एवं कांग्रेस प्रवक्ता देवेंद्र जग्गी रहे। उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और बाउंड्री वाल व स्टेज बनाने का ऐलान किया। जग्गी ने स्कूल प्रबंधन को 21 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने स्कूल भवन की कमी पूरी करने और धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर फोकस करने का वादा किया। उन्होंने विपक्षी विधायक पर जनता की अनदेखी और घोषणाओं को पूरा न करने का आरोप भी लगाया।

### पालमपुर में किसान मोर्चा की परिचय बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, डरोह। पालमपुर में शनिवार को संगठनात्मक जिला किसान मोर्चा की परिचय बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश धीमान ने की। प्रदेश किसान मोर्चा महामंत्री संजीव ठाकुर, जिला अध्यक्ष रागनी रुक्वाल, प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री संजीव ठाकुर ने संगठन का परिचय देते हुए मंडल स्तर पर बैठकें और कार्यकारिणी विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कांग्रेस सरकार की 10 गारंटियों और किसानों, महिलाओं के साथ किए गए वादाखिलाफी पर सवाल उठाए। उन्होंने हर बूथ तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प जताया।

### शाहपुर में तीन डॉक्टरों की तैनाती

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर में उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए सिविल हॉस्पिटल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर रजत भारद्वाज, गायनी विशेषज्ञ नेहा राणा और चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नितिका धीमान की तैनाती करवाई है। यह कदम 15 साल पहले होना चाहिए था, लेकिन अब जनता को सुविधा मिल रही है। विधायक की प्राथमिकता स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़कों की सुगमता और बेरोजगारों को रोजगार दिलाना रही है, जो शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में धरातल पर दिख रहा है। केवल सिंह पठानिया की सक्रियता और जनता के प्रति समर्पण से शाहपुर को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

# नई पहल के साथ आगे बढ़ रहा शिक्षा बोर्ड : डॉ. राजेश

## कहा– 10वीं कक्षा की परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका को नेट पब्लिक डोमेन में डालने पर विचार

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

बैजनाथ। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शनिवार को बैजनाथ में पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड एक नई पहल के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका को नेट पब्लिक डोमेन में डालने का विचार किया जा रहा है, ताकि बच्चों को उनकी कार्य कुशलता में ट्रांसपेरेंसी मिले। अगर उत्तर पुस्तिका में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो अभिभावक उसी वक्त ऑनलाइन रिवैल्यूएशन अप्लाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा



छात्रों से हर वक्त सीखने की सकारात्मक दृष्टि विकसित करने पर बल दिया।

कि प्रदेश शिक्षा बोर्ड अपनी कार्य प्रणाली के चलते पूरे देश में पांचवा स्थान हासिल किया है, जबकि 2 वर्ष पहले प्रदेश शिक्षा बोर्ड 25वें स्थान पर था।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार शिक्षा बोर्ड हिमाचल की संस्कृति तथा संस्कारों के आधार पर स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में पुस्तक द विजनरी का अनावरण किया गया। इस पुस्तक में उनके जीवन परिचय तथा उनसे जुड़े हुए परिवारिक व उनकी नितियों से प्रभावित व्यक्तियों द्वारा अपने-अपने संदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह बुकलेट प्रदेशभर के छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि आज के इस दौर में नेहरू की नीतियां प्रासंगिक है। उन्होंने छात्रों से हर वक्त सीखने की सकारात्मक दृष्टि विकसित करने पर बल दिया, साथ ही हर परिस्थिति में शांत रहने और स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ रहने का संकल्प करने की बात कही।

### ऐसा लगता है कृषि मंत्री चंद्र ने जवाली व्यापार मंडल को खत्म करने की ठान ली है : अर्जुन

उषा जरियाल, अनंत ज्ञान, जवाली। पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर ने जवाली में गत दिवस कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने द्वारा जवाली महाविद्यालय के नए भवन के लिए समलाना में वन विभाग की भूमि में राजकीय महाविद्यालय जवाली को स्थानांतरित कर नया भवन बनाने के लिए वन विभाग को क्लीयरेंस के लिए जारी निर्देशों पर निशाना साधा है। उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने जवाली बाजार के व्यापार मंडल को खत्म करने की ठान रखी है। उन्होंने कहा कि जवाली में मात्र एक डाक खाना हुआ करता था, वह भी स्थानांतरित होकर लब बाजार के पास जा चुका है। कृषि मंत्री अपने ही विधानसभा क्षेत्र के जवाली बाजार में जवाली महाविद्यालय को नए भवन के लिए समलाना में स्थानांतरित करने पर जवाली के व्यापार वर्ग को फिर से निराश करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि जवाली महाविद्यालय में दूर-दूर से इस महाविद्यालय में पढ़ रही लड़कियों के लिए एक सुरक्षित स्थान महसूस करती हैं। एक ऐसी जगह पर महाविद्यालय को स्थानांतरित करने की कोशिश की जा रही है, जहां लड़कियों के लिए आज सुरक्षित स्थान है। कृषि मंत्री को जवाली विधानसभा क्षेत्र के विकास की इतनी ही फिक्र है तो वह उस स्थान पर एक पॉलिटेक्निकल कॉलेज खुलवाएं।

### बिनवा स्कूल बैजनाथ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

## बच्चों ने लोकनृत्य, संगीत से मोहा मन

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

बिनवा पब्लिक स्कूल बैजनाथ में 45वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने की, जबकि बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के चेयरमैन अनुराग शर्मा विशेष अतिथि रहे। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकवर्ग, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

इसके पश्चात छात्रों ने स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लोकनृत्य, संगीत, नाट्य और आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रेणु शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का विस्तृत विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्कूल के छात्रों ने जिला और प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा ने छात्रों को कड़ी मेहनत, अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और मोबाइल फोन का सीमित एवं सही उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. शर्मा ने बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप देने की घोषणा की। विशेष अतिथि अनुराग शर्मा ने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए इसे 31 हजार रुपए की सहायता प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने छात्रों को खेल, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### डीसी ने इंदौरा आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के हाल ही में आई आपदा से प्रभावित इलाकों का दौरा कर बहाली कार्यों की समीक्षा की। विधायक मलेंद्र राजन भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने ढांगू-माजरा सड़क, जगत गिरी आश्रम की सड़क, तोकी पंचायत और नए बन रहे मिनी सचिवालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता अब क्षतिग्रस्त स्थलों की शीघ्र बहाली पर है। अधिकांश स्थानों पर एस्टीमेट तैयार हो चुके हैं और निर्माण कार्य जल्द आरंभ होगा। मंड क्षेत्र को विशेष राहत पैकेज में शामिल किया गया है, ताकि प्रभावित लोगों को समयबद्ध मुआवजा मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम, एएसपी, पीडब्ल्यूडी अधिकारी, डीएसपी व तहसीलदार उपस्थित रहे।

### हादसे में घायल युवक की टांडा में मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पुलिस थाना धर्मशाला के तहत गत मंगलवार सुबह धर्मशाला-पालमपुर रोड पर पुलिस लाइन धर्मशाला के पास सेल्फी प्वॉइंट के नजदीक एक स्कूटी के बिजली के पोल में टकराने से घायल हुए 17 वर्षीय युवक की भी मौत हो गई है। हादसे के दौरान ही एक युवक की मौत हो गई थी। घायल हुए दूसरे युवक को धर्मशाला अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे टांडा अस्पताल में रेफर कर दिया था। जहां इस घायल युवक की भी मौत हो गई है। एसएचओ धर्मशाला संजय कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि घायल युवक की भी मौत हो गई है।

## हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर फफलाणी की जया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### कोटपा एक्ट 2003 के उल्लंघन पर तीन चालान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जिलास्तरीय फ्लाइंग स्क्वाड कांगड़ा ने कोटपा एक्ट 2003, पीडीएसए एक्ट 2019, ज्यूस सिगरेट एक्ट एचपी 2016 तथा जुवेनाइल जस्टिस 2015 के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. अनुराधा, डीएसपी निशा कुमारी, फूड सेफ्टी अधिकारी सुगंधी, सहायक एक्साइज व टेक्सटेशन अधिकारी रोहिणी गुप्ता तथा ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी जसवाल की पांच सदस्यीय टीम ने धर्मशाला शहर में तीन लोगों के चालान काटे। डॉ. अनुराधा ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

### लंबागांव व जयसिंहपुर बाजार में 15 चालान किए

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। लंबागांव में गठित कोटपा फ्लाइंग स्क्वाड ने शनिवार को नायब तहसीलदार जयसिंहपुर विजय शर्मा के नेतृत्व में लंबागांव और जयसिंहपुर बाजार की दुकानों का अचानक निरीक्षण किया। टीम ने कोटपा अधिनियम (कंट्रोल ऑफ टोबैको प्रोडक्ट्स एक्ट) के उल्लंघन पर 15 चालान जारी किए। यह कार्रवाई तंबाकू उत्पादों के सेवन और बिक्री से संबंधित नियमों की अनदेखी रोकने के लिए की गई। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मुनीष राणा और लंबागांव पुलिस एसएचओ कुलदीप सिंह भी इस निरीक्षण में मौजूद रहे, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### केंद्रीय छात्र परिषद की कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा। राजकीय महाविद्यालय, नगरोटा सूरियां में केंद्रीय छात्र परिषद की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा रहे। अध्यक्ष पद पर आस्था, उपाध्यक्ष जाह्नवी, सचिव मोहित और सहसचिव अमन चौधरी ने शपथ ली। इसके अलावा 13 कक्षा प्रतिनिधि और 11 क्लब एवं सोसाइटी सदस्य भी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने शामिल हुए। प्राचार्य ने उन्हें महाविद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी नवगठित सदस्यों ने समर्पित होकर कार्य करने की शपथ ली।

### 2025 जनसंख्या पर निर्धारित होग रोस्टर

अनंत ज्ञान, देहरा। पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं वर्तमान उपप्रधान डोल भटहेड़ साधू राम राणा ने कहा कि हिमाचल में आगामी पंचायत चुनावों में रोस्टर 2011 की जनसंख्या के बजाय 2025 की जनसंख्या के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि महिलाओं के आरक्षण का प्रतिशत 33% से बढ़कर 50% हो गया है और एससी वर्ग को 2016 से 7.5% आरक्षण मिला है। यदि 2011 की जनसंख्या पर रोस्टर लागू हुआ तो अन्याय होगा और आरक्षित पंचायतें दोहराई जाएंगी। उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग से 2025 जनसंख्या के आधार पर रोस्टर निर्धारित करने की मांग की।

### कोटला पब्लिक स्कूल में होनहार नवाजे



शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला। कोटला पब्लिक स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह पूर्व जिला परिषद योगराज मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति रंगों से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में मेरिट में स्थान पाने वाले सात विद्यार्थियों आराध्य, चैतन्य, अदित्य, रुहानी, सिमरन, कनिका और शाईना को विशेष सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य कक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले विद्यार्थियों और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या बीना शर्मा और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### धर्मशाला में आज बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 16 नवंबर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक सामान्य रखरखाव के लिए जोनल हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक अस्पताल, पीडब्ल्यूडी, आईपीएच, गुरुद्वारा रोड, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, पुलिस लाइन्स, सिविल लाइन्स, सिविल बाजार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, चिल्गाड़ी, डिपो बाजार, कॉलेज रोड, कचहरी अड्डा और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने जनसाधारण से सहयोग की अपील की है।

## बिहार में एनडीए की जीत पर पंचरुखी में पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की शानदार जीत पर पंचरुखी में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

अनंत ज्ञान, पंचरुखी

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की शानदार जीत पर पंचरुखी में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया।

कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के साथ अपनी खुशी व्यक्त की। रविंद्र धीमान ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विकासोन्मुख नीतियों और जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विकास और स्थिरता के पक्ष में वोट देकर एक बार फिर एनडीए पर भरोसा जताया है। धीमान ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विजय पूरे राष्ट्र के आत्मविश्वास को और मजबूत करती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एनडीए सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए देश में विकास की गति को और तेज करेगी।

### खुले सिगरेट और बीड़ी जैसे तंबाकू उत्पाद बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध : एडीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 की प्रगति, प्रभावशीलता एवं आगामी चरणों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि खुले सिगरेट और बीड़ी जैसे तंबाकू उत्पाद बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध है, अगर ऐसा करते कोई पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं को अभियान में सक्रिय भागीदार बनाएं, समुदाय आधारित निगरानी तंत्र सुदृढ़ करें और तंबाकू नियंत्रण कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त गांव प्रमाणन के लिए स्व-मूल्यांकन आधारित आवेदन करने की प्रक्रिया समझाई। आवेदन ग्राम प्रधान द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी को भेजा जाएगा और इसकी प्रतिलिपि खंड विकास अधिकारी को दी जाएगी। बीएमओ को निर्देश दिए गए कि आवेदन प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर स्थानीय मूल्यांकन समिति का गठन करें और गतिविधियों की सत्यता का आकलन कर मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करेंगी।

## सहकारी क्षेत्र की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाएंगे : गोमा



लोअर खैरा में 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन किया।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

डरोह। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लोअर खैरा में 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन किया गया। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि सहकारी क्षेत्र की समस्याओं को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि सहकारी सभाओं और जुड़े लोगों का कल्याण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि सहकारी सभाओं से जिले के लाखों लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े हैं और ग्रामीण क्षेत्र में यह ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गोमा ने लोगों को आश्वस्त किया कि सहकारी क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय उच्च विद्यालय लोअर खैरा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की गई और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। कृषि सहकारी सभाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ लंबागांव सिकंदर कुमार, उप पंजीयक सहकारी सभाएं धर्मशाला राकेश कुमार, सेवानिवृत्त संयुक्त पंजीयक सहकारी सभाएं सुधीर कटोच, जिला कांगड़ा सहकारी सभा विकास संघ के अध्यक्ष करनैल राणा, उपाध्यक्ष डॉ. विरेंद्र, निदेशक जसवंत राणा, अमर सिंह राणा, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली, श्रीनगर में धमाकों के बाद प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। दिल्ली और श्रीनगर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के बाद हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। प्रदेश की शांति भंग करने वाली किसी भी हरकत को रोकने के लिए रक्कड़ थाना पुलिस ने कानून की सख्त निगरानी शुरू कर दी है। शुक्रवार रात से ही कलोहा चौक, रक्कड़ बाजार, बणी चौक और गरली जंक्शन पर नाकाबंदी की गई, जहां हर गुजरने वाला वाहन पुलिस की कड़ी निगाह से गुजर रहा है। थाना प्रभारी संदीप पटियाल, एसआई इलमदीन और पूरी पुलिस टीम ने सड़क पर उतरकर हर कार, बाइक, टैक्सी और भारी वाहन की विस्तार से तलाशी ली। ओवरस्पीड, नियम तोड़ने या संदिग्ध अंदाज में चलने वाली गाड़ियों को मौके पर ही रोककर कानून का पाठ पढ़ाया गया। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि मौजूदा हालात में ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है और धमाकों के बाद प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को जीरो-टॉलरेंस मोड पर रखा गया है। इस कार्रवाई से अपराधियों और संदिग्धों के लिए चेतावनी स्पष्ट है कि किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## थुरल स्कूल में मेधावी किए सम्मानित



थुरल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया।

अनंत ज्ञान, डरोह

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनुपम बाला व स्टाफ द्वारा मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहना कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। मंच संचालन स्कूल की अध्यापिका पूजा शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य अनुपम बाला ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी मुख्यातिथि के समक्ष प्रस्तुत की तथा कुछ मांगों के बारे बताया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रधानाचार्या को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मांगों को अमल में लाया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूल की स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष वनीता जम्वाल सहित सभी सदस्यों के अतिरिक्त स्थानीय विद्यालय से लेखराज, सिकंदर मिन्हास, मोहिंद्र सिंह, अनिल जम्वाल, सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### डबल इंजन की सरकार के सुशासन व विकास पर बिहार की जनता का विश्वास : त्रिलोक

अनंत ज्ञान, पालमपुर

संगठनात्मक जिला पालमपुर की किसान मोर्चा की बैठक को जिला कार्यालय में संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि बिहार की जनता ने डबल इंजन की सरकार पर विश्वास किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश धीमान ने की। बैठक में जिला की चारों विधानसभाओं के 10 मंडलों के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। त्रिलोक कपूर ने कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का एक मजबूत अंग है, देश के किसान आज देश की प्रगति में अपना बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं। कपूर ने कहा कि आज हर बूथ में सैकड़ों किसानों को किसान निधि योजना से लगभग अभी तक 50 हजार रुपए से ऊपर तक का लाभ बिना पूर्व में दी गई गारंटी के मिला है, पर दुर्भाग्य इस बात का है कि प्रदेश सरकार ने जो 10 गारंटियां हिमाचल की जनता को दी थी उनमें से एक भी पूरा नहीं कर सकी और यही कारण है कि आज पूरे देश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है, इन बिहार के चुनाव में यहां के मुख्यमंत्री झूठी गारंटियां का ढोल पीट रहे थे पर जिस तरह बिहार की जनता ने डबल इंजन के विकास पर मोहर लगाई है इससे अब हिमाचल में भी डबल इंजन की सरकार बने इसकी आवाज बुलंद हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स ऑनलाइन जमा करवाएं लाइव सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति एवं अध्यक्ष एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग जिला बिलासपुर प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में बताया वैटरन सैनिकों व वीर नारियों का लाईव सर्टिफिकेट अक्टूबर में जमा होता है और बाकी वैटरन सैनिकों व वीर नारियों के लाईव सर्टीफिकेट इस नवंबर महीने में जमा करवाया जाता है, परंतु यह लाईव सर्टिफिकेट अब ऑनलाइन हो जाएगा। इसकी संदेश एसबीआई बैंक ने जारी किया है। इसके लिए अपने पेंशनर्स बैंक एसबीआई में जाएं और अपना आधार कार्ड पैन कार्ड व पीपीओ साथ लें जाएं और बैंक में लाइव सर्टीफिकेट ऑनलाइन उसी समय हो जाएगा।

### विवेक कुमार ने नवाजे सलवाड़ स्कूल के मेधावी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलवाड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार व जसवीन कौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। मुख्यातिथि द्वारा स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इन्हें संजोये रखने में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करें। साथ ही अभिभावक भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें।

### नघ्यार स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नघ्यार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 2025-26 बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महोदय विजय कुमार ने की। इस समारोह में अन्य गणमान्यों में पंडित सुशील कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीप कुमार, केशव कुमार, रमेश कुमार, केशव दत्त, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नघ्यार की विद्यालय प्रबन्धन समिति की अध्यक्षा रीना रानी, हुक्म चंद, हरबंश लाल, विद्यालय प्रबन्धन समिति की पूर्व अध्यक्षा सुरेश्वन देवी, सरोज देवी, श्रोती देवी व दोनों विद्यालयों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नघ्यार और राजकीय प्राथमिक विद्यालय नघ्यार के स्टाफ सदस्य, छात्र व छात्राएं व अभिभावक गण मौजूद रहे। इस समारोह में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अभिभावकों ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शामिल हुए छात्र व छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कलाकृतियों की सराहना की और प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने मेधावी छात्र व छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### चुवाड़ी स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** राजकीय उच्च विद्यालय चुवाडी में शुक्रवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती भावना ने बच्चों को बाल दिवस के इतिहास, महत्व और पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी छात्रों को प्रेम, आशीर्वाद और प्रेरणादायक संदेश भी दिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, कविता, नाटक सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का भी विशेष योगदान रहा।

### घुमारवीं के पनोह में रक्तदान शिविर आज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दरिद्र नारायण कल्याण समिति घुमारवीं की ओर से उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत पनोह में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी समिति के संयोजक एवं सेवानिवृत्त जीवन बीमा अधिकारी जगदीश चंद ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में ऐम्स बिलासपुर की मेडिकल टीम विशेष रूप से भाग लेगी। जगदीश चंद ने क्षेत्र के सभी युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और रक्तदाताओं से आग्रह किया कि वे मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अधिक से अधिक रक्तदान करें।

### भाजपा ने मनाई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा ने स्नहेरा पंचायत के गंगलोह (बरोटी) में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल थे, जबकि भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल और एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाल चौधरी विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम में बिहार में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व को बधाई भी दी गई। अपने संबोधन में जीतराम कटवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय नायकों को सम्मान देने के लिए देशभर में 10 बड़े संग्रहालय स्थापित करने की पहल की है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों और लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### हीरा पाल ने गिनाए महागठबंधन की हार के कारण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सहसंयोजक हीरा पाल सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार को कई कारणों का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा महिलाओं को 10,000 रुपए की सहायता राशि देना, अतिरिक्त 19,000 रुपए देने की घोषणा करना और आचार संहिता के बाद भी पैसे खातों में पहुंचना चुनाव को सीधे प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारण रहे। उनके अनुसार सरकारी मशीनरी और चुनाव आयोग ने इस पर अपेक्षित सख्ती नहीं दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में संशोधन के दौरान वोट जोड़ने और हटाने में अनियमितताएं हुईं, जिनका लाभ एनडीए समर्थक वोटरों को मिला। दो चरणों में मतदान और छठ पूजा के बाद प्रवासी मजदूरों को बड़े पैमाने पर वापस बुलाने के लिए रेलवे के माध्यम से की गई व्यवस्था से भी एनडीए को बढ़त मिली। साथ ही मतदान के दिन दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद हालात ध्रुवीकरण की ओर बढ़े, जिसका असर भी अंतिम नतीजों पर पड़ा। उन्होंने कहा कि ओवैसी, जनसुराज और अन्य छोटे दलों ने कांग्रेस-राजद गठबंधन के वोटों में सेंध लगाई। इसके अलावा महागठबंधन के भीतर टिकट वितरण में विवाद, प्रचार अभियान देर से शुरू होना और आपसी तालमेल की कमी भी हार के कारण रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा श्री नयना देवी जी लोअर मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने राम पाल ठाकुर (नकराना), चमेल सिंह ठाकुर (धरोट), कर्मचंद (बैहल) और दिला राम (मतनोह) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। संजीव चंदेल (घवांडल) और हरदयाल ठाकुर (कुटैहला) को महामंत्री बनाया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी राम लाल (ग्वालथाई), भजन लाल (कोड़ांवाली), सुनील कुमार (जालादेवी), संजीव चंदेल (खुलमी) और सुभाष चंद (मंझेड़) को सौंपी गई। कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह (रीह, कार्यालय सचिव सुनील कुमार (टिक्कर), मीडिया प्रभारी राजकुमार (खैरियां, प्रवक्ता रणवीर धीमान (बैहल), आईटी संयोजक विपन कुमार (सुन्नन, सोशल मीडिया प्रभारी गुरनाम सिंह (खुरानी) को बनाया गया है।

# एनडीआरएफ टीम ने श्री नयना देवी मंदिर की सुरक्षा का लिया जायजा

## मंदिर परिसर के अलावा रोपवे और रज्जू मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को भी जांचा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में एनडीआरएफ की 14 सदस्यीय टीम ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। टीम ने न केवल मंदिर परिसर, बल्कि रोपवे और रज्जू मार्ग का भी सुरक्षा परीक्षण किया। हाल ही में दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद हिमाचल प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इसी के चलते मंदिर सुरक्षा कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के सामान की मेटल डिटेक्टर से सघन चेकिंग की जा रही है।

**दिल्ली ब्लास्ट के बाद हाई अलर्ट पर हैं देवभूमि के मंदिर**

एनडीआरएफ टीम ने मंदिर परिसर तक आने-जाने वाले सभी रास्तों की जांच की और संभावित आपातकालीन मार्गों को चिन्हित किया, ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। एनडीआरएफ इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मंदिर, रोपवे और रज्जू मार्ग की सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई है। सभी आवागमन मार्गों और आपातकालीन रास्तों का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है, ताकि सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत किया जा सके।



विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंची एनडीआरएफ की टीम।

## पुलिस ने किया स्कूल बसों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूलों की स्कूल बसों का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूल बसों को रोककर उनके सभी अनिवार्य दस्तावेज़ों एवं सुरक्षा उपकरणों की विस्तृत जांच की गई। पुलिस टीम ने बसों के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, पोल्लुशन सर्टिफिकेट सहित सभी जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल की। साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, उनकी पहचान, अनुभव और व्यवहारिक दक्षता को भी परखा गया। बसों के अंदर मौजूद फर्स्ट-एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी गेट, केबिन में स्पीड गवर्नर, बच्चों की सीटिंग व्यवस्था और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं को भी सुरक्षा मानकों के आधार पर चेक किया गया।

# बिलासपुर कॉलेज की बाहरी दीवारों पर बनाए बुलेटिन बोर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की बाहरी दीवारों पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल के नेतृत्व में रेड रिबन क्लब, इको क्लब, प्रहरी क्लब, एनसीसी आर्मी विंग, एनसीसी नेवल विंग, एनएसएस, रोबर एंड रेंजर और रोड सेफ्टी क्लब के बुलेटिन बोर्ड बनाए गए हैं। प्राचार्य ने कहा कि इन सभी संगठनों ने अपने – अपने बुलेटिन बोर्ड बनाए हैं।

**विद्यार्थियों को अहम जानकारियां देना है बोर्ड बनाने का उद्देश्य**

इन बुलेटिन बोर्ड का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संगठनों के उद्देश्य और लक्ष्यों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को समझने में सक्षम हो सकें। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ये सभी बूलेटिन बोर्ड महाविद्यालय की बाहरी दीवारों पर इसलिए लगाए गए है, ताकि विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य लोगों को भी इनकी जानकारी मिल सकें । उन्होंने कहा कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति या संस्था महाविद्यालय की दीवार पर कुछ लिखने या पोस्टर लगाने की कोशिश करेगा, तो महाविद्यालय प्रशासन की ओर से उस पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी और फाइन भी डाला जाएगा। रेड रिबन क्लब की कन्वीनर डॉ. सोनिया ने कहा कि एचआईवी/एड्स बुलेटिन बोर्ड का मुख्य उद्देश्य एड्स के प्रति जागरूकता, इसकी रोकथाम एवं भ्रांतियों को दूर करने की प्रेरणा प्रदान करना है। इको क्लब के कन्वीनर प्रोफेसर प्रवीण सांख्यान ने कहा कि इको क्लब का मतलब पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाना है संबंधी समस्याओं से निजात पाई जा सके। प्रहरी क्लब के कन्वीनर डॉ संजीव ने कहा कि प्रहरी क्लब का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता बढ़ाना और महाविद्यालय को नशामुक्त बनाना है। एनसीसी नेवल विंग के कन्वीनर प्रो. श्रवण और डॉ सुरेश तथा आर्मी विंग के कन्वीनर डॉ. जयचंद और प्रोफेसर शीतल ने कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, समर्पण से देशसेवा करना है।

# सरकार बाल विज्ञान सम्मेलनों को दोबारा शुरू करे : अवनीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ बिलासपुर के जिला प्रधान अवनीश कुमार, व जिला के समस्त विज्ञान अध्यापकों ने इस वर्ष बाल विज्ञान सम्मेलन आयोजित न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। जिला प्रधान अवनीश कुमार ने बताया कि बाल विज्ञान सम्मेलन छात्रों को विज्ञान के प्रति अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है, जिस से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। हर वर्ष बाल विज्ञान सम्मेलन खंड स्तर से राज्य स्तर तक बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। जिसमें सभी पाठशालाओं के छात्र व छात्राएं भाग लेते हैं, जिससे उन्हें प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलता है और वे विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले नए आविष्कारों एवं नवाचारों के बारे में सीखते हैं। कार्यक्रम को अचानक से बंद कर देना विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले एवं आगे बढ़ने वाले छात्रों के साथ धोखा है। विज्ञान अध्यापक संघ बिलासपुर ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं निदेशक स्कूली शिक्षा से जोरदार मांग की है कि बाल विज्ञान सम्मेलन जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम को बहाल किया जाए तथा इसे दिसंबर माह में सभी स्तरों पर आयोजित करने के निर्देश जारी किए जाएं।



# बीजेपी 18 को करेगी घुमारवीं थाने का घेराव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पर तानाशाही रवैया अपनाने और आम जनता तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भाजपा घुमारवीं व भराड़ी मंडल 18 नवंबर को पुलिस थाना घुमारवीं का घेराव करेगी। घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग करेंगे। घुमारवीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश ठाकुर तथा भराड़ी मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह ने बताया कि घेराव में भारी संख्या में आम लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकता और समर्थक सुबह साढ़े 10 बजे एम-फोर-यू होटल परिसर में एकत्रित होंगे, जहां से रैली के रूप में थाने की ओर कूच किया जाएगा तथा उसके बाद घुमारवीं थाने का घेराव किया जाएगा।

# गांव के विकास से विकसित बनेगा भारत : कटवाल

## झंडूता में भाजपा की आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प ग्राम केंद्र यात्रा शूरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठन की मजबूती के मद्देनजर झंडूता में भाजपा ने आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प ग्राम केंद्र पद यात्रा की शुरुआत की है। मंडल स्तर पर टिफिन बैठकों की कड़ी में बूथ स्तर पर पद यात्रा की शुरुआत शनिवार को बड़गांव ग्राम केंद्र के तहत बूथ एक व दो से की गई। बूथ-एक के अध्यक्ष प्रीतम चंद और बूथ-दो के अध्यक्ष रामकृष्ण के घर पर झंडूता मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित टिफिन बैठकों में विधायक जीतराम कटवाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। विधायक कटवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार हमेशा बूथ स्तर पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता ही होते हैं। कोई भी कदम, निर्णय और प्रयास तभी सिरे चढ़ते हैं, जब बूथ व्यवस्था मजबूत होती है और संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता लोगों से सीधे जुड़कर उनकी अपेक्षाओं और समस्याओं को समझता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा, जब प्रत्येक गांव विकसित और हर घर आत्मनिर्भर बनेगा। इसी के मद्देनजर मोदी सरकार ने बजट का रुख और विकास का मुख पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों की ओर मोड़ा है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र इसका जीता-जागता उदाहरण है। पिछले 8 वर्षों में 27 सड़कों का नवीनीकरण और विस्तारीकरण किया गया है। मोदी सरकार और प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के प्रयासों से बागछाल और नंद नगरांव समेत 9 पुलों का निर्माण करवाया गया है। कुटबौंगड़ उठाऊ पेयजल योजना समेत लगभग आधा दर्जन योजनाएं बनाई गई हैं।



# डीएवी स्कूल नयना देवी में लगा बाल मेला

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

डीएवी पब्लिक स्कूल श्री नयना देवी जी में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य डॉ. हरीश शर्मा तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मेले में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र थे स्कूल के नन्हे.मुन्ने विद्यार्थी, जो विभिन्न पेशों के रूप में सजकर आए थे। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, पुलिस अधिकारी, अध्यापक आदि रूपों में सजे इन बालकों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कर्तव्य केवल पढ़ाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माण में विश्वास, मार्गदर्शन और प्रेरणा देना भी है।



# ब्रदर्स क्लब की टीम ने जीता बास्केटबाल मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित बास्केटबॉल मैदान में बाल दिवस के मौके पर फ्रेंड्स क्लब बिलासपुर द्वारा बच्चे एवं नवोदित खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की टीम व ब्रदर्स क्लब की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। ब्रदर्स क्लब ने 59 अंकों के मुकाबले कालेज टीम को 70 अंकों से पराजित कर खिताब को अपने नाम किया। इस मैच में निखिल, राहुल, मोहित और अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मैच समाप्ति पर सभी खिलाड़ियों को फल व जूस की व्यवस्था विक्रांत कौंडल, राज कुमार राणा, रमन कौंडल, आशीष ठाकुर, अंकुश कुमार, मनीष ठाकुर, राजेश कौंडल के सहयोग से की गई।

# अभिभावक बच्चों को मोबाइल फोन नहीं, मार्गदर्शन दें : बंबर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसगांव में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवसायी दीपक शर्मा ने की, जबकि सदर-बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व प्रधान व समाजसेवी बंत सिंह चंदेल भी मंच पर मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत मां शारदा के चरणों में नमन और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। बंबर ठाकुर ने कहा कि देश की असली ताकत बच्चों के सपनों और उनकी क्षमताओं में छिपी है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी सक्रिय रहने का संदेश दिया। अभिभावकों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को महंगे मोबाइल फोन देने के बजाय उन्हें समय, संस्कार और सही दिशा देना अधिक आवश्यक है। माता-पिता और शिक्षक दोनों की भूमिका ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के परीक्षा भवन के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपये की राशि विद्यालय को मिल चुकी है और निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। बंबर ठाकुर ने हाल ही में रीज मैदान में आयोजित नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम, सुख आश्रय योजना, तथा 21 नवंबर को बिलासपुर में होने वाले विभिन्न उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। समारोह में बंबर ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के लिए 11,000 रुपए की राशि भेंट की, जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक शर्मा ने भी 11,000 रुपए प्रदान किए। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**दसगांव स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत**

# समाजसेवी पवन ने नवाजे डडोह स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

श्री नयना देवी जी के समीपी गांव की राजकीय उच्च पाठशाला डडोह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेहा मानव सेवा सोसाइटी घुमारवीं के संस्थापक पवन बरूर और डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी निशा गुप्ता ने शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा स्टाफ और बच्चों ने मुख्य अतिथियों को फूल मालाएं पहना कर उनका स्वागत किया।

सर्वप्रथम मुख्यातिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना गायन कर किया। पाठशाला की प्रधानाचार्य सुमन शर्मा द्वारा वार्षिक रिपोर्ट की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। उसके उपरांत बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की गई। मुख्य अतिथि पवन बरूर ने बच्चों को अपने प्रेरणादायक संदेश में नशे से दूर रहना रहने की शपथ दिलाई तथा उन्होंने कहा कि मोबाइल का कम प्रयोग और उसका सदुपयोग करें दृढ़ निश्चय समर्पण अपने कर्तव्य का निर्वहन जीवन का उद्देश्य अच्छा इंसान बनना जब हम आप लोग अच्छा इंसान बनेंगे तभी अच्छे समाज का निर्माण हो पाएगा। उन्होंने बच्चों को गर्म मोजे और गर्म टोपी भी बांटी।

इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी निशा गुप्ता ने भी स्कूल की गुणवत्ता तथा बच्चों की खूब सराहना की और बच्चों की मेहनत का श्रेय उनके गुरुजनों को दिया। इसके उपरांत बच्चों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी छात्रों को इनाम बांटे।

# लोगों को कानूनी तौर से साक्षर बनाना सबसे बड़ा सशक्तिकरण : न्यायाधीश विवेक ठाकुर

## बिलासपुर में मेगा लीगल लिटरेसी कैंप में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर में एक विशाल मेगा लीगल लिटरेसी कैंप (मॉड्यूल कैंप) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधिपति जियालाल भारद्वाज तथा न्यायाधिपति रोमेश वर्मा उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ने कहा कि कानूनी साक्षरता सबसे बड़ा सशक्तिकरण है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना तभी संभव है, जब वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। उन्होंने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित ऐसे शिविर समाज में कानूनी समझ, न्याय तक पहुंच और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आम लोगों को निशुल्क विधिक सेवाओं, वरिष्ठ नागरिक अधिकारों, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा लोक अदालतों की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि जियालाल भारद्वाज ने कहा कि विधिक साक्षरता ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अधिकतर विवाद जानकारी के अभाव में बढ़ जाते हैं। रोमेश वर्मा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम न्याय व्यवस्था को जनता के और करीब लाते हैं।



शिविर में उपस्थित लागों को संबोधित करते न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर।

### जागरूकता के लिए कई स्टॉल स्थापित

**शिविर** में विभिन्न सरकारी विभागों व कानूनी प्रकोष्ठों द्वारा जागरूकता स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें लोगों ने व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने किया। इस कार्यक्रम में मंच संचालक लोक संपर्कविभाग की उपनिदेशक मंजुला ने किया।

**जनता पूछे सवाल** बयानबाजी और राजनीति के सिवाय कुछ नहीं, जनता का सब्र अब जवाब देने लगा

# बिलासपुर के नेताओं की तीन साल की कारगुजारी पर सवाल

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की पिछले तीन वर्षों की राजनीतिक कारगुजारी पर जनता ने कठोर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। बड़ी-बड़ी बातें, घोषणाओं की फेहरिस्त और सोशल मीडिया की सक्रियता तो खूब दिखी, लेकिन जमीन पर विकास के नाम पर लगभग शून्य उपलब्धियां दर्ज हुईं। जिला भर में चर्चा है कि तीन साल में नेताओं ने अपनी कुर्सियां बचाईं, पर बिलासपुर पीछे छूट गया।

पूरे बिलासपुर जिले में पिछले तीन साल में, कोई नई बड़ी योजना नहीं, कोई मेगा प्रोजेक्ट नहीं, रोजगार से जुड़ी पहल नहीं, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं, शिक्षा ढांचे में कोई ठोस उन्नति नहीं, सड़कों और बुनियादी ढांचे पर काम नगण्य।

### सदर विस क्षेत्र : न बड़ी योजना, न कोई उपलब्धि

**सदर** में तीन वर्षों में एक भी बड़ा प्रोजेक्ट या उल्लेखनीय विकास कार्य न हो पाने से जनता बेहद नाराज है। यहां कांग्रेस के बंबर ठाकुर लगातार सक्रिय दिखाई दिए, लेकिन उनकी सक्रियता उपलब्धियों में तब्दील नहीं हुई। भाजपा के मौजूदा विधायक त्रिलोक जम्वाल भी अपनी तीन साल की कार्यकाल रिपोर्ट में लगभग खाली हाथ दिखाई देते हैं। सड़क, अस्पताल, रोजगार, शिक्षा किसी भी मोर्चे पर कोई ठोस उपलब्धि नहीं दिखती। लोग सीधा कहते हैं, 'विधायक साहब अपनी पहचान का फायदा तो लेते रहे, पर क्षेत्र को कुछ नहीं मिला।' उधर, कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, हीरा पाल, आशीष ठाकुर और संदीप संख्यान अपनी-अपनी पकड़ मजबूत करने में लगे रहे, लेकिन तीन साल में काम का नंबर कहीं नहीं आया।

**चारों सीटों पर विकास ठप, मंत्री सहित सभी विधायक कटघरे में**

बिलासपुर जिले की जनता का कहना है कि तीन साल नेताओं ने बयान दिए, लेकिन बिलासपुर को कुछ नहीं दिया।'

### नयना देवी : उपलब्धियों का खाता खाली

**नयना** देवी क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर नेता रामलाल ठाकुर ही पार्टी का एकमात्र बड़ा चेहरा रहे, लेकिन उनकी तीन साल की उपलब्धियों की सूची करीब खाली ही मानी जा रही है। वहीं, भाजपा में रणधीर शर्मा ने राजनीतिक पकड़ तो मजबूत रखी, लेकिन विकास के मोर्चे पर यहां भी कागज़ों से आगे कुछ नहीं हुआ।

### झंडूता : भाजपा विधायक से जनता खासी नाराज

**झंडूता** के लोग भाजपा विधायक जीतराम कटवाल से पिछले तीन वर्षों की कारगुजारी को लेकर खासे नाराज हैं। न रोजगार, न कोई बड़ी सड़क परियोजना, न स्वास्थ्य ढांचे में सुधार, जनता का मानना है कि 'तीन साल बेकार गए।' इसी खालीपन का फायदा कांग्रेस नेता विवेक कुमार को मिल रहा है, जो लगातार लोगों के बीच सक्रिय रहकर अपनी जमीन मजबूत कर रहे हैं।

### घुमारवीं : मंत्री होने के बावजूद कोई ठोस उपलब्धि नहीं

**घुमारवीं** में मंत्री राजेश धर्माणी से जनता को बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद कोई बड़ी योजना या ठोस उपलब्धि सामने नहीं आ सकी। लोग ओपनली कहते हैं, 'मंत्री साहब का तीन साल का रिपोर्ट कार्ड बेहद कमजोर है।' भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग भी इन तीन वर्ष में अपनी पकड़ फिर से मजबूत नहीं कर पाए। इसी बीच चर्चा का सबसे बड़ा मुद्दा रहा कि क्या जेपी नड्डा खुद घुमारवीं से मैदान में उतरेंगे या अपने पुत्र हरीश नड्डा को उतारेंगे? क्योंकि तीन साल की कमजोर स्थिति भाजपा को नए चेहरे की तलाश की ओर धकेल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### भटियात में 68.4 ग्राम चरस सहित पकड़ा व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, भटियात।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना दल सिहुंता की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। बिहाल-पुखरू मार्ग पर गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यवहार दिखा रहे 58 वर्षीय ताबीज सिंह को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से 68.4 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चंबा विजय कुमार ने बताया कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रही है और इसे जारी रखा जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में संतोष देखने को मिला और स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

### बच्चों को सिखाए बाल-अधिकार व सुरक्षा उपाय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय उच्च विद्यालय गुराइ में चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा की ओर से बच्चों और शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी मुख्याध्यापिका आरती ने की। सुपरवाइजर रीता कुमारी ने हेल्पलाइन नंबर 1098 की कार्यप्रणाली, बाल-अधिकार, बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, नशा और घरेलू हिंसा जैसे गंभीर मुद्दों पर बच्चों को जानकारी दी। दिव्यांग, अनाथ और अर्ध-अनाथ बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं की भी जानकारी साझा की गई। बच्चों को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने और किसी भी असुरक्षित घटना की शिकायत 1098 पर करने की सलाह दी गई। केस वर्कर चमन सिंह ने अनुशासन और आत्म-सुरक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### पांगी में बिहार में एनडीए की जीत का जश्न

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद हिमाचल के पांगी क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर जीत की खुशी साझा की। उन्होंने बिहार की जनता और एनडीए नेतृत्व को बधाई दी और कहा कि यह जीत विकास और सुशासन की राह को और मजबूत करेगी।

### रैली निकाल कर दिया मतदान जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में शनिवार को स्कूली बच्चों द्वारा मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा ने बताया कि आज प्रवक्ता राजनीति शास्त्र वेद प्रकाश की अगुवाई में बच्चों द्वारा एक मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और उन्हें मतदान का महत्त्व समझाया गया और अपने आसपास समाज को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। यह रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर मांधा गांव से होते हुए वापस स्कूल परिसर में संपन्न हुई। रैली में बच्चों द्वारा स्लोगन एवं नारों से लोगों को मतदान का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### प्रभावित परिवारों को दिए डबल साइज कंबल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हरिपुर पंचायत के भद्रम गांव में इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 307, चंबा शाखा द्वारा अधिक वर्षा से प्रभावित परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पहल डिस्ट्रिक्ट 307 की जिला चेयरमैन प्रीति खजुरिया के विशेष सहयोग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में राज नगर परगना के विभिन्न पंचायतों से आए प्रभावित परिवारों को डबल साइज कंबल वितरित किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। क्लब की सेक्रेटरी अस्मिता अवस्थी, अनिल शर्मा, सुषमा पुरी, पुष्पा अमर, श्वेता शर्मा सहित अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से मौजूद रहे। किपाणी, हरोठ, हरिपुर, सिडकुंड, नानू सहित कई गांवों के ग्रामीण और प्रभावित किसान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इनर व्हील क्लब ने बताया कि यह कंबल वितरण अभियान पूरे सप्ताह तक जारी रहेगा।

### अलगंण नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस चौकी कमांद को नरेश कुमार ने सूचना दी कि उनके पिता अलगांण नाले में अचानक फिसलकर गिर गए, जिससे डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, घटना की पुष्टि की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने चालान कर वसूला 4100 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत 331 चालान, कोटपा अधिनियम के तहत 41 चालान कर कुल 4100 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा माइनिंग एक्ट के तहत 2 चालान भी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नापतोल के दौरान विवाद में दो लोग घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी में संजय कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जमीन की नापतोल के दौरान रामनाथ से बहस हो गई। इसके बाद रामनाथ घर गया और लोहे की रॉड लेकर वापस आया तथा संजय कुमार के सिर पर प्रहार किया। बीच-बचाव में आई उनकी पत्नी को भी चोट लगी। दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 845 ग्राम चरस सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम पुंघ फोरलेन में नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एचआरटीसी बस एचपी-12एन-9304 की तलाशी में बस के अंदर बैठे गिरीश कुमार से 845 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थी रवाना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट का एक दिवसीय शैक्षणिक टूअर सरकाघाट से आनंदपुर साहिब श्री नैना देवी माता मंदिर और भाखड़ा बांध के लिए रवाना हुआ। इसे विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता कुमारी आजाद ने बच्चों को शुभकामनाएं देकर भेजा। इनके साथ पाठशाला के अध्यापक भारत भूषण, राजेश कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, सुनीता ठाकुर, निशा देवी, प्रमिला देवी, अक्षय कुमारी एवं हेम राज बच्चों के साथ एस्कॉर्ट करने के लिए गए।

### लोगों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राज्य सहकारी बैंक शाखा बरोट द्वारा शनिवार को सहकारी समिति बरोट के कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सहकारी समिति के सचिव राजिन्द्र कुमार सहित समिति सदस्यों, स्थानीय किसानों और बागवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में बैंक अधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, रुपये किसान क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, इंश्योरेंस स्कीम, पेंशन स्कीम तथा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

### 11 केवी द्राहल फीडर सुचारु रूप से चालू

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** विद्युत उपमंडल नंबर-दो के 33/11 केवी उपकेंद्र भराडू से संचालित होने वाला 11 केवी द्राहल फीडर बुधवार सुबह 19 नवंबर को ठीक 10 बजे से सुचारु रूप से चालू कर दिया गया। यह उच्च तापीय फीडर भराडू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तथा अलगा गांव होते हुए विद्युत उपमंडल मकरीडी के 11 केवी मकरीडी फीडर से जुड़ता है। फीडर के संचालन को लेकर विद्युत उपमंडल मकरीडी के सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने क्षेत्र की जनता से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक उच्च तापीय लाइन है और इसके पास जाना अथवा छूने का प्रयास करना गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। उन्होंने लोगों से विभाग के कार्य में सहयोग करने और सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मारुति सुजुकी कॉम्पिटेंट सरकाघाट की ओर से अंपर बरोट स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विवेक, अनामिका, आराध्या शर्मा और आदर्श ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार हासिल किए। कॉम्पिटेंट सरकाघाट के प्रबंधक प्रशांत शर्मा, अभिषेक और आशीष ने स्कूल प्रबंधन व स्टाफ का धन्यवाद किया व ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। विद्यालय के मुख्याध्यापक सरवन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया।

# एनएचपीसी चरण-3 की लापरवाही से बग्गा क्षेत्र में सड़क बनी जानलेवा

## गड्ढों व अव्यवस्था से लोग बेहाल, जल्द मरम्मत न होने पर दी चक्का जाम की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-ए का बग्गा क्षेत्र इन दिनों बदहाली के चरम पर है। बग्गा पुल से लेकर बग्गा बाजार तक सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि स्थानीय लोगों के लिए रोजमर्रा का सफर किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं रहा। हजारों की आबादी इस जर्जर सड़क और उड़ती धूल के बीच जीवन जीने को मजबूर है।



स्थानीय निवासी आरती देवी, अनीता कुमारी, नूतना, मैहरी, राजेश कुमार, राजकुमार, पवन कुमार, संतोष कुमार, चैन सिंह राणा, योगराज, मिथुन कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि यह पूरा क्षेत्र एनएचपीसी चमेरा परियोजना चरण-3 के अधीन आता है, लेकिन सड़क की मरम्मत और रखरखाव के नाम पर यहां वर्षों से मौन साधा हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं, जिनसे गुजरना दोपहिया वाहनों से लेकर चारपहिया चालकों के लिए खतरे से खाली नहीं है। अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और लोगों को समय व पैसे—दोनों की भारी बर्बादी का सामना करना पड़ रहा है।

उधर धूल-मिट्टी की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर जमी मोटी धूल सीधे उनके घरों के अंदर घुस रही है। खिड़कियां खोलना तक मुश्किल हो गया है। स्वच्छ हवा लेना भी चुनौती बन चुका है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति स्वास्थ्य के गंभीर खतरे पैदा कर रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार एनएचपीसी चरण-3 अधिकारियों को इस समस्या के बारे में अवगत करा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं किया गया।

अब लोगों का धैर्य जवाब दे चुका है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की टायरिंग और मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे बड़ा धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करने को मजबूर होंगे। स्थानीय जनता का कहना है कि यह आंदोलन उनकी मजबूरी होगा, क्योंकि उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

लोगों की आवाज अब प्रशासन और परियोजना प्रबंधन तक कितनी जोर से पहुंचेगी, यह आने वाले दिनों में साफ होगा, लेकिन फिलहाल बग्गा रोड की स्थिति जनता के सब्र की सीमा को पार कर चुकी है।

# बिहार में पीएम मोदी के नेतृत्व को जनता का प्रचंड समर्थन: महाजन

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक एवं निर्णायक विजय को पार्टी नेतृत्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनकल्याणकारी नीतियों और प्रभावी चुनावी रणनीति का परिणाम बताया है। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि यह जीत न केवल राजनीतिक सफलता है, बल्कि विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में बिहार की जनता के स्पष्ट जनादेश को दर्शाती है। महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त बनाने वाली नीतियों ने बिहार की जनता के दिल को छुआ है। उन्होंने बताया कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में जनता की गहरी आस्था इस चुनाव परिणाम में स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में संगठन की एकजुटता तथा बिहार चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कुशल चुनाव प्रबंधन को इस सफलता का मजबूत आधार बताया।



महाजन ने बिहार की जागरूक जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जनादेश ने विकास और सुशासन के पक्ष में जनता की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया है। साथ ही, कांग्रेस पार्टी को मिली करारी हार पर उन्होंने कहा कि जनता ने एक बार फिर उनकी अवसरवादी एवं दिशा-विहीन राजनीति को नकार दिया है। उनके अनुसार, यह संकेत है कि कांग्रेस का प्रभाव न केवल हिमाचल प्रदेश में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार कमजोर हो रहा है। अंत में हर्ष महाजन ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उभरते नए भारत, पारदर्शी शासन और राष्ट्रवाद की विचारधारा की विजय है।

# केवल सिंह पठानिया ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग की स्थायी सुरक्षा पर दिया जोर



**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लघु सचिवालय भरमौर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत बोर्ड और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में हाल ही में हुई भारी वर्षा के दौरान पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-र के बाधित होने और प्रशासन द्वारा उसे शीघ्र बहाल करने के प्रयासों की सराहना की गई। सचेतक ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग को निर्देश दिए कि मार्ग की मिट्टी की अस्थिरता और भौगोलिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मॉडर्न लैब में सॉइल टेस्टिंग करवाई जाए और वैज्ञानिक आधार पर विशेष कार्य योजना तैयार की जाए। बैठक में उपमंडल भरमौर के संपर्क मार्गों, ग्राम पंचायत सहली के अंतर्गत कलहौर से तियूला तक 2.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए बजट और औपचारिकताओं की शीघ्रता पर चर्चा हुई। इसके साथ ही बिजली बोर्ड, जल शक्ति, पशुपालन और शिक्षा विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को कूंर में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के नए भवन निर्माण और सुंग्रेड के माता मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि का प्रावधान करने को कहा गया।

बैठक में निदेशक एचआरटीसी सुरजीत भरमौरी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुलबीर सिंह राणा, वन मंडल अधिकारी नमनाथ सिंह माणे, थाना प्रभारी बाबू राम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा, नियमित पेयजल आपूर्ति, पशुपालन सुरक्षा और शिक्षा क्षेत्र में सुधार कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एनडीपीएस, मारपीट और अवैध शराब तस्करी के मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने अपराध और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में तीन मामले दर्ज किए हैं। डलहौज़ी थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गश्त के दौरान 80 ग्राम चरस बरामद की। यह चरस सुशील ठाकुर निवासी चक्रा और एक अन्य व्यक्ति के कब्जे से मिली। मामले की जांच पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है। सदर थाना चंबा में मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता मयूर पुरी ने बताया कि 5 नवंबर की रात लगभग 11 बजे किट्टू निवासी करिया और अन्य अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोका, गाली-गलौज की और लोहे की रॉड तथा हॉकी स्टिक से हमला किया। आरोपित अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। खैरी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रणजीत सिंह निवासी मंडोह के कब्जे से 5250 एमएल/सीएल अवैध शराब बरामद की और मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विस अध्यक्ष ने किया 5वें राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का समापन

# जनजातीय क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति व संतुलित विकास ही बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: पठानिया

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 5वें राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उपमंडल मुख्यालय भरमौर के हेलीपैड में आयोजित भव्य कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने जनजातीय नायक बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और जनजातीय अधिकारों की रक्षा में उनके अद्वितीय प्रयासों को नमन किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति और संतुलित विकास ही मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानियों जैसे महात्मा गांधी, पंडित नेहरू और सरदार पटेल के योगदान को भी याद किया। विधानसभा अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के विकास में पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा किए गए प्रयासों और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा लागू की जा रही नीतियों का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रमों में योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सांस्कृतिक कलाकारों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में जिला किन्नौर, लाहौल-स्पीति, पांगी और भरमौर के कलाकारों ने पारंपरिक लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, जिला पुलिस और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम और भी प्रभावशाली बना।

## मंडी में वकीलों का अदालत बहिष्कार जारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला अदालत परिसर से कुर्सी और टेबल हटाए जाने के विरोध में मंडी के वकीलों ने लगातार दूसरे दिन अदालतों का बहिष्कार जारी रखा। मंडी बार एसोसिएशन ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के की गई यह कार्रवाई वकीलों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है। बहिष्कार तब तक जारी रहेगा जब तक टेबल-कुर्सियां और उनके दस्तावेज वापस नहीं रखे जाते। सोमवार से अन्य अदालतों में कामकाज सामान्य रहेगा, लेकिन जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत का बहिष्कार जारी रहेगा। प्रदेश की बार एसोसिएशनों ने भी वकीलों का समर्थन किया।

# मारपीट मामले के गिरफ्तार युवक कल अदालत में किए जाएंगे पेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बुधवार को सामने आए गंभीर मारपीट प्रकरण के बाद पूरे जिले में फैले तनाव के बीच शनिवार को एक अहम अपडेट सामने आया है। सदर थाना चंबा में दर्ज एफआईआर नंबर 270/25 (12 नवंबर 2025) के तहत गिरफ्तार किए गए युवकों को अभी पुलिस हिरासत में रखा गया है, और सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

घटना के बाद एडीशनल एसपी चंबा हितेश लखनपाल ने शुक्रवार शाम प्रेस को संबोधित करते हुए बताया था कि आरोपियों की तलाश के लिए जिले से लेकर अंतरराज्यीय सीमाओं तक व्यापक सर्च अभियान चलाया गया। पठानकोट पुलिस की मदद से मामून कैंटोनमेंट क्षेत्र से एक संदिग्ध गाड़ी भी पकड़ी गई, जिसमें फरार होने का प्रयास कर रहे आरोपी शामिल थे। अब तक पुलिस 15 युवकों को हिरासत में ले चुकी है, जबकि तीन बाइक, एक स्कूटी और एक चारपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच और तकनीकी साक्ष्य जुटाने का कार्य लगातार जारी है। पुलिस के अनुसार, घटना के कई महत्वपूर्ण गवाहों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं।

## जनसेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है: नीरज नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने अपने निवास स्थान पर क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याओं, मांगों और सुझावों को विस्तार से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी शिकायतें और स्थानीय मुद्दे लेकर पहुंचे, जिन्हें विधायक ने अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास करना उनका प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या को संबंधित विभागों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही मेरी असली जिम्मेदारी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भेठ झिकली**
विकास खंड व तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की पंचायत बैठक में प्रधान महोदय द्वारा यह, प्रस्ताव रखा गया कि वितवर्ष 2025-26 के लिए कुडेदान एवं पंचवटी पार्क हेतू सामग्री खरीद की निविदाएं आमंत्रित की जानी है।
अंतः इच्छुक सप्लायर दिनांक 22/11/2025 तक पंचायत भेठ झिकली के कार्यालय में डाक के माध्यम से भेजने की कृपा करें निविदाएं दिनांक 24/11/2025 को सभी
सप्लायर के समक्ष खोली जाएंगी एवं सप्लायर को होना अनिवार्य रहेगा। पंचायत का निर्णय अन्तिम होगा तथा कुटेशन स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा सप्लायर का जीएसटी नं. होना अनिवार्य है तथा वस्तुओं की दरें जीएसटी, FOR और Instalation सहित होनी चाहिए।
उपरोक्त प्रस्ताव को पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से पास किया।

**प्रधान /सचिव**
**कार्यालय ग्राम पंचायत भेठ झिकली**
**विकास खंड व तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


# सन्यारड़ी सड़क आज रहेगी बंद: डॉ. मदन कुमार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि सन्यारड़ी में पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत के लिए 16 नवम्बर को सड़क को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग द्वारा पाइप लाइन में हुए रिसाव को ठीक करने के लिए यह कार्य अत्यंत आवश्यक है, इसलिए एक दिन का अस्थायी सड़क बंद प्रावधान लागू किया जा रहा है। डॉ. मदन कुमार ने बताया कि यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम की धारा 115 के अंतर्गत जारी किया गया है। उन्होंने नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और मरम्मत कार्य में प्रशासन को सहयोग दें।

# वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सरकाघाट कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने जीते पदक



वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट में रनरअप ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी प्राचार्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में आयोजित वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट में जीडीसी सरकाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कुल छह पदक जीते और कॉलेज ने रनर-अप ट्रॉफी प्राप्त की। प्रतियोगिता में सृजल भारद्वाज ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पर्देशी भारद्वाज ने 71 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। सरगम ठाकुर ने अपनी श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया, वहीं अनमोल चौहान ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। इसके अलावा अरमान कटवाल ने 88 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया और रजत ने 79 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन ने पूरे महाविद्यालय तथा क्षेत्र का मान बढ़ाया।

## सरकाघाट में मारपीट व धमकी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना सरकाघाट में परमानंद के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह शाम के समय अपने आंगन में मौजूद था, तभी प्रवीण सड़क से उसके घर की ओर आते हुए सीटी बजा रहा था। जब उसे ऐसा करने से मना किया गया तो वह गेट के अंदर आकर मारपीट, गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकियां देने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## स्व. परवल राम स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति योजना अगले वर्ष से होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** गांव मुहाल स्वाई और पंचायत गरोला में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अगले वर्ष मार्च 2026 से 'स्वर्गीय परवल राम स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति योजना' शुरू की जा रही है। यह पहल स्वर्गीय परवल राम शर्मा जी की पावन स्मृति में उनके पोते - डॉ. हेमराज, डॉ. शिव राज, श्री योग राज और श्री श्याम राज - द्वारा की जा रही है। इस योजना के तहत पांचवीं, आठवीं और दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। आवेदन विद्यालयों के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे और एक विशेष समिति द्वारा उनकी समीक्षा कर पुरस्कार दिए जाएंगे। परिवार का कहना है कि यह पहल उनके पिता श्री भजन राम जी और दादाजी स्वर्गीय परवल राम जी की प्रेरणादायक सोच और आशीर्वाद से संभव हो रही है। यह छात्रवृत्ति विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, मेहनत और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगी। अगले महीने इसका पूरा ड्राफ्ट तैयार कर स्कूल को सौंपा जाएगा।


**MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR**
No:M.CORPHMR/E-TENDER/SASCI/PROJECT-2 (CW) 2025-26 DATED: 14/11/2025

**"SHORT TERM - NOTICE INVITING E-BIDS"**

Online bids on item rate basis are hereby invited on behalf of Commissioner, Municipal Corporation Hamirpur (HP) in electronic tendering system in two covers for the under mentioned works from the registered contractors/firms/supplier.

**Name of work:-** Revitalizing Central Business District/ Historic Core of The State Capitals/Major Cities Reform Component of Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment (SASCI) 2025-26 SH: Addition and alteration to the existing building (Shopping Complex) at Bhota Chowk, M Corp Hamirpur (H.P.), **Estimated Cost:-** 2,68,18,202/-, **EMD:-** 5,36,000/-, **Time limit:-** 12 Months, **Cost of tender (Rs.):-** 5,000/-(Including GST).

Tender document and other instructions can be downloaded or viewed online from the portal https://hptenders.gov.in by the firms/individual registered on the website, which is free of cost. As the bids are to be submitted online, they are required to be encrypted and digitally signed, the bidders are advised to obtain Digital Signature Certificate (DSC) from suitable vendors or from any authorized agency at the earliest.

**Note: The execution of work shall commence only after the funds are sanctioned/made available by the Government of India.**

**Key Dates: -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 14.11.2025 | AT 05:00 PM |
| 2 | Document Downloaded Start Date | 14.11.2025 | AT 05.00 PM |
| 3 | Bid Submission start Date | 14.11.2025 | AT 05:00 PM |
| 4 | Documents downloaded close Date | 24.11.2025 | AT 11:00 AM |
| 5 | Bid submission close Date | 24.11.2025 | AT 11:00 AM |
| 6 | Physical Submission of EMD, Cost of Tender & Documents Date | 24.11.2025 | AT 01:00 PM |
| 7 | Date of opening of technical and financial Bid | 24.11.2025 | AT 03:00 PM onwards |

Sd/-
Commissioner
Municipal Corporation
Hamirpur (H.P.)

संसार में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने का सरल और निश्चित उपाय यही है कि मनुष्य वास्तव में जैसा है वैसा ही अपने को व्यक्त करे।
-सुकरात

## संपादकीय

### हिमाचल का बढ़ता कर्ज

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति पिछले कई वर्षों से लगातार गिरावट की ओर है। चाहे सत्ता में कांग्रेस रही हो या भाजपा, दोनों ही दलों की सरकारें कर्ज के सहारे प्रदेश को चलाने की परंपरा को आगे बढ़ाती रही हैं। आज स्थिति यह है कि हिमाचल का कुल कर्ज 1.02 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है, जो प्रदेश की वित्तीय रीढ़ को कमजोर करने वाला चिंताजनक संकेत है। मौजूदा सुक्खू सरकार पर आरोप है कि वह लगातार कर्ज लेकर सरकारी व्यय पूरा कर रही है। वहीं, सरकार का कहना है कि उसे ज्यादातर कर्ज पिछली भाजपा सरकार की देन है और प्राकृतिक आपदाओं ने आर्थिक दबाव को और बढ़ा दिया है, लेकिन तथ्य यही है कि पिछले एक दशक में हिमाचल की वित्तीय हालत लगातार खस्ताहाल हुई है।

राज्य की आय सीमित है, लेकिन खर्चे अनियंत्रित। वेतन, पेंशन, ब्याज और प्रशासनिक खर्च पर ही अधिकांश बजट खर्च हो जाता है। विकास कार्य और नई योजनाओं के लिए पैसा बचता ही नहीं, ऐसे में सरकार लोन लेने को मजबूर होती है। हिमाचल का खुद का राजस्व इसकी कुल जरूरतों का मुश्किल से 25-30 प्रतिशत ही पूरा कर पाता है। राज्य की आर्थिक संरचना ऐसी नहीं है कि यहां भारी उद्योग लगे हों या बड़े औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए हों। खेती-बाड़ी सीमित है, बागवानी मौसम पर निर्भर करती है, पर्यटन मौसम के उतार-चढ़ाव और आपदाओं का शिकार हो रहा है। इन सब परिस्थितियों के बीच सरकारें सबसे आसान रास्ता चुनती हैं कर्ज लेना, परंतु यह नीति कब तक? कोई भी परिवार, संस्था या सरकार यदि केवल उधार लेकर ही खर्च चलाए तो एक समय के बाद वह दीवालिया हो जाता है। यही डर आज हिमाचल के सामने खड़ा है। यदि कर्ज का बोझ इसी तरह बढ़ता रहा, तो निकट भविष्य में प्रदेश की वित्तीय स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है और केंद्र सरकार या आरबीआई को हस्तक्षेप करने की नौबत आ सकती है। कर्ज का मूलधन जितना खतरनाक नहीं है, उससे भी अधिक खतरनाक है बढ़ता हुआ ब्याज। हिमाचल को हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए केवल ब्याज चुकाने में खर्च करने पड़ते हैं। जब मूलधन चुकाने की क्षमता नहीं होती, तो सरकारें नया कर्ज लेकर पुराने कर्ज का भुगतान करती हैं। इसे आर्थिक भाषा में कर्ज के जाल में फंसना कहा जाता है। वर्तमान में हिमाचल इसी स्थिति में है। यदि यह चक्रवृद्धि ब्याज का सिलसिला जारी रहा, तो कर्ज चुकाने में अगली दो-तीन पीढ़ियां भी झुक जाएंगी।

एक तरफ राज्य सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार आपदा राहत और वित्तीय सहायता में भेदभाव कर रही है, दूसरी ओर भाजपा का दावा है कि केंद्र से राशि जारी हो चुकी है। यह आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति जनता के हित में बिलकुल नहीं है। जब भी केंद्र और राज्य मिलकर काम करते हैं तभी राज्य की आर्थिक स्थिति सुधरती है, लेकिन अगर राजनीतिक स्वार्थ हावी रहेंगे तो प्रदेश को लगातार विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मुद्दा यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत। मुद्दा यह है कि यह राजनीति हिमाचल के लाखों के भविष्य को खतरे में डाल रही है। प्रदेश की आर्थिक सेहत सुधारने के लिए सरकार को कुछ कठोर लेकिन दूरगामी फैसले लेने होंगे। हिमाचल की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आधार पर्यटन है, लेकिन यह 8 महीने पर निर्भर करता है। सरकार यदि धार्मिक पर्यटन, एडवेंचर टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, सीनियर सिटीजन टूरिज्म जैसी नई अवधारणाएं लागू करे तो बारहों महीने पर्यटक आ सकते हैं। पर्यटन से राज्य करोड़ों की कमाई कर सकता है। हिमाचल में उद्योग लगाना मुश्किल माना जाता है, क्योंकि परिवहन महंगा, पहाड़ी भूगोल, ऊर्जा महंगी, भूमि उपलब्धता सीमित लेकिन आधुनिक उद्योगों-फार्मा, हर्बल उत्पाद, बागवानी आधारित उद्योग, सोलर प्लांट में अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

सरकार यदि स्पष्ट, निवेश-हितैषी नीति बनाए तो कर्ज की जरूरत काफी कम हो सकती है। हिमाचल की जलविद्युत परियोजनाएं हिमाचल की आर्थिक रीढ़ बन सकती हैं, लेकिन भ्रष्टाचार, देरी, ठेकेदारी और राजनीतिक हस्तक्षेप ने इन्हें लगभग ठप कर रखा है। यदि इन परियोजनाओं को निजी क्षेत्र की सहभागिता के साथ आधुनिक तरीके से पुनर्जीवित किया जाए तो प्रदेश ऊर्जा बेचकर भारी आय अर्जित कर सकता है। हिमाचल छोटा और सीमित संसाधनों वाला राज्य है। यदि राजनीतिक खींचतान में उलझा रहेगा, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। इसलिए कांग्रेस और भाजपा दोनों को मिलकर एक साझा आर्थिक सुधार नीति बनानी चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

### मराठी थियेटर और हिंदी सिनेमा के दिग्गज

**डॉ.** श्रीराम लागू भारतीय सिनेमा और मराठी रंगमंच के दिग्गज कलाकार थे। उनका जन्म 16 नवंबर 1927 को सतारा, महाराष्ट्र में हुआ। पेशे से वे नाक-कान-गले के सर्जन थे और एमबीबीएस व एमएस की डिग्री प्राप्त की।



डॉ. श्रीराम लागू
जन्म : 16 नवंबर,1927
मृत्यु : 17 दिसंबर,2019

बावजूद इसके, उन्हें अभिनय का शौक बचपन से ही था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मराठी थियेटर से की और 1971 में फिल्म 'आहट: एक अजीब कहानी' से हिंदी सिनेमा में प्रवेश किया।

श्रीराम लागू ने अपने फिल्मी करियर में 100 से अधिक हिंदी और 40 से अधिक मराठी फिल्मों में काम किया। वे 'पिंजरा', 'मेरे साथ चल', 'सामना', 'विधाता', 'खुद्दार', 'लावारिस', 'काला बाजार' जैसी फिल्मों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। 1978 में फिल्म 'घरौंदा' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। थियेटर में उनका सबसे चर्चित योगदान था नाटक 'नटसम्राट', जिसमें उन्होंने गणपत बेलवलकर (अप्पासाहेब बेलवलकर) की भूमिका निभाई। उनके शानदार अभिनय ने उन्हें मराठी थियेटर का मील का पत्थर बना दिया। उनका निधन 17 दिसंबर 2019 को पुणे में हुआ। ■



कविता

### संभाल

सरिता मलिक, कवयित्री एवं साहित्यकार

**तुमने** संभाल ली विरासत, वंश और नाम,
और मैंने संभाल ली
तुम्हारे नाम की तख्ती की चमक सहेजने की जिम्मेदारी,
तुमने संभाल ली अपने परों की ताकत और उनकी ऊंची उड़ान,
और मैंने संभाल लिए अपने ख्वाबों,
उम्मीदों और सपनों के तालाबंद संदूक,
तुमने संभाल ली रिश्तों की नजदीकियां और उनके दायित्व,
और मैंने संभाल ली अपनों से दूरियों की तकलीफें,
तुमने संभाल लिए बच्चों के नाम, उनकी जरूरतें और फैसले,
और मैंने संभाल ली हमेशा उनके तुम्हें मान देने
और सुनने की ताकीद की मुस्तैदी,
तुमने संभाल ली मेरे हर खास दिन पर अपनी पसंद उढ़ाने की रवायत,
और मैंने संभाल ली तुम्हारी पसंद पर मुस्कराने
और शुक्राना अदा करने की परंपरा,
तुमने संभाल लिए अपने बुलंद आवाज के परचम,
और मैंने सम्भाल लिए लफ्ज,
लहजे और खामोशी के तह किए गीले रूमाल,
सचमुच, व्यवस्थित दिखने के लिए
कितना कुछ संभालना होता है सिवाय स्वयं के।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चिट्टा जागरूकता पदयात्रा - एक सामाजिक क्रांति



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टौणी देवी, जिला हमीरपुर

चीता जब अपने लक्ष्य पर नजर गड़ाता है तो उसकी गति, सटीकता और संकल्प अद्वितीय होता है। वह न रास्ता बदलता है, न ही अपने शिकार से पहले रुकता है। आज हिमाचल प्रदेश को भी उसी चीते जैसी दृढ़ता और एकाग्रता की आवश्यकता है, क्योंकि नशे के विरुद्ध जंग अब केवल सामाजिक समस्या नहीं रही, यह जीवन और मृत्यु के बीच खड़ी भयानक चुनौती बन चुकी है।

नशा किसी व्यक्ति की कमजोरी भर नहीं, बल्कि पूरे समाज को भीतर तक चीर देने वाली वह आग है जो शरीर, मन, परिवार और सामाजिक संरचना को धीरे-धीरे राख बना देती है। इस विनाशकारी खतरे को समझना और उसके हर रूप को पहचानना अब अनिवार्य हो गया है।

चरस और गांजा अक्सर युवाओं की जिज्ञासा, मित्रता या मजाक में शुरू होने वाले पदार्थ हैं। धीरे-धीरे यही सरल शुरुआत उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर देती है, उनकी स्मरण शक्ति और निर्णय क्षमता को क्षीण कर देती है, और पढ़ाई, करियर व व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालती है। अफीम और हेरोइन जैसे पदार्थ शरीर की तंत्रिका प्रणाली पर इतना तेज हमला करते हैं कि व्यक्ति कुछ ही महीनों में निर्भरता के दुष्चक्र में फंस जाता है। इनसे बाहर आना कठिन और कई बार प्राणघातक चुनौती बन जाता है। सबसे बड़ा खतरा सिंथेटिक नशों का है छोटे पैकेटों में मिलने वाले रासायनिक तत्व जो युवाओं को कुछ ही दिनों में मानसिक रूप से तोड़ डालते हैं।

ये साधारण दिखते हैं, पर भीतर से भयावह बीमारियों, अवसाद और हिंसक प्रवृत्तियों को जन्म देते हैं। नशीली गोलियां और इंजेक्शन मेडिकल दुकानों की लापरवाही और आसान उपलब्धता के कारण एक गंभीर समस्या बन चुके हैं। वहीं शराब, जो कई बार समाज में सहज स्वीकार कर ली जाती है, धीरे-धीरे परिवारों की आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य और आपसी विश्वास को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है।

यही वजह है कि हिमाचल में नशे का संकट अब चेतावनी की सीमा पार कर चुका है। पिछले कुछ वर्षों में नशे से जुड़े मामलों में 25 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, और सबसे चिंतनीय तथ्य यह है कि इस लत का सबसे बड़ा शिकार 15 से 30 वर्ष के युवा बन रहे हैं। लगभग 70 प्रतिशत मामलों में यही आयु वर्ग प्रभावित है। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन टूटते सपनों, रोते घरों और असमय बिखरती जिंदगियों की गवाही देते हैं, जिन्हें बचाया जा सकता था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नशे से पीड़ित लगभग 40 प्रतिशत युवा उपचार तक नहीं पहुंच पाते, क्योंकि समाज उन्हें दोष देता है, परिवार शर्म और भय में चुप रह जाता है, और प्रशासन तक पहुंचने में देर हो जाती है। यही सामाजिक चुप्पी इस समस्या को और गहरा कर देती है।



इसलिए यह लड़ाई सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बन चुकी है। हर माता-पिता को अपने बच्चों से खुलकर संवाद करना होगा, हर शिक्षक को छात्रों में आने वाले बदलावों को समझकर समय रहते हस्तक्षेप करना होगा, हर पंचायत को नशाविरोधी गतिविधियों को नियमित बनाना होगा। जब समाज सामूहिक रूप से विरोध करता है तो अपराध की जड़ें स्वयं कमजोर पड़ जाती हैं। हिमाचल की शांत वादियों, पवित्र नदियों और निर्मल वातावरण के बीच नशे की यह काली परछाई ऐसी भयावह स्थिति पैदा कर चुकी है कि इसे नजरअंदाज करना भविष्य के साथ विश्वासघात होगा। स्कूलों में गिरता अनुशासन, युवाओं में बढ़ती हिंसा, घरों में तनाव, अपराधों में इजाफा और अस्पतालों पर बढ़ता बोझ सब यह बताते हैं कि नशा अब एक परिवार की समस्या नहीं रहा; यह एक सामूहिक त्रासदी का रूप ले चुका है।

ऐसे निर्णायक समय में हिमाचल सरकार ने नशे के विरुद्ध बड़ी, व्यापक और कठोर लड़ाई शुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। तीन महीने तक चलने वाला चिट्टा जागरूकता पदयात्रा अभियान इसी संकल्प की प्रतिध्वनि है। यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को बचाने का आह्वान है। इस अभियान की शुरुआत 15 नवंबर को शिमला से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कर दी है। यह उस ऐतिहासिक लड़ाई का शंखनाद है, जिसमें सरकार पूरे प्रदेश को साथ लेकर चलने जा रही है। अब यह लड़ाई कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर, गांवगांव और घरघर में लड़ी जाएगी।

यह अभियान तीन मजबूत स्तंभों पर आधारित है रोकथाम, उपचार और कठोर कार्रवाई। रोकथाम के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और युवा समूहों में प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बच्चों को प्रारंभिक उम्र में ही नशे के दुष्प्रभाव समझाए जाएंगे। शिक्षकों और अभिभावकों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित होंगे ताकि वे नशे की शुरुआती पहचान कर सकें। जिला और ब्लॉक स्तर पर नशा मुक्ति केंद्रों को सुदृढ़ किया जाएगा, जहां पीड़ित युवाओं को उपचार, परामर्श और पुनर्वास उपलब्ध होगा। रोजगार और कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस, प्रशासन और विशेष दल नशे की खेती, तस्करी और वितरण पर सख्त कार्रवाई करेंगे। मेडिकल दुकानों और अवैध दवाओं पर नियंत्रण बढ़ाया जाएगा। अंतरराज्यीय गिरोहों पर नकेल कसने के लिए विशेष तंत्र तैयार किया गया है, लेकिन असली शक्ति जनता है। जब पंचायत, ब्लॉक और परिवार जागरूक होंगे, तभी हिमाचल के वादियां नशे के अंधकार से मुक्त होंगी। संकल्प, एकता और दृढ़ता से ही यह कठिन लड़ाई सफल होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार चुनाव : दस हजार का दांव और भाजपा की अभूतपूर्व विजय



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक
कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर

बिहार विधानसभा चुनाव समाप्त हुआ और परिणाम महाराष्ट्र व गुजरात की तरह लगभग एकतरफा रहे। इस चुनाव में भाजपा न केवल जदयू से आगे निकली, बल्कि 101 सीटों पर चुनाव लड़कर 94 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। महज 90 लाख वोट हासिल कर इतनी सीटें जीतना भारतीय चुनावी प्रक्रिया में एक नया रिकॉर्ड है, जो कभी कांग्रेस भी नहीं कर पाई।

यह परिणाम इतना अप्रत्याशित है कि राजनीतिक समीक्षक भी असहज हैं कि विपक्ष कहां से गिरा और यह परिणाम कैसे संभव हुआ। विपक्ष का मत है कि सौ प्रतिशत मतदान क्षेत्रों में वोट चोरी हुई, परंतु जनता का निर्णय या चुनाव आयोग की प्रक्रिया-दोनों को मानना ही होगा। बिहार का युवा वोट की धांधली पर सड़क पर आएगा या नहीं, यह समय तय करेगा। फिलहाल पूरे देश में बिहार से लेकर बंगाल, दिल्ली, हिमाचल और अरुणाचल तक भाजपा की जीत का जश्न मनाया जा रहा है। कमल के झंडे, गुलाल और मिठाइयों के बीच भाजपा अपने राजनीतिक सफर की सबसे बड़ी जीत मना रही है। इस जीत से मोदी को संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलने वाली चुनौती भी समाप्त मानी जा रही है।

अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर संगठनात्मक संरचना में वही होगा, जो मोदी चाहेंगे। विपक्ष, खासकर कांग्रेस, मोदी की इस लोकप्रियता को 'वोट चोरी' के आरोप से कमजोर नहीं कर पा रही है। महागठबंधन की हार का सबसे बड़ा कारण यह रहा कि उनके किसी बड़े वादे पर न महिलाओं का भरोसा बना और न युवाओं का। तेजस्वी यादव की 'पढ़ाई, कमाई, दवाई' वाली बात भी प्रभावी नहीं रही। बड़ी संख्या में युवाओं ने बिहार को छोड़कर अन्य राज्यों में मजदूरी को ही विकल्प माना और उसी मानसिकता से वोट किया कि जंगल राज वापस न आए और जैसा चल रहा है वही चलता रहे। भाजपा की जीत में सबसे निर्णायक भूमिका 45 प्रतिशत महिला मतदाताओं की थी, जिनके खातों में चुनाव से पहले 10 हजार रुपए पहुंचे। जिनको नहीं मिले, उन्होंने इस उम्मीद में वोट दिया कि सत्ता आने पर उन्हें भी यह सहायता मिलेगी।



'जीविका दीदी-दस हजार' की योजना ने पूरे चुनाव का गणित बदल दिया। विपक्ष इस योजना की ताकत नहीं समझ पाया और इसे नकारने में लगा रहा, लेकिन यह दस हजार रुपए भाजपा के पक्ष में पूरे परिवार के वोट में बदल गए। एक करोड़ महिलाओं को दिए गए दस हजार करोड़ रुपए सीधे दो सौ सीटों के रूप में भाजपा को लौटे-यह चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष है। सीमांचल में ओवैसी की एआईएमआईएम ने मुस्लिम मतों में उल्लेखनीय विभाजन कर भाजपा को बीस सीटें दिलवाईं। महागठबंधन चाहे उन्हें साथ रखता, फिर भी दस हजार रुपए का प्रभाव इतना बड़ा था कि वे स्थिति नहीं बदल पाते। सीट बंटवारे में देरी, मुकेश साहनी को उपमुख्यमंत्री घोषित करना और राहुल गांधी का यात्रा समाप्ति के बाद बिहार से दूर रहना भी महागठबंधन के लिए नुकसानदेह रहा।

पीडीए की राजनीति करने वाले अखिलेश यादव और जातीय संतुलन पर भरोसा करने वाले तेजस्वी यादव दोनों के समीकरण दस हजार की इस योजना के सामने ढह गए। कांग्रेस की हालत और भी खराब है-संगठन कमजोर, नेतृत्व अस्थिर, और गुटबाजी चरम पर है।

इस चुनाव ने बिहार की राजनीति में ऐसी लकीर खींच दी है जिसे मिटाना आसान नहीं। जाति के समीकरण, यादव-मुसलमान का गठजोड़ सब ध्वस्त हुए। बिहार के मतदाताओं ने पलायन, मजदूरी और स्थिरता को ही प्राथमिकता दी। यह स्पष्ट है कि अब मोदी को हराना विपक्ष के लिए लगभग असंभव होता जा रहा है। महिलाओं पर केंद्रित प्रत्यक्ष लाभांश योजनाओं ने भाजपा के लिए चुनावी सफलता का नया मॉडल तैयार कर दिया है, जो आगे अन्य राज्यों में भी दोहराया जाएगा। दस हजार का यह चुनावी प्रयोग इतिहास में दर्ज हो गया है और भाजपा की यह रणनीति आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति की दिशा तय करेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस : सत्य, स्वतंत्रता और लोकतंत्र का उत्सव




केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

हर वर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल पत्रकारिता का उत्सव नहीं, बल्कि लोकतंत्र की उस शक्ति को नमन है जो सत्य, निर्भीकता और जनहित के लिए खड़ी रहती है।

भारत में इसी दिन वर्ष 1966 में प्रेस परिषद (Press Council of India) की स्थापना हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा करना और मीडिया को जिम्मेदारी तथा नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाना था। आज जब सूचना के साधन अत्यधिक विस्तृत और प्रभावशाली हो चुके हैं, तब इस दिवस का महत्व पहले से भी अधिक बढ़ गया है।

लोकतंत्र तभी मजबूत बनता है जब जनता तक सही, संतुलित और तथ्य आधारित जानकारी पहुंचे। पत्रकारिता जनता और सत्ता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। यह गलत को उजागर करने का साहस रखती है और सही को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व निभाती है। वर्तमान समय में जब जानकारी की बाढ़ ने लोगों को उलझन में डाल दिया है, तब स्वतंत्र, नैतिक और निष्पक्ष पत्रकारिता ही वह मार्गदर्शक है जो सत्य और भ्रम के बीच स्पष्ट अंतर दिखाती है। यही कारण है कि सत्य दिखाना पत्रकार का धर्म और सत्य पर टिके रहना पत्रकारिता का मूल चरित्र माना जाता है।

आज प्रेस अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। फेक न्यूज, भ्रामक सूचनाओं का तेज प्रसार, और सोशल मीडिया का अनियंत्रित प्रभाव पत्रकारिता की विश्वसनीयता को चुनौती देता है। व्यावसायिक दबावों के कारण कई बार खबरों में पक्षपात दिखाई देने लगा है। इसके अतिरिक्त पत्रकारों की सुरक्षा, असुरक्षित कार्य परिस्थितियां और क्षेत्रीय मीडिया का आर्थिक संकट भी बड़ी समस्याएं बनकर सामने आए हैं। इन चुनौतियों के बावजूद पत्रकार कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई तक पहुंचते हैं और जनता तक वास्तविक तथ्य पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। यही उनका साहस और प्रतिबद्धता पत्रकारिता को विशेष बनाती है।




प्रेस की सबसे बड़ी पूंजी उसकी विश्वसनीयता है। आज का पाठक केवल खबर नहीं चाहता, बल्कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और तथ्य आधारित विश्लेषण की अपेक्षा करता है। प्रिंट मीडिया आज भी गहराई, अनुसंधान और सत्यापन पर आधारित पत्रकारिता का मजबूत स्तंभ है। समाचार पत्र समाज, राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और जनजीवन के अनेक पहलुओं का संतुलित विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं, जो एक सुचित, जागरूक और विचारशील समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही आधुनिक युग में डिजिटल पत्रकारिता ने मीडिया को नई दिशा दी है। ई-पेपर, मल्टीमीडिया रिपोर्टिंग, लाइव अपडेट, डाटा-आधारित विश्लेषण और इन्वेस्टिगेशनल वेब स्टोरीज ने पत्रकारिता को तेज, आधुनिक और अधिक सुलभ बनाया है। यह बदलाव सकारात्मक है, बशर्ते गति की इस दौड़ में सत्य की गुणवत्ता और नैतिक मानक कमजोर न हो जाएं। भारत की प्रेस परिषद पत्रकारों और समाचार माध्यमों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ मीडिया की नैतिकता बनाए रखने का भी कार्य करती है। यह संस्था प्रेस की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है और शिकायतों पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करती है। इसलिए राष्ट्रीय प्रेस दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

प्रेस सिर्फ एक उद्योग नहीं, बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकारिता जनता की आवाज है, समाज का आईना है और देश का प्रहरी है। आज आवश्यक है कि पत्रकारों को सम्मान, सुरक्षा और एक स्वतंत्र वातावरण मिले, ताकि वे सत्य और जनहित के प्रति अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभा सकें। इस दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सत्यनिष्ठ, नैतिक और जिम्मेदार पत्रकारिता का समर्थन करेंगे, क्योंकि जहां प्रेस स्वतंत्र और मजबूत होती है, वहीं लोकतंत्र भी उतना ही सशक्त होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जीवन में हर तरफ व्याप्त कोलाहल और तनाव की वास्तविकता



अलका कांसरा
रिटायर्ड शिक्षाविद्

आज के जीवन में जहां तकनीकी विकास और आधुनिकता ने हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, वहीं मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है। हर तरफ एक प्रकार का कोलाहल सा महसूस होता है, जहां शोर, गुस्सा, और आक्रोश के बादल छाए हुए हैं। जीवन के हर क्षेत्र में शिकायतें, गिले-शिकवे और तनातनी व्याप्त हो गई है। परिवार टूट रहे हैं, रिश्ते टूट रहे हैं और लोग बाहर से भले ही साथ लगते हों, लेकिन अंदर से टूटे हुए हैं। एक-दूसरे से दूर होकर, अपने-अपने कमरे में बंद रहते हैं।

सड़क से लेकर घर तक, हर जगह गुस्सा और हिंसा बढ़ती जा रही है। सुबह अखबार खोलो तो ट्रैफिक में मारपीट की खबरें, सड़क पर शोर-शराबा और झगड़े की खबरें छाई रहती हैं। कोई कार ओवरटेक कर जाए तो गुस्सा, कोई अनजाने में कार को छू दे तो गुस्सा, और अगर ट्रैफिक में दो गाड़ियों में थोड़ी भी टक्कर हो जाए तो मामूली बात बड़ा झगड़ा बन जाती है। यह गुस्सा और हिंसा केवल सड़क तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह हमारे मन और समाज के हर हिस्से में फैल चुकी है।

स्कूल में बच्चे और अध्यापक के बीच का रिश्ता भी तनावपूर्ण हो गया है। बच्चे अगर गलती करते हैं या कुछ गलत समझते हैं, तो अध्यापक की डांट पर भी मां-बाप सीधे स्कूल जाकर शिकायत करने लगते हैं। वे भूल जाते हैं कि अध्यापक का उद्देश्य बच्चों का भला करना होता है, लेकिन यह गलती और विवाद बढ़ने से बच्चे ही समाज के लिए समस्या बन जाते हैं। परिवार टूटने से बच्चों के मन में असुरक्षा, क्रोध और मानसिक अस्वस्थता की समस्याएं पैदा होती हैं। जब बच्चे घर में झगड़े और तलाक की बात सुनते हैं तो वे अपनी भावनाओं को सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाते और गुस्सा बनाकर बाहर निकालते हैं। मां-बाप की थकान और तनाव भी घर के माहौल को खराब कर देती है। वे एक-दूसरे पर ही क्रोध बरसाते हैं और इस कारण परिवार में शांति खत्म हो जाती है। यह तनाव बच्चों पर भी असर डालता है।छोटी-छोटी बातों पर पड़ोसी से झगड़ा, घर में काम करने वालों के साथ विवाद, ऑफिस में सहकर्मियों से टकराव-ये सभी तनाव समाज के बड़े मुद्दे बन जाते हैं। टीवी पर राजनीतिक बहस देखकर लोगों में द्वेष और वैमनस्य बढ़ता है, जाति और धर्म के नाम पर लड़ाई होती है। परिवार के अंदर की यह अस्थिरता पूरे समाज के लिए खतरा बन जाती है। वोट बैंक की राजनीति भी समाज के ताने-बाने को कमजोर करती है। यह मानसिक कोलाहल बच्चों को भी प्रभावित करता है।



वे भ्रमित और अशांत मनोस्थिति के कारण रेडिकल विचारों की ओर आकर्षित होते हैं। ऐसे बच्चे पत्थर फेंकने या हिंसा करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं, जिसका समाज पर बड़ा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस परिस्थिति से बाहर निकलने का एक ही रास्ता है-परिवार और समाज को बच्चों को शांत और संतुलित जीवन जीना सिखाना होगा। बड़े यदि अपने बच्चों को जीवन में सहजता, प्रेम, और सहानुभूति के मूल्य सिखाएं, तो समाज में शांति स्थापित हो सकती है। बच्चों को ईश्वर के प्रति प्रेम और श्रद्धा के साथ साथ एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सहायकता और समर्पण का भाव विकसित करना होगा। धर्म को केवल ईश्वर तक पहुंचने का माध्यम समझना होगा, न कि एक ऐसा बहाना जो अलगाव और द्वेष फैलाए।

जब परिवार के सदस्य एक-दूसरे की मदद करेंगे, और मन के अंदर की शांति बनाएंगे, तभी इस क्रोध, कोलाहल और आक्रोश में कमी आएगी। जातिवाद, धार्मिक ताने-बाने और विभाजन का खतरा कम होगा। हमें समझना होगा कि हम सभी केवल इंसान हैं, और हमारा उद्देश्य एक दूसरे के साथ मेल-मिलाप में रहना होना चाहिए। तभी हमारा समाज सशक्त होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जोगिंद्रनगर में हॉट स्पॉट चिन्हित, नशा माफिया पर बुलडोजर चलाने की तैयारी

## युवाओं और पुलिस के साथ नशे के खिलाफ निर्णायक जंग की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्र में नशे के हॉट स्पॉट चिन्हित कर दिए गए हैं और अब सक्रिय ड्रग माफिया की अवैध संपत्तियों पर बुलडोज़र चलाने का निर्णय लिया गया है।

शनिवार को इस मुहिम की शुरुआत सार्वजनिक मंच से की गई, जिसमें पुलिस विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने संकल्प का ऐलान किया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों, प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय अधिकारियों ने रैली निकाली। रैली में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर, थाना प्रभारी सकीनी कपूर, आईटीआई जोगिंद्रनगर की प्राचार्य इंजीनियर नवीन कुमारी सहित



जोगिंद्रनगर में नशे के विरुद्ध निकाली रैली में शामिल कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर आईटीआई प्राचार्य इंजीनियर नवीन, थाना प्रभारी सकीनी कपूर व स्थानीय लोग।

शहर और आसपास की पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में एकजुट होने का संकल्प लिया।

जीवन ठाकुर ने घोषणा की कि जोगिंद्रनगर में सक्रिय ड्रग पैडलर्स की सूचना देने वाले व्यक्ति को 21 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस मुहिम को अपना व्यक्तिगत दायित्व समझकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नशे की इस लड़ाई में समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ रह सके। आईटीआई प्राचार्य इंजीनियर नवीन कुमारी ने कहा कि तकनीकी शिक्षण संस्थान के शिक्षक और विद्यार्थी भी नशे के खिलाफ पूरी

**ड्रग्स पैडलर्स की सूचना देने पर 21 हजार का इनाम घोषित**

तरह एकजुट हैं। संस्थान स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिससे हर घर तक नशामुक्त समाज का संदेश पहुंचे।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने नशे को समाज के लिए 'धीमा जहर' बताया और कहा कि पुलिस नशे के सेवन और इसके व्यापार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि अगर समाज पूरी ताकत से आगे आए, तो प्रदेश को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य जल्द ही पूरा किया जा सकता है। रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और युवा शामिल हुए।

### सरदार पटेल विवि मंडी में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# स्वाभिमान और न्याय जीवन मूल्यों में हों शामिल : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग एवं लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम जनजातीय गौरव, पहचान एवं प्रगति का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव शशि पाल नेगी ने की तथा डॉ. सुनील ठाकुर विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि सहित सभी अतिथियों ने इतिहास विभाग द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

विभागाध्यक्ष इतिहास डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने स्वागत करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा 2021 से इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाना इस बात का संकेत है कि देश अब उन नायकों को सम्मान दे रहा है जो लंबे समय तक इतिहास के मुख्य पन्नों से अनुपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय





भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम में शिरकत करते हुए गणमान्य।

स्वतंत्रता आंदोलन के अद्भुत नायक थे जिन्होंने सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान और स्वाधीनता की लौ प्रज्वलित की। कार्यक्रम अध्यक्ष शशि पाल नेगी ने इस अवसर पर कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक क्रांतिकारी नहीं बल्कि वे सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और स्वराज की भावना के अमर प्रतीक हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील ठाकुर ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. रामपाल ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भारत के महान जननायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जनजातीय अस्मिता के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, विचारधारा एवं योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में इतिहास विभाग से चन्द्रा कुमारी, सुहानी शर्मा व लोक प्रशासन विभाग से आंचल शर्मा सहित विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, विचारधारा एवं योगदान पर विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ. रामपाल कार्यक्रम संयोजक एवं विभागाध्यक्ष लोक प्रशासन विभाग, सहायक आचार्य विकेश कुमार, राजेश कुमार, अतिथि सहायक आचार्य कृष्ण कुमार, डॉ. राजिंद्र कुमार, डॉ. गीता, मानवी शर्मा व दुश्मा कुमारी शोधार्थी राहुल, वेद, राजु व सूर्य प्रकाश सहित इतिहास विभाग एवं लोक प्रशासन विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घांघल में महिला प्रशिक्षुओं ने सीखा योग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** ग्राम पंचायत घांघल में पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंडी द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को योग की क्रियाएं करवाई गई। आयुर्वेदिक हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र महादेव के योग गाइड राजेंद्र कुमार एवं रीता कुमारी द्वारा प्रशिक्षुओं को योग एवं व्यायाम के महत्व को समझाया गया कि किस प्रकार योग एवं व्यायाम महिलाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ मन एवं तन ही परिवार एवं राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इस मौके पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी अपूर्वा शर्मा, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी शकुंतला शर्मा, कामाक्षा महिला मंडल की प्रधान निशा ठाकुर, मास्टर ट्रेनर स्वाति शर्मा एवं सपना गर्ग जी मौजूद रही।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मंडी में रविवार को सूचना एवं जन संपर्क विभाग की ओर से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सूचना विभाग के अनुसार इस वर्ष भारतीय प्रेस परिषद ने प्रेस दिवस का मुख्य विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण निर्धारित किया है। इसी विषय को आधार बनाकर पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप, विश्वसनीयता और समकालीन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन होंगे। यह आयोजन 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे डीआरडीए सभागार, मंडी में होगा। कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के सभी प्रेस प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी सहभागिता करेंगे।

### एनएसआईसी ने छात्रों में जगाई उद्यमिता की अलख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) मंडी ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट विभाग में शुक्रवार को एमएसएमई मंत्रालय की ईएसडीपी योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 130 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार सृजक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में एनएसआईसी के मुख्य प्रबंधक लोकेश भाटिया ने सफल उद्यमिता के गुण, संभावनाओं और सरकारी योजनाओं–जैसे रैम्प, एटीआई और एससी-एसटी हब–के माध्यम से उपलब्ध कौशल प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी साझा की। जिला उद्योग केंद्र मंडी के दिलीप भारद्वाज ने स्वरोजगार अवसरों और एमएसएमई क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सफल उद्यमी विवेक आनंद ने अपने अनुभव साझा कर छात्रों को प्रेरित किया। विभाग के डीन पवन चांद ने बताया कि कार्यक्रम के सभी सत्र छात्रों को उद्यमिता का व्यावहारिक व मूलभूत ज्ञान प्रदान करने पर केंद्रित रहे।

### बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में तंबाकू नियंत्रण और बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से गठित फ्लाइंग स्क्वाड की बैठक खण्ड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गठित फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा छापेमारी कर बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और सरकार की नोटिफिकेसन अनुसार दोषियों के खिलाफ चालान की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में कोटपा 2003, पीईसीए 2019 और तम्बाकू वेंडर लाइसेंस एक्ट 2016 के अंतर्गत क़ानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया अमल में लाने का निर्णय लिया गया।

### नशे की रोकथाम के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति द्वारा युवा बचाओ नशा मुक्ति कला जत्थे द्वारा सजाओपीपलु और टिहरा में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सजाओपीपलु में पंचायत प्रधान सरिता ठाकुर ने अध्यक्षता की और डॉ सुशांत शर्मा एमओ सीएचसी मढ़ी मुख्य अतिथि और स्थानीय पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजगोपाल विशेष अतिथि और टिहरा में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान अंजू रांगड़ा ने की और शिक्षाविद रिटायर्ड बीईओ दीवान चन्द मुख्य अतिथि और एफ़पीओ के अध्यक्ष सत्तपाल चौहान विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा स्थानीय आयोजन समितियों के पदाधिकारियों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी व आशा वर्करों पूर्व सैनिकों, स्कूली बच्चों तथा स्थानीय लोगों ने इनमें भाग लिया। समिति की सचिव सुनिता बीस्ट, संस्थापक सदस्य भूपेंद्र सिंह, वेटर्न इंडिया के अध्यक्ष कैप्टन रमेश तपवाल, रणताज़ राणा, हेमराज, सतीश कुमार, हेमराज, राजेंद्र पाल यशपाल पठानिया, सत्तपाल चौहान इत्यादि ने आज के कार्यकर्मो में विचार रखे।

### आधुनिक बागवानी तकनीकों पर प्रशिक्षण पूरा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सैंटर ऑफ एक्सीलेंस, सिद्धपुर में 11 से 15 नवंबर तक आयोजित 5 दिवसीय सामान्य बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह में संयुक्त निदेशक बागवानी विद्या प्रकाश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बागवानी में नई दिशा देने का आग्रह किया। इस प्रशिक्षण में कुल 33 किसान शामिल हुए, जिनमें 20 हमीरपुर और 13 मंडी जिला से थे। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को अनार, सिट्रस, ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो, ब्लूबेरी और मैकाडामिया नट जैसी वाणिज्यिक फसलों की उन्नत खेती पद्धतियों की जानकारी दी गई। साथ ही सूक्ष्म सिंचाई, फल संरक्षण, प्रसंस्करण, क्लाइमेट स्मार्ट हॉर्टिकल्चर और पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को उत्कृष्ट बागानों का क्षेत्रीय भ्रमण भी करवाया गया। समारोह में विभागीय अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### बलद्वाड़ा कॉलेज की छात्राओं का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकारी कॉलेज बलद्वाड़ा की प्रतिभाशाली छात्राओं ने एसपीयू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में 8 पदक जीतकर कॉलेज को विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान दिलाया। प्रतियोगिता से विजयी होकर लौटने पर छात्राओं का कॉलेज परिसर में ढोल-नगाड़ों, तालियों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. दायक राम ने छात्राओं को फूलमालाएँ पहनाकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। समन्वयक डॉ. संजय और आयोजन सचिव प्रो. अशिवनी कुमार मंदोत्रा ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। स्वागत समारोह में सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया, मिठाइयाँ वितरित की गईं।

## कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण विकास को पूरी तरह पंगु बना दिया: जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत समौन, टिहरी, बरतो, चुरड़ और चमुखा में जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनने के बाद राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही और कुशासन के कारण ग्रामीण विकास पूरी तरह थम गया है। लोगों ने साफ तौर पर बताया कि बुनियादी सुविधाएं तक बदहाल हो चुकी हैं और सरकार जमीन पर कोई भी काम नहीं कर रही। राकेश जमवाल ने कहा कि ग्रामीणों की सबसे बड़ी चिंता पुंघ–घांघणू सड़क की खस्ता हालत है। सड़क में जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे हैं और यह समझना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न सिर्फ सरकार की विफलता को उजागर करती है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सरकार की संवेदनहीनता भी दिखाती है। मरीजों, बुजुर्गों, छात्र–छात्राओं सभी को कठिनाई झेलनी पड़ रही है।

# रंधाड़ा स्कूल के होनहार नवाजे



रंधाड़ा स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंधाड़ा में आयोजित वार्षिक खेलकूद, अकादमिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सरोज ठाकुर ने की।

इस अवसर पर बच्चों को वार्षिक, खेलकूद व सांस्कृतिक पुरस्कार वितरित किए गए। छठी कक्षा में प्रथम स्थान रानिया शर्मा, द्वितीय स्थान कपिल कुमार और तृतीय स्थान ललिता ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में स्मृति, मुस्कान, कनिका यादव। कक्षा आठवीं में मानसी, मुस्कान, पायल, कक्षा नौवीं में नंदनी, दिव्या, जतिन, लीना ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं में मीनाक्षी, इशिका, जतिन और कक्षा 11वीं आर्ट्स में मनीषा, पलक शर्मा, हंसिका, कक्षा जमा दो कला संकाय में तनू, जिया शर्मा, वंशिका और विज्ञान संकाय में मुस्कान, दिपिका व विवेक रहे। अधिकतम उपस्थिति के लिए क्रमशः कक्षावार यामिनी, राधिका शर्मा, जाह्नवीं, निशांत, वरुण, नितिका, ज्योति व कार्तिक को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीशा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष गीता शर्मा व सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति रही।

## एनडीए की जीत जनता का पीएम के नेतृत्व पर भरोसे का प्रतीक: चंदन

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सचिव चंदन पंडित ने कहा कि यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, नीतियों और विज़न पर पूर्ण विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि गरीब हितैषी योजनाओं, पारदर्शी शासन व्यवस्था और निर्णायक नेतृत्व ने देश में विकास और भरोसे की नई धारा को जन्म दिया है, जबकि बिहार की जनता ने नकारात्मक राजनीति, परिवारवाद और भ्रम फैलाने वाली ताकतों को सिरे से खारिज कर दिया। चंदन पंडित ने कहा कि महागठबंधन की झूठ और जातिगत राजनीति आधारित रणनीति विफल साबित हुई है और यह परिणाम विपक्ष की नेतृत्वहीनता का स्पष्ट प्रमाण है।

**बोले–विकास विश्वास और पारदर्शिता की नीति ने दिलाई विजय**

# बिहार में कांग्रेस 4 पर ढेर, हिमाचल में आएगी जीरो सीट : अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी तथा सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए बिहार की जनता का अभिनंदन किया। अजय ठाकुर ने कहा कि यह बिहार में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए कार्यों का सुफल है।

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिहार में कांग्रेस के स्टार प्रचारक थे, वे हिमाचल के मुख्यमंत्री के नाते एक भी चुनावी वादा नहीं पूरा कर सके, बिहार की जनता उनके बरगलाने में नहीं आई, जिस तरह कांग्रेस बिहार में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सकी है, हिमाचल में आगामी चुनावों में कांग्रेस की जीरो सीट आएगी।

अजय ठाकुर ने कहा कि राजद के गुंडों ने लालू-राबड़ी शासन में जिस तरह की गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार किया है, उसकी पीड़ा जनता में आज भी है। बिहार की जनता ने यह संदेश दिया है कि राहुल–तेजस्वी जैसे परिवारवादी–भ्रष्टाचारी को जनता कभी नहीं जीतने देगी। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी को शासन के नाम पर केवल भ्रष्टाचार और सरकारी पैसे पर मौज–मस्ती आती है, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का शासन भ्रष्टाचार, अक्षमता का प्रतीक है।

**कहा, महाठगबंधन को जनता ने फिर नकारा**

# धर्मपुर बार एसोसिएशन के सुरेश कुमार राठौर प्रधान और रविंद्र चंदेल बने सचिव



धर्मपुर बार एसोसिएशन का गठन वरिष्ठ अधिवक्ता भूप सिंह की अध्यक्षता में किया गया।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर न्यायालय परिसर में धर्मपुर बार एसोसिएशन का गठन वरिष्ठ अधिवक्ता भूप सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें प्रधान सुरेश कुमार राठौर, उपप्रधान सनी वर्मा, सचिव रविंद्र चंदेल, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार व सह सचिव नेहा को नियुक्त किया गया। उपरोक सभी को सर्वसम्मति से चुना गया।

नवनियुक्त प्रधान सुरेश कुमार राठौर ने अधिवक्ताओं को धन्यवाद दिया तथा आश्वासन दिया कि जहां भी अधिवक्ताओं के हक की बात होगी मैं उनके लिए सबसे पहले मौजूद रहूंगा तथा उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अनुरोध किया की वह इस नवनियुक्त बार एसोसिएशन का सहयोग करें तथा आने वाले समय में अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर एकजुट होकर प्रगति की राह पर चले। नव नियुक्त प्रधान सुरेश राठौड़ ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह बार एसोसिएशन की गरिमा को बनाए रखना अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने तथा न्याय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे उन्होंने सहयोग पारदर्शिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों ने नव निर्वाचित प्रधान को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## कांग्रेस की गारंटियां 3 वर्ष बाद भी अधूरी: अजय राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की चुनावी गारंटियाँ पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। न कोई बजट प्रावधान है, न लाभार्थियों की सूची और न ही किसी प्रकार की प्रगति रिपोर्ट सरकार ने जनता के सामने रखी है। राणा ने कहा कि जनता सरकार से पूछ रही है कि तीन वर्षों में इस योजना की वास्तविक स्थिति क्या है और महिलाएँ लाभ से वंचित क्यों हैं। अजय राणा ने बताया कि आपदा के सबसे कठिन दौर में केंद्र सरकार ने हिमाचल को 5500 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी। इसके बावजूद राज्य सरकार राहत पहुँचाने में सुस्त रही, जिससे कई प्रभावित परिवार अब भी उचित मदद की प्रतीक्षा में हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश आपदा के घावों से उबर भी नहीं पाया है, तब सुक्खू सरकार मंडी में जश्न मनाने की तैयारी कर रही है, जो संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। राणा ने कहा कि प्रदेश में न नियमित चीफ़ सेक्रेटरी है, न डीजीपी, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और युवाओं की नौकरियाँ अधर में लटकी हैं। निर्माणाधीन घरों को 7–7 लाख देने का वादा भी अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार भाजपा शासनकाल की योजनाओं और कार्यालयों के नाम बदलकर उन्हें अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है। डॉक्टरों के तबादले तक राजनीतिक आधार पर किए जा रहे हैं।

# कुर्सी और टेबल हटाने के विरोध में सरकाघाट में न्यायिक कामकाज ठप, वकीलों ने किया प्रदर्शन



सरकाघाट और धर्मपुर बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप कर जोरदार प्रदर्शन किया।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी कोर्ट परिसर में सैड के भीतर कुछ अधिवक्ताओं द्वारा लगाई गई कुर्सियों और टेबलों को वीरवार रात हटाए जाने के विरोध में सरकाघाट बार एसोसिएशन भी खुलकर समर्थन में आ गई है। इसी मुद्दे को लेकर सरकाघाट और धर्मपुर बार एसोसिएशन ने न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रखते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। शनिवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजपाल सिंह की अध्यक्षता में सरकाघाट कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं और उनके प्रतिनिधियों के साथ हुए दर्व्यवहार की कड़ी निंदा की जाती है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाने तथा जिम्मेदारी तय करने की मांग दोहराई। बार अध्यक्ष राजपाल सिंह ने स्पष्ट कहा कि न्यायिक व्यवस्था की गरिमा सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर पक्षपातपूर्ण या असमान व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा। बार प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले का त्वरित समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष एडवोकेट अनीष, महासचिव राजेंद्र भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष अजय चंदेल, पूर्व महासचिव दिनेश कुमार, मनीष कंवर, वर्षा ठाकुर, देश राज, अजय ठाकुर, मनोज जम्वाल, रूपलाल भारद्वाज, लाल सिंह, संजय कुमार, अंकुश पठानिया, अरविंद पठानिया सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**अभियान** फसलों में गुणवत्ता लाने के लिए कृषि विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में की टेस्टिंग

# 90 किसानों ने करवाई अपनी मिट्टी की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कृषि विभाग ने 14 नंबर से चौहार घाटी की पंचायतों में मृदा टेस्टिंग का विशेष अभियान शुरू किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों की फसल की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग जिला मंडी जॉन के उपनिदेशक डॉक्टर राम चंद्र चौधरी ने विशेष अभियान शुरू कर दिए हैं। कृषि विभाग के विशेष अभियान में सबसे पहले ड्रगम क्षेत्र चौहार घाटी की सनवाड़ और बथेरी पंचायत के लगभग 90 किसानों ने अपनी खेती की मिट्टी की टेस्टिंग मृदा वाहन प्रयोगशाला में करवाई है। जिसकी रिपोर्ट आने वाले तीन से चार दिनों में विभाग द्वारा मृदा कार्ड जारी कर दी जाएगी। इस अभियान के तहत, किसानों द्वारा 500– 500ग्राम मिट्टी प्रयोगशाला वैन तक पहुंचाई कृषि विभाग की टीम द्वारा प्रयोगशाला वाहन में किसनों की मिट्टी की जांच को लाईव दृश्य दिखाते मिटी की जांच ही नहीं की बल्कि कृषि प्रसार अधिकारियों द्वारा किसानों को कई एहम जानकारियां भी दी गई। किसानों के खेतों में जाकर मिट्टी के नमूने जांच के लिए कैसे उठाने हैं और क्या क्या जांच मिट्टी की होनी चाहिए विभिन्न समस्याओं से अवगत भी करवाया।

यह योजना 2015 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी खेती की मिट्टी की जांच करवाने और आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी प्रदान करना है। लेकिन दुर्गम क्षेत्रों में जैसे चौहार घाटी के किसानों को इस योजना की जानकारी न होने पर कृषि उपनिदेशक डॉक्टर राम चंद्रा चौधरी ने द्रंग ब्लॉक के एसएमएस सोनम को आदेश देकर घाटी के किसानों के लिए विशेष अभियान शुरू करने के आदेश दिए हैं।

किसानों को उनकी खेती की मिट्टी की जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित करना व किसको को आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी प्रदान करना, फसल की गुणवत्ता बढ़ाना, किसानों की आय बढ़ाना है।

इन किसानों रफीक, रमेश कुमार, महेंद्र पाल, कलापति भूरी देवी, जोगिंद्र कुमार, महेंद्र पाल बंसी लाल, रेशमा देवी, दूनी चंद, गुलाब सिंह, पार्वती, गुड़ी देवी, कला, शांता देवी, रेशमी देवी, लाल सिंह, लाता कुमारी, अशोक कुमार, रीता कुमारी, शीला देवी, अरविंद कुमार, काजी देवी मीना, बालक राम, श्याम लाल, गीता देवी, प्रकाश चंद, रितु देवी, प्यार चंद, गीता देवी, गुड्डी देवी, सोहन सिंह, हीरा मणी, दर्शानी, कुलदीप कुमार, चमारू राम, मीरा कुमारी, सागर सिंह, विशन दास, मनी देवी, धूपली देवी, पुने राम,देवी चंद, शिवादासी, जय राम, बशीर, शुक्दीन, तारु राम, तिलक, चंद्र, जितेंद्र कुमार, पूर्ण चंद, मासूम अली, विद्या, काशिद , नीमा देवी, कृष्ण लाल सहित कई किसानों ने अपनी खेती की मिट्टी के सैंपल जांच के लिए भेजे।

### नाइट्रोजन व फास्फोरस का किया परीक्षण

अनिल सैनी, कृषि विकास अधिकारी, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला सुंदरनगर अत्यंद्र, कृषि प्रसार अधिकारी बृजलाल, प्रयोगशाला सहायक, खेम सिंह, कृषि विकास अधिकारी द्रंग, प्रकाश चंद, कृषि विकास अधिकारी द्रंग चौहार घाटी के लिए किए जा रहे मृदा टेस्टिंग विशेष अभियान के तहत सनवाड़ पंचायत के 74 किसानों ने अपनी मिट्टी जांच के लिए पहुंचाई, जिसे कृषि विभाग के जांच दल द्वारा सभी 74 सैंपलों के नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोस्ट, जिंक, कॉपर, आयरन, मैग्नीज और ऑर्गेनिक कार्बन का परीक्षण किया गया। विशेष अभियान के दौरान इन किसानों ने अपनी खेती की मिट्टी की जांच करवाई। जिसमें सनवाड पंचायत की प्रधान मीरा ठाकुर, उपप्रधान चंद्र प्रकाश, पूर्व प्रधान सागर ठाकुर, पूर्व उपप्रधान, जितेंद्र और जगदीश तथा वार्ड सदस्य भी विशेष तौर पर शामिल रहे।

# बढ़ती चोरियों ने बढ़ाई दहशत, महादेव व्यापार मंडल ने पुलिस से मांगा एक्शन

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** महादेव व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल मोहन लाल गुप्ता मुख्य सलाहकार की अध्यक्षता में पुलिस उपाधीक्षक सुंदरनगर व थाना प्रभारी धनोटू व अन्य स्टाफ के साथ धनोटू पुलिस स्टेशन में महादेव, धनोटू, अपरबहली व नौलखा आदि बाजारों में चोरियों की वारदातों के संबंध में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन को बताया कि चोरियों की इतनी वारदातें होने के बावजूद भी चोर अभी तक पकड़े नहीं जा सके हैं तथा चोरियों कि वारदातें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, जिससे व्यापारियों व आम जनमानस में बहुत बड़ी दहशत है तथा मार्किट में डर का माहौल व्याप्त है और अगर इसी प्रकार से चोरियों की वारदातें बढ़ती गईं तो व्यापारियों को व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।

महादेव व्यापार मंडल ने प्रादेशिक स्तर पर भी पुलिस प्रशासन की प्रशंसा की कि संपूर्ण नई उन्नत तकनीकों तथा मेहनत करके देश में उग्रवाद फैलाने व चोरी की घटनाओं से संबंधित व्यक्तियों को दूसरे प्रदेशों से भी प्रदेश में पकड़ कर ला रहे हैं जोकि एक सराहनीय कदम है तथा पुलिस गतिविधियों को दर्शाता है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया कि व्यवस्थित व बड़े बाजार होने के चलते नौलखा से लेकर धनोटू, महादेव तथा चांबी तक रात को कम से कम तीन–चार बार पुलिस की गाड़ी सायरन बजाते हुए गस्त करे ताकि ऐसे अपराधिक तत्वों को चोरी व अन्य वारदातें करने का मौका न मिले तथा ऐसे लोगों में दहशत फैली रहे। धनोटू चौक पर काफी समय से बंद हुए कैमरों को भी ठीक करवाने का आग्रह किया गया।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिए गए सुझावों पर पुलिस प्रशासन द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र कार्रवाई अमल में लाने के लिए आश्वस्त किया गया। जिन व्यापारियों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में चोरियों की वारदातें हुईं वे सभी प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

**धनोटू-महादेव क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी**

## न्यूज ब्रीफ

### नंगल में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** समीपवर्ती पंजाब के नंगल गोल्फ क्लब में रविवार 16 नवंबर को मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस एक दिवसीय मेगा शिविर को कृष्णा सचखंड फाउंडेशन और अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ऊना के सहयोग से सुबह 11 बजे से लगाया जा रहा है। इसमें मधुमेह, दिल से संबंधित रोग और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी सामान्य चिकित्सा से जुड़े रोगों माहिर रोगियों की जांच करेंगे। इस अवसर पर ईसीजी और शुगर जैसे टेस्ट की व्यवस्था होगा और आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की जाएंगी। आयोजकों ने रोगियों से अपने साथ सभी पुराने बीमारी के रिकॉर्ड और दस्तावेज साथ लाने की सलाह दी है।

### सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए साक्षात्कार 18 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड बद्दी में सिक्योरिटी गार्ड के पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 18 नवंबर को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए वेतन 14 हजार 300 से 18 हजार 236 रुपए निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, बायोडाटा की कॉपी और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 72075-00008 पर संपर्क पर करें।

### ऊना में जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर ऊना में रविवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भारतीय प्रेस परिषद द्वारा चर्चा के लिए सुझाए विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' पर विचार-गोष्ठी आयोजित होगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त ऊना, जतिन लाल होंगे। प्रवक्ता ने सभी पत्रकारों से गोष्ठी में सहभागी होकर अपने बहुमूल्य विचारों से कार्यक्रम को सार्थक और समृद्ध बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा निर्धारित विषय के अनुरूप पत्रकारिता के समकालीन स्वरूप, बदलते मीडिया परिदृश्य, चुनौतियों तथा प्रेस की विश्वसनीयता को सुदृढ़ बनाए रखने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### कल होंगे हेल्पर भर्ती के लिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज ब्याल एडप्ट प्राइवेट लिमिटेड हिमाचल प्रदेश द्वारा आया हेल्पर के 136 महिला पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि यह साक्षात्कार 17 नवंबर को उप-रोजगार कार्यालय अंब में प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगा। इन पदों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की है, जबकि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण होना अनीवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों का नियुक्ति स्थान अंब व गगरेट होगा, जिन्हें वेतन कंपनी द्वारा निर्धारित नियमानुसार मिलेगा। इच्छुक आवेदक अपने बायोडाटा सहित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र के मूल दस्तावेजों के साथ दो पासपोर्ट साइजफोटो अवश्य लाएं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9317819600 पर संपर्क करें।

### बगली में होटल कोहिनूर के पास मिला सूटकेस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चिंतपूर्णी ढलियारा रोड के बीच बगली क्षेत्र में होटल कोहिनूर के पास शुक्रवार देर शाम एक सूटकेस सड़क किनारे संदिग्ध स्थिति में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सूटकेस को अपने कब्जे में ले लिया।थाना मोईन के प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सूटकेस के अंदर कुछ व्यक्तिगत सामान के साथ नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने सामग्री को सुरक्षित रख लिया है और सूटकेस के असली मालिक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि जिस व्यक्ति का यह सूटकेस है, वह मोईन थाना में आकर अपनी पहचान बताकर सूटकेस प्राप्त कर सकता है।

# माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का आगाज

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया शुभारंभ, सुख समृद्धि की कामना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



चिंतपूर्णी महोत्सव की स्मारिका का विमोचन करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का मेला ग्राउंड अंब में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार रात को मेला मैदान में स्थापित पंडाल में माता श्री चिंतपूर्णी जी के पावन स्वरूप के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ और जिलेवासियों व प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की व सभी को माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। इस मौके उपमुख्यमंत्री ने महोत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया। अग्निहोत्री ने कहा कि अल्प अवधि में यह महोत्सव जन-मन का उत्सव बन गया है।

यह उत्सव इसी तरह हर साल पूरी भव्यता से आयोजित किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं कि महोत्सव के आयोजन में मंदिरों का पैसा खर्चा जा रहा है। उन्होंने दो टूक कहा कि इसके आयोजन में माता श्री चिंतपूर्णी के चढ़ावे का एक भी पैसा नहीं उपयोग हो रहा है और आगे भी इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। महोत्सव का सारा खर्च हिमाचल सरकार वहन करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पिछले साल महोत्सव के पहले संस्करण में ही इसे राज्यस्तरीय दर्जा देने की घोषणा की थी और हमने कैबिनेट में ले जाकर इसे राज्यस्तरीय दर्जा दे दिया है।

उन्होंने महोत्सव में लोगों के भारी हुजूम जुटने पर प्रसन्नता जताते हुए महोत्सव की सफलता के लिए विधायक सुदर्शन बबलू की पीठ थपथपाई और जनता की ओर से इसे साल दर साल आयोजित करने की हामी बताया। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा, हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, उपमुख्यमंत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री, विधायक विवेक शर्मा की धपत्नी मृदु शर्मा, जिला कांग्रेस प्रधान रंजीत राणा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव आदि उपस्थित रहे।

### गायक बब्बू मान की झलक को पहुंचे सैकड़ों फैंस

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राज्यस्तरीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव में पहली स्टार नाइट में पंजाबी प्रसिद्ध गायक बब्बू मान ने अपने गानों की धुनों से पूरे पंडाल में धूम मचा दी। गायक बब्बू मान ने नंदपुर स्थित क्रॉस रोड फैमिली रेस्टोरेंट में रात का खाना खाया। रेस्टोरेंट के बाहर हजारों की संख्या में लोग गायक बब्बू मान की झलक पाने के लिए खड़े रहे।

# गिंडपुर मलोन स्कूल के 95 स्टूडेंट्स को बांटे बैग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गिंडपुर मलोन में पढ़ रहे लगभग 95 विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया स्कूल बैग वितरित किए गए।

यह पुण्य कार्य गांव के नंबरदार ओंकार सिंह व उनके भतीजे भानु प्रताप सिंह ने अपने नेक कमाई से किया है। इस दानी परिवार ने पहले भी स्कूल में एक कमरा जिसका निर्माण करवाया था, जिसकी लागत लगभग आठ लाख रुपए से ऊपर बताई गई है। यह दानी परिवार पिछले कई वर्षों से बच्चों की सुविधा व विद्यालय की जरूरत के लिए दान करता आ रहा है। भानु प्रताप सिंह ने बैग वितरित करते समय बच्चों को नशे से दूर व अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी किसी भी समाज के रीड की हड्डी होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, स्कूल स्टाफ, स्कूल प्रबंधक कमेटी और गांव वासियों ने लंबरदार ओंकार सिंह व उनके भतीजे भानु प्रताप सिंह का धन्यवाद किया।



स्कूल बैग के साथ स्टूडेंट्स।

# चौकी मनियार में पंजीकरण आवेदनों में पाई विसंगतियों पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, जोल**

**राजकीय** महाविद्यालय चौकी मनियार में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी डॉ. रामकुमार नेगी की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा दाखिल किए गए पंजीकरण आवेदनों में पाई गई विसंगतियों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यशाला में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आईआरडीपी, बीपीएल तथा बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पात्र विद्यार्थियों से संबंधित छात्रवृत्तियों, उनकी पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों पर छात्रों की शंकाओं का समाधान किया गया। डॉ. नेगी ने अभिभावकों से दस्तावेजों की त्रुटियां शीघ्र सुधारने का आग्रह किया। सफल संचालन में प्रो. कविता कौशल, डॉ. राम सिंह, प्रो. नवीन शर्मा और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



राजकीय महाविद्यालय चौकी मनियार में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित।

## फुटबाल टूर्नामेंट स्व. राकेश दत्ता को होगा समर्पित : जय दत्ता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विधानसभा हरोली के खड्ड गांव में होने वाले वार्षिक फुटबाल टूर्नामेंट का 26 दिसंबर को आगाज होगा। इसमें प्रदेशभर की टीमों सहित अन्य राज्यों की टीमें भी हिस्सा लेंगी। पंडित मोहनलाल दत्त मेमोरियल वेलफेयर टूर्नामेंट ट्रस्ट खड्ड के चेयरमैन जय दत्ता ने बताया कि उन्हें गांव में आयोजित होने वाला 75वां फुटबाल टूर्नामेंट इस बार स्व. राकेश दत्ता को समर्पित होगा, जिन्होंने फुटबाल टूर्नामेंट के लिए अपनी जिंदगी का बहुमूल्य समय दिया था। जय दत्ता ने बताया कि ट्रस्ट की मुख्य सरंक्षक एवं स्व. राकेश दत्ता की धर्मपत्नी पूनम दत्ता के मार्गदर्शन में टूर्नामेंट को सफल बनाया जाएगा। गांव में फुटबाल के बने स्टेडियम के लिए स्व. राकेश दत्ता का बहुत बड़ा योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। टूर्नामेंट पूरे नियमों के तहत ही करवाए जाएंगे। देर शाम को कोई मैच नहीं होगा।

# निखिल राणा उपाध्यक्ष और गौरव को किया जिला सचिव नियुक्त

**अनंत ज्ञान, अंब**

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा ऊना ने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए दो प्रमुख नियुक्तियों की घोषणा की है। मोर्चा के जिला नेतृत्व ने निखिल राणा को जिला उपाध्यक्ष और गौरव शर्मा को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और युवा मोर्चा को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष निखिल राणा ने कहा कि युवा मोर्चा ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि वह युवाओं की समस्याओं, रोजगार, शिक्षा और खेल से जुड़ी गतिविधियों को प्रमुखता से आगे बढ़ाएंगे। वहीं, नवनियुक्त जिला सचिव गौरव शर्मा ने कहा कि वह संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## ऊना भाजयुमो मंडल अध्यक्ष घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता पार्टी जिला ऊना युवा मोर्चा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रजत राणा ने मंडल स्तर पर दस नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। रजत राणा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व एवं जिला संगठन के मार्गदर्शन में की गई ये नियुक्तियां संगठनात्मक मजबूती और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई हैं। उन्होंने बताया कि हरोली बीत से अरुण बिष्ट, हरोली खास से अमित कटवाल, साहिल बाली को ऊना मंडल, हरप्रीत सिंह खंडू को बसदेहड़ा, अंकुर जसवाल को गगरेट, सुमित कुमार को दौलतपुर, नीरज परमार को कुटलैहड़, विंदर राणा को डेरा बाबा रुद्रानंद नारी क्षेत्र, हर्ष चौधरी को लोअर चिंतपूर्णी, साहिल शर्मा को अपर चिंतपूर्णी के मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रजत राणा ने सभी सदस्यों को बधाई दी है और कहा कि नए संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा मोर्चा की नई टीम भाजपा की विचारधारा और सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# एनडीए की जीत पर बंगाणा चौक पर मनाया जश्न

## वीरेंद्र कंवर बोले- महंगाई, कुप्रबंधन और अव्यवस्था से त्रस्त सरकारों को नकार रही जनता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**बिहार** विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर बंगाणा चौक पर शनिवार को जश्न मनाया गया। पूर्व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री वीरेंद्र कंवर के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे फोड़कर एनडीए की ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, और पार्टी नेतृत्व को जीत की बधाई देते हुए कहा कि बिहार की यह जीत केवल एक राज्य की नहीं, बल्कि देश में अच्छे शासन, विकास और स्थिर नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास की जीत है।

उन्होंने कहा कि इस प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि जनता महंगाई, कुप्रबंधन और अव्यवस्था से त्रस्त सरकारों को नकार रही है और भाजपा नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। उन्होंने दावा किया कि बिहार की जीत का असर हिमाचल की राजनीति पर भी साफ दिखाई देगा। प्रदेश में जनता मौजूदा कांग्रेस सरकार से बेहद निराश है और राजनीतिक समीकरण कुछ ही दिनों में बदलते हुए दिखाई देंगे। हिमाचल में जनता परिवर्तन के मूड में है। बिहार की जीत इस जनभावना को और मजबूत करेगी। कंवर ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपदा ग्रस्त परिवार सरकार की राहत की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं, लेकिन अब तक उन्हें फूटी कौड़ी तक नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि कई गांवों में अब भी सड़कें बंद पड़ी हैं, जगह-जगह सड़कों में गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं, पीने के पानी की सप्लाई बाधित है और आम नागरिक समस्या से जूझ रहे हैं।




पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार में मिली जीत का जश्न मनाया।

### प्रदेश सरकार सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी में उलझी

**प्रदेश** सरकार आर्थिक रूप से पूरी तरह चरमराई हुई है। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों तक को समय पर वेतन नहीं मिल रहा, पेंशनरों को अपने हक के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि आर्थिक संकट और कुप्रशासन ने प्रदेश की विकास गति को रोक दिया है। सरकार दिवालिया ग्रस्त हो चुकी है और जनता के मुद्दों पर काम करने की बजाय केवल राजनीतिक बयानबाजी में उलझी हुई है। इस मौके पर राजेंद्र रिंकू चरणजीत शर्मा, मास्टर रमेश शर्मा, देवराज शर्मा, सीलू उस्ताद, शशि राणा, कुलदीप राणा अवतार सिंह, जोगेंद्र देव आर्य, छम्मू हाथलॉन, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में भगवती जागरण 19 को

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ से सटे सनोली मजारा सनोली मजारा मलूकपुर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में 23वां विशाल मां भगवती का जागरण का आयोजन किया जाएगा। प्रधान रिक्की चीटू ने बताया कि 19 नवंबर को मां भगवती का विशाल जागरण व 18 नवंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। 19 नवंबर को राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज कोटला क्लां वाले पहुंचेंगे (19 नवंबर को मां ज्वाला जी से ज्योति का आगमन होगा) भूपिंदर माही नंगल वाले एवं मास्टर नूर मेहरा अमृतसर वाले माता का गुणगान करने पहुंच रहे है। 20 नवंबर दोपहर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्रधान रिक्की चीटू, बिंदर, विक्की चीटू, ऋषि, साहिल, नंद लाल, रामपाल कैंथ, , केवल कृष्ण, राम प्यारा, बचन प्रेमी, नरेश कौशल, अजय दीवान, , कृष्ण चीटू, रैपित चीटू,बिक्की राजा, राजा माजरा, हिमांशु कैंथ, राम कुमार, चरण दास, तुषार कैंथ, केशव, रजत हरीश, अजय गौतम, भूपेंद्र कैंथ, हनी विशिष्ट, पंकज यादव, शिव नारायण, नंदन, वंश, मनमोहन, मनजीत वासुदेव,अन्य मौजूद रहे। प्रधान रिक्की चीटू ने बताया है कि हर साल की तरह इस साल भी श्री राधा कृष्ण मंदिर में माता का जागरण करवाया जाता है।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वशिष्ट पब्लिक स्कूल को नेशनल अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**शिक्षा** के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना को नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मुंबई में आयोजित समारोह में एजुकेशन टुडे ग्रुप की तरफ से वशिष्ट पब्लिक स्कूल को शिक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड दिया गया। देशभर के सर्वश्रेष्ठ 500 स्कूलों के सर्वे के बाद हिमाचल प्रदेश का एकमात्र वशिष्ट पब्लिक स्कूल को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को वशिष्ट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने ग्रहण किया। सतपाल वशिष्ट ने कहा कि यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है।

उन्होंने शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सहयोग को इस उपलब्धि का आधार बताया। विद्यालय को यह सम्मान नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम, खेल व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन, और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया है। अभिभावकों और छात्रों में भी इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि आगे भी वशिष्ट पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। इस राष्ट्रीय सम्मान के साथ वशिष्ट पब्लिक स्कूल ने एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है, जो आने वाले वर्षों में अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।




मुंबई में एजुकेशन टुडे ग्रुप की तरफ से वशिष्ट पब्लिक स्कूल को शिक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवॉर्ड दिया गया।

# चिट्टा समाज के लिए गंभीर खतरा, जड़ से मिटाने के लिए सभी हों एकजुट : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में आयोजित चिट्टा भगाओ, हिमाचल बचाओ अभियान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ भाग लिया।

अभियान के तहत आयोजित दौड़ में नेताओं ने चिट्टा जैसे घातक नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की अपील की। विवेक शर्मा ने कहा कि चिट्टा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है और समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुका है, इसलिए इसे जड़ से मिटाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा।

उन्होंने कुटलैहड़ क्षेत्र के हर गांव और हर घर तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प जताया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ सिर्फ पुलिस कार्रवाई काफी नहीं है, समाज की जागरूकता और सहयोग जरूरी है। विवेक शर्मा ने वादा किया कि कुटलैहड़ में इस अभियान को व्यापक आंदोलन का रूप दिया जाएगा, जिससे राज्यभर में नशामुक्ति को नई दिशा मिल सके।



विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में सीएम सुक्खू के साथ चिट्टे के खिलाफ अभियान में लिया भाग।

## अंबेहड़ा गांव के 33 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** पुलिस चौकी जोल के तहत पंचायत अंबेहड़ा धीरज के उपगांव अंबेहडा रामकिशन में एक युवक के आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, गांव रामकिशन के युवक करण सिंह (33) पुत्र रणबीर सिंह ने घर से लगभग 400 मीटर दूर जंगल में चीड़ के पेड़ के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा जब सुबह से किसी काम के लिए बाहर गए करण की दोपहर तक घर न लौटने पर तलाश की गई तो घर लगभग 400 मीटर दूर एक चीड़ के पेड़ के साथ युवक का शव लटकते देखकर परिजनों द्वारा इसकी सूचना पुलिस चौकी जोल को दी गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ऊना क्षेत्रीय हस्पताल भेज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कोटला खुर्द में स्टूडेंट्स को बताया लोकतंत्र में मतदान का महत्व



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हिमोत्कर्ष** राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द के चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रमन जसवाल रहे।

चुनाव जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व तथा सही निर्णय लेने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है और युवाओं की भागीदारी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सशक्त बनाती है। फिल्म में वोट की शक्ति और फर्जी सूचनाओं से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में राजनीतिक समझ बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि फिल्म देखने के बाद उन्हें मतदान के महत्व की और स्पष्ट समझ मिली। इस अवसर पर प्रो. डॉ. देविंदर एटलस प्रो. डॉ. रीना, प्रो. ममता पठानिया, प्रो. नीनाद आदि मौजूद रहे।

## महिला ने लगाया रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, अंब।** पुलिस थाना अंब के तहत राम नगर वार्ड नंबर-1 नकड़ोह की एक महिला ने पड़ोसियों पर रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, सरला देवी पत्नी वीरेंद्र सिंह निवासी नकड़ोह ने थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई कि वह शनिवार सुबह अपने खेतों की ओर जा रही थी। इसी दौरान चंचल सिंह पुत्र राये सिंह, लखवीर सिंह पुत्र चंचल सिंह, सलोचना देवी पत्नी चंचल सिंह, प्रियंका पुत्री चंचल सिंह तथा दिक्षा पत्नी लखवीर सिंह निवासी वार्ड नंबर-1 नकड़ोह ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौच की और मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त लोग न केवल उससे बल्कि उसके बेटे से भी जान का खतरा पैदा कर रहे हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच जारी है।

# संस्कृति व शिक्षा से ही मजबूत होगा समाज

## विधायक अनुराधा राणा ने मुंसलिंग स्कूल रंगरिक में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

विधायक अनुराधा राणा ने मुंसलिंग स्कूल रंगरिक में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने दलाईलामा के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

विधायक अनुराधा राणा ने इस अवसर पर बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे देश के ऐसे महान आदिवासी नेता थे, जिन्होंने अपने साहस, बलिदान और नेतृत्व क्षमता से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने न केवल आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया बल्कि देश की एकता और स्वतंत्रता की नींव को मजबूत करने में भी उनका विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा नशे से बचाव एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक रैली का भी आयोजन किया गया। इस रैली को विधायक अनुराधा राणा ने हरी झंडी दिखाकर



विधायक अनुराधा राणा ने नशे से बचाव के लिए रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रवाना किया, जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और हिमाचल जैसे खूबसूरत पहाड़ी राज्य सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के लोगों विशेषकर बच्चों व युवाओं को चिट्टा जैसे खतरनाक नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना है ताकि उन्हें इस खतरनाक एवं जानलेवा नशे से दूर रखा जा सके।विधायक अनुराधा राणा ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ अपनी कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए इस कार्यक्रम के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

विधायक ने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों

### बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को दी प्रेरणा

को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।अध्यक्ष मुंसलिंग स्कूल रंगरिक टशी नमग्याल लामा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।कार्यक्रम के उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने रंगरिक में सौर ऊर्जा परियोजना व रोंग-टोंग परियोजना के प्रवेश एवं जलाशय के प्रगति कार्य का निरीक्षण भी किया और कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त काज़ा शिखा, एसडीएम जगदीश चंद, बीडीसी सदस्य पदमा दिकित, प्रधान खुरिक दैचेन अंगमो, प्रधान काज़ा सोनम डोलमा, जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

# छात्रों ने शिक्षा, खेल और संस्कार में अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया

**अनंत ज्ञान, मनाली**

डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में 13 और 14 नवंबर को वार्षिक पारितोषिक समारोह 'दीपशिखा' बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि मनाली सब-डिवीजन के एसडीएम रमन शर्मा थे, जबकि डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी के प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया और जॉन सी क्षेत्रीय प्रबंधक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत छात्रों ने स्वागत नृत्य, देशभक्ति नृत्य-नाटिका, भारत की विविधता पर आधारित समूह नृत्य और संस्कार की महत्ता पर आधारित प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह में शिक्षा, खेल और विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य और विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को प्रेरित करते हुए विद्यालय के उच्च शिक्षा स्तर,


डीएवी मनाली में वार्षिक पारितोषिक समारोह 'दीपशिखा' का समापन किया गया।

अनुशासन और प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का आग्रह किया।

दूसरे दिवस के मुख्य अतिथि जिला कुल्लू की डिप्टी कमिश्नर तोरुल एस. रवीश और विशिष्ट अतिथि मोहित मैनेजर डीएवी मनाली तथा डीएवी सुंदरनगर के प्रधानाचार्य रहे। बच्चों ने समूह नृत्य, योग, कला-व्यायाम, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' पर आधारित कार्यक्रम और हिमाचली लोक नृत्य प्रस्तुत किए। मैनेजर ने डीएवी मनाली के कार्यक्रम का अवलोकन कर इसे एजुकेशन से एजूटेनमेंट की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

समारोह का समापन प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने वर्षभर की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर किया और सभी अतिथियों, अभिभावकों तथा विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। इस तरह दो दिवसीय दीपशिखा समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### गांधीनगर व चमंडी नाल्ला में आज पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-1 ने जानकारी देते हुए बताया कि 11/0.415 केवी, 400 केवी गांधीनगर सब-स्टेशन और 11/0.415 केवी, 400 केवी चमंडी नाल्ला सब-स्टेशन की एलटी लाइनें की मुरम्मत और नए पोल शिफ्टिंग के कार्य के चलते 16 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक या कार्य पूर्ण होने तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान महाजन दुकान, चमंडी नाल्ला और आस-पास के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता ने लोगों से समझदारी और सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण हो सकने वाली असुविधाओं के लिए निगम अग्रिम रूप से खेद प्रकट करता है और काम जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि इस समय अनावश्यक विद्युत उपकरणों का प्रयोग टालें।

### बैंची गांव में चोरी का प्रयास, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** बैंची गांव में वीरवार रात को अज्ञात चोरों ने राजिंद्र के घर में चोरी का प्रयास किया। राजिंदर ने बताया कि रात लगभग 12 बजे नकाबपोश चोर घर में घुसे और एक हथियार के साथ दरवाजा तोड़ दिया। हालांकि, फिलहाल चोर कोई समान नहीं ले पाए। राजिंदर, जो दूसरे जिले में तैनात कर्मचारी हैं, ने बताया कि उन्होंने अपने मोबाइल पर सीसीटीवी फुटेज देखी और तुरंत अपने पड़ोसी को सूचित किया। इसके बाद उन्होंने कुल्लू थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि इस इलाके में पिछले कई दिनों से चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस अभी तक उन्हें पकड़ने में नाकाम रही है। चोरों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वे बेखौफ होकर चोरी करते हैं। ग्रामीणों ने कई बार इलाके में गश्त बढ़ाने की गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे गांव में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### भुट्टिको में शैक्षणिक अभियान संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत भुट्टिको के निदेशक मंडल सदस्यों, उच्च अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विशेष शैक्षणिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, दिल्ली द्वारा प्रायोजित और परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन सेंटर, गुड़गांव के विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया। 12 से 15 नवंबर तक आयोजित इस प्रशिक्षण में 24 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में नेतृत्व क्षमता, संचार व्यवस्था, डिजिटल शिक्षा, गुणवत्ता प्रबंधन, कार्यव्यवस्था प्रबंधन और क्रियाशील क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान समय में आवश्यक कौशल और आधुनिक बदलावों के अनुसार ज्ञान अपडेट करने के गुर सिखाए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, शिमला के सहायक निदेशक रघुनंदन शर्मा ने प्रमाणपत्र वितरित किए और प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने प्रशिक्षण के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

### स्वयंसेवियों को दिया समाजसेवा का संदेश

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय च्वाई में चल रहे सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन युवा भारत प्रदेश मीडिया प्रभारी व पूर्व छात्र नेता दिवान राजा ने स्त्रोत व्यक्ति के रूप में सहभागिता की। विद्यालय उप प्रधानाचार्य हरीश ठाकुर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी चुनी लाल और एसएमसी अध्यक्ष इंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी चुनी लाल ने बताया कि शिविर के तहत धामनी गांव को गोद लिया गया है, जहां स्वयंसेवी स्वच्छता, बेटी बचाओ, नशा उन्मूलन व महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाएंगे। दिवान राजा ने स्वयंसेवियों को अनुशासन, एकता, भाईचारे और समाज सेवा का महत्व समझाते हुए महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और स्वरोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उप प्रधानाचार्य हरीश ठाकुर ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता व अन्य सामाजिक गतिविधियों में लगातार योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# लारजी जल क्रीड़ा संस्थान जर्जर हालत में, पर्यटन परियोजना ठप

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के लारजी में निर्मित जल क्रीड़ा संस्थान और कैफेटेरिया उपेक्षा का शिकार हो चुके हैं। करीब तीन वर्ष पूर्व तैयार होकर जनता को समर्पित की गई यह परियोजना अब जर्जर स्थिति में है और भवन धीरे-धीरे खंडहर में बदलने की कगार पर पहुंच चुका है।

विधायक सुरेन्द्र शौरी ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण किया और परिसर की खराब होती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संचालन और रखरखाव के अभाव में जल क्रीड़ा संस्थान पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुका है। कैफ़ेटेरिया के फर्नीचर और अन्य सामग्री भी चोरी हो चुकी है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सरकार ने लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से यह संस्थान और कैफ़ेटेरिया तैयार किया था, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन को

### विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार की लापरवाही पर जताई चिंता

### कैफेटेरिया में फर्नीचर व सामग्री चोरी, रखरखाव का अभाव गंभीर

बढ़ावा देना और युवाओं के लिए रोज़गार सृजित करना था। लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार तीन वर्षों में भी इसे किसी ठेकेदार या एजेंसी को आवंटित नहीं कर पाई, जिससे परियोजना ठप पड़ी है।

शौरी ने आरोप लगाया कि सरकार संसाधनों के सही प्रबंधन और राजस्व बढ़ाने के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने तत्काल रखरखाव, सुरक्षा बहाल और कैफ़ेटेरिया व जल क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन की मांग की, ताकि क्षेत्रीय पर्यटन पुनः सक्रिय और स्थानीय युवाओं के लिए अवसर सृजित हो सकें।

# एबीवीपी ने अग्निकांड पीड़ितों को दी राहत सामग्री व नकद सहायता

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडल के झनियार गांव में हाल ही में हुए विनाशकारी अग्निकांड ने कई परिवारों को बेघर कर दिया। आग की लपटों में घर, सामान और जीवन भर की पूंजी राख हो गई, जिससे पूरा गांव शोक और चिंता में डूब गया। ऐसे कठिन समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला कुल्लू की बंजार इकाई पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आई। शनिवार को एबीवीपी की टीम ने सुनील उपाध्याय ट्रस्ट, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई। टीम द्वारा कंबल, चादरें, बाल्टियां, कुकर और अन्य आवश्यक घरेलू सामान प्रदान किया गया, जो आग से प्रभावित परिवारों की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। इसके साथ ही प्रत्येक परिवार को 5,000-5,000 रुपये की नकद सहायता भी दी गई, ताकि वे शुरुआती आर्थिक चुनौतियों से उबर सकें। इस अवसर पर जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने कहा कि संकट की घड़ी में समाज के साथ खड़ा रहना एबीवीपी की संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने बताया कि एबीवीपी हमेशा सेवा, सहायता और मानवता के कार्यों के लिए समर्पित रहा है तथा प्रदेश में किसी भी तरह की आपदा में सबसे पहले राहत के लिए आगे आता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में समाज का सहयोग ही सबसे बड़ी ताकत होता है। छोटी-सी मदद भी किसी प्रभावित परिवार के लिए बड़ी राहत बन सकती है। एबीवीपी ने प्रदेश के लोगों से अपील की है कि वे भी आगे आकर झनियार के इन प्रभावित परिवारों की मदद करें। संगठन ने आश्वस्त किया कि वह आगे भी जरूरतमंदों की सेवा में निरंतर सक्रिय रहेगा।

# आनी के 7 स्कूलों को बेस्ट स्कूल अवार्ड

## देवता कारदारों को सांस्कृतिक योगदान के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, आनी**



एसडीएम सभागार में हिम संस्कृति सामाजिक संस्था द्वारा विशेष स्कूल स्टूडेंट्स एवं बेस्ट स्कूल अवार्ड 2025 समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट और विशेष अतिथि बीडीओ विद्या चौहान थीं। हिमालयन शिक्षा समिति के चेयरमैन रफ्तार सिंह ठाकुर ने उपस्थित सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह की शुरुआत राजकीय केंद्रीय प्राथमिक स्कूल के छात्रों की गीत-कविता प्रस्तुतियों से हुई। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं वर्निका और समीक्षा ने भी आकर्षक प्रस्तुति दी।

एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने आनी ब्लॉक के सात श्रेष्ठ स्कूलों को शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट स्कूल अवार्ड 2025 प्रदान किए। सम्मानित स्कूलों में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल आनी, राजकीय कन्या विद्यालय आनी, राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय आनी, हिमालयन मॉडल स्कूल आनी, सरस्वती विद्या मंदिर आनी, एसडीए मिशन स्कूल आनी और

### हिमालयन मॉडल स्कूल के भव्य शर्मा को टॉप टेन बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड

लोरेंस पब्लिक स्कूल आनी शामिल हैं। साथ ही आनी ब्लॉक के देवी-देवताओं के कारदारों को उनकी सांस्कृतिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें शमशरी महादेव, पनेउई नाग, कुलक्षेत्र महादेव ओलवा, व्यास ऋषि, ठाकुर मुरलीधर बटाला जलोड़ी, गडमी नाग शगागी आदि शामिल हैं। प्रदेश के टॉप टेन बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड में हिमालयन मॉडल स्कूल आनी के भव्य शर्मा को सम्मानित किया गया। समारोह का समापन संजीव सूद की ग़ज़ल और चमन शर्मा की कविता 'ज़िंदगी फिर न मिलेगी दोबारा' से हुआ।

# आयुष को चुना 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर'


ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में दो दिवसीय खेल उत्सव और वार्षिक पारितोषिक समारोह का समापन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में 13 और 14 नवंबर को दो दिवसीय खेल उत्सव का समापन और वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 'दीपशिखा' बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। पहले दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनाली सब-डिवीजन के एसडीएम रमन शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी के प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया उपस्थित रहे। बच्चों ने स्वागत नृत्य, देशभक्ति और संस्कार पर आधारित प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

मुख्य समारोह में दसवीं कक्षा के आयुष को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' घोषित किया गया। पारंपरिक खेलों में फाइव स्टोन, होपस्कॉच, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी, बैलून बैलेंसिंग, स्पून रेस, रिले रेस और कई अन्य खेलों में छात्र-छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। स्कूल ने नर्सरी से लेकर दसवीं तक के छात्रों के शैक्षणिक पुरस्कार भी वितरित किए।

उत्सव के दौरान बेस्ट कोच का पुरस्कार आदित्य पूर्ण सिंह को दिया गया, जबकि सभी अध्यापकों को प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रिंसीपल गणेश भारद्वाज और प्रशासक कैलाश गौतम ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का बच्चों के सर्वांगीण विकास में बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में लगभग चार सौ छात्र, सभी अध्यापक और स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजनों ने छात्रों में अनुशासन, खेल भावना और टीमवर्क का विकास किया तथा ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला की परंपरा और प्रतिभा को उजागर किया।

# भारतीय संस्कृति और महिलाओं की शक्तियों को जागृत करने का प्रयास

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय पनगां में विद्या भारती संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर महिला सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती डिंपल चौहान द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ममता और सरिता जी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सात शक्तियों को जागृत करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति कपूर ने प्रस्तावना में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अतिथियों, मातृशक्ति और अन्य महिलाओं का स्वागत किया गया। सप्तशक्ति संगम में मातृशक्ति गीत और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई गई। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें अभिभावक और मातृशक्तियों ने अपनी विलुप्त होती संस्कृति से संबंधित भोजन और वस्तुओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस आयोजन की सराहना की और महिलाओं को प्रेरित करने के लिए इसकी सफलता को महत्वपूर्ण बताया।

# डीसी ने युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय स्वाभिमान की सीख दी


केलांग संग्रहालय में उपायुक्त लाहौल-स्पीति का स्वागत करते हुए बीडीओ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग संग्रहालय में शनिवार को बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ जनजातीय गौरव उत्सव-2025 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त (लाहौल-स्पीति) किरण भड़ाना ने दीप प्रज्वलन और भगवान बीरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया ने अपने स्वागत संबोधन में बीरसा मुंडा के संघर्षमय जीवन, जनजातीय अधिकारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं, श्वेता स्वयं सहायता समूह यांगकिर्तिंग, महिला मंडल बिलिंग और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोहते नजर आए। उपायुक्त किरण भड़ाना ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भगवान बीरसा मुंडा के आदर्शों और जनजातीय स्वाभिमान को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर है।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, उप परियोजना निदेशक और स्थानीय महिला मंडल सहित कई अन्य विभागों और स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पतलीकूहल में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम में बताई बिरसा मुंडा की महत्ता



पतलीकूहल में भाजपा ने जनजातीय गौरव दिवस और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली विधानसभा क्षेत्र के पतलीकूहल में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कुल्लू द्वारा जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भव्य जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और भाजपा वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह ठाकुर मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी, जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, मोर्चा अध्यक्षा चंद्रा प्रधान, मीडिया प्रभारी दानवेंद्र और अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सम्मेलन का शुभारंभ लाहौल-स्पीति की प्राचीन परंपरा अनुसार खातक और दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्यतिथि गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाने की घोषणा की थी। अध्यक्ष चंद्रा प्रधान ने बताया कि लाहौल, किन्नौर, पांगी और कुल्लू के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनजातीय वेशभूषा और लोकगीत-नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि आज जनजातीय लोग कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर भाजपा से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में भाग लेने आए लोगों ने बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

# विजय दिवस समारोह और दशहरा उत्सव में रक्षा मंडप की योजना पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक उपायुक्त तोरूल एस. रवीश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सैनिक कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का संचालन कार्यकारी उप निदेशक एवं सहायक आयुक्त निशांत ठाकुर ने किया। बैठक में सैनिक लीग के पदाधिकारी भूतपूर्व सैनिक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर, कैप्टन तारा चंद, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह सहित नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कुल्लू में स्टाफ की कमी को लेकर सरकार से आग्रह किया जाएगा ताकि रिक्त पदों को भरकर कार्यालय बेहतर सेवाएं प्रदान कर सके। उन्होंने दशहरा उत्सव के दौरान आगंतुकों के लिए रक्षा मंडप स्थापित करने का सुझाव दिया, जिसके लिए उत्सव से एक माह पूर्व पत्राचार की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर को विजय दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूर्व सैनिक, वीर सपूत, वीर नारियां और युद्ध विधवाओं को सम्मानित किया जाएगा। इससे रक्षा कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा। राम बाग अखाड़ा बाजार कुल्लू में शहीदी स्मारक के उद्घाटन के लिए शीघ्र निर्णय लेने की भी बात रखी गई। उपायुक्त ने एसडीएम कुल्लू को निर्देश दिए कि वे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की मुख्य सीवरेज प्रणाली का निरीक्षण कर आ रही बाधाओं का समाधान सुझाएं।

**कार्यक्रम** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में धूमधाम से मनाया 18वां त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल का 18 वां त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कैंब्रिज कृति' के प्रथम दिवस पर एडीसी कुल्लू अश्विनी कुमार ने बतौर मुख्यतिथि सम्मिलित होकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आगाज़ सरस्वती वंदना 'वीणा वंदनम' से किया गया।

इसके बाद मंच पर विद्यार्थियों ने विविधता से भरपूर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावकों का मन मोह लिया, जिनमें ऋतुओं को दर्शाती प्रस्तुति 'सीजन्स', 'क्वीन ऑफ रिदम', 'हिमालयन हेज', 'सुर-ए-सूफियाना' और खेल विभाग की दमदार प्रस्तुति 'व्हील्स ऑफ ग्लोरी' विशेष आकर्षण रहीं। अमेरिका से आई हुई एलपी टीम ने भी कार्यक्रम में दो प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। स्कूल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को रघुनाथ


कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में 18वां त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया।

शर्मा एवं सुधेश शर्मा मेमोरियल मेरिटोरियस छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। कक्षा जमा दो की बोर्ड परीक्षा में सौम्या जम्वाल और सौम्या भटनागर ने 93.8 फीसद अंक प्राप्त कर 7100 की छात्रवृत्ति प्राप्त की। कक्षा एलकेजी के अरिव वर्मा को 100 फीसद उपस्थिति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के 10 वर्ष पूर्ण करने पर मोनिका गुप्ता और खुशबू तथा रंजीत लाल को सेवा सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यातिथि अश्विनी कुमार ने विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों को

### मुख्यातिथि अश्विनी ने दिया सफलता व नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरक संदेश

बधाई दी तथा विद्यालय में आमंत्रित करने पर धन्यवाद किया अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता अनुशासन और निरंतर मेहनत से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की भी सलाह देते हुए कहा कि नशा न केवल जीवन को दिशा से भटका देता है, बल्कि युवा शक्ति को कमजोर भी कर देता है। विद्यालय की प्रधानचार्या रैना वर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। अभिभावकों, बच्चों तथा संपूर्ण स्टाफ के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया था

## न्यूज ब्रीफ

### लक्ष्य पब्लिक स्कूल में बच्चों को बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 तथा बच्चों के टीकाकरण का संयुक्त कार्यक्रम बीएमओ डॉ. मुक्ता रस्तोगी अर्की के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं शिक्षार्थियों में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदाय को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना था। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार शांडिल ने बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि तंबाकू किसी भी रूप में शरीर के लिए हानिकारक है। इस मौके पर सपना ठाकुर ने लगभग 90 बच्चों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल वीना गुप्ता और आकाश गुप्ता तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी कल सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 17 नवंबर को सिरमौर जिला के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री 64वें भारतीय रिर्जव बटालियन धौलाकुआं के 16वें स्थापना दिवस समारोह अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। इसके उपरांत दोपहर बाद पांवटा साहिब के बैंकुआं में टाइल फैक्टरी का स्थल निरीक्षण भी करेंगे।

### टेबल टेनिस में सोलन कॉलेज बना चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन की टेबल टेनिस टीम का कॉलेज लौटने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया, क्योंकि उन्होंने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हिमाचल प्रदेश इंटर-कॉलेज टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार जीत हासिल की है। यह चैंपियनशिप 8 और 9 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर, सावड़ा में आयोजित की गई थी, जिसमें पूरे राज्य से कुल 20 टीमों ने भाग लिया था। महाविद्यालय सोलन की टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान असाधारण कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया, जिसका समापन राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के खिलाफ रोमांचक फाइनल मैच में हुआ। चैंपियनशिप जीतकर, टीम ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य और संकाय सदस्यों द्वारा समापन कॉलेज पहुंचने पर, विजेता टीम को राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. मनीषा कोहली और अन्य संकाय सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

### रास्ता रोककर की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार आशा पत्नि राकेश निवासी गांव कालर, तहसील अर्की ने शिकायत दर्ज कराई कि वह चाचा जय पाल के साथ अपनी गांव के घर घास कटाई के लिए अर्की गए हुए थे। जब वह शाम को अपने घर वापस आए तो इसे इसकी चाची सास लीला देवी ने बताया कि सोनिया पत्नी कमलेश इन्हे गंदी-2 गालियां दे रही थी। जब वह पुलिस व वार्ड मेंबर के साथ सड़क के पास घर के साथ मौका दिखाने के लिए जा रहे थे तो सोनिया व सपना ने उसे व उसके चाचा-चाची को गंदी-2 गालियां देने लगे तथा रास्ता रोककर इसके चाचा ससुर जय पाल के साथ काकू व कमलेश साथ सोनिया व उसकी बहन सपना ने मारपीट की, जिससे मुंह व गर्दन पर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विश्व मधुमेह दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से शनिवार को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर कुमारहट्टी के हरिपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी बीसीसी समन्वयक राधा चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के रक्त में आवश्यकता से अधिक शर्करा की मात्रा बढ़ने को मधुमेह कहते हैं। मधुमेह व्यक्ति के शरीर के हाथ, पांव, नेत्र, हृदय व मस्तिष्क को प्रभावित करता है। उज्यादा भूख लगना, मुंह सूखना या ज्यादा प्यास लगना, नेत्र ज्योति पर असर पढ़ना, त्वचा सूखी रहना, पैरों की अंगुलियों में ज़ख्म हो जाना, जल्दी थकावट होना, रक्तचाप का बढ़ना इत्यादि मधुमेह के मुख्य लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि जीवनशैली व आहार में परिवर्तन कर मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है।

### श्रीराम कथा के उपलक्ष्य में निकाली संध्या फेरी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा दाड़लाघाट के शिव मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के उपलक्ष्य में नगर में संध्या फेरी, भजन संकीर्तन और शोभायात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोभायात्रा में श्रीराम भक्तों ने स्थानीय लोगों को कथा में आने का निमंत्रण दिया। संध्या फेरी कमलकांत चंदेल के आवास से पूजा-अर्चना कर कथा स्थल तक पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों का गायन किया। संस्थान की प्रमुख साध्वी गार्गी भारती ने बताया कि 18 से 24 नवंबर तक कथा का आयोजन होगा, जिसमें साध्वी राधिका भारती प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक श्रीरामचंद्र जी की कथा वाचन करेंगी।

### गौड़ा स्कूल में एनएसएस का आवासीय शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गौड़ा में आयोजित एनएसएस का सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्यातिथि सुदेश कपूर ने स्वयंसेवियों के सेवा कार्य और अनुशासन की सराहना की और उन्हें समाज निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर, हरिओम गोशाला, गोद लिए गौड़ा गांव और आयुर्वेदिक अस्पताल में सफाई, झाड़ियों की कटाई और स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। उनके प्रयासों से ग्रामीणों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी।

### शरगांव स्कूल में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शरगांव में भाषा प्रयोगशाला का विधिवत उद्घाटन भूतपूर्व प्रधानाचार्य सुधा रावत ने किया। इंचार्ज दिलीप वर्मा ने छात्रों को अंग्रेजी और हिंदी भाषा कौशल सिखाने में प्रयोगशाला की उपयोगिता बताई। प्रधानाचार्य सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 130 स्कूलों में यह सुविधा स्थापित करना सराहनीय कदम है। मुख्यातिथि सुधा रावत ने छात्रों और प्रबंधन को बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह प्रयोगशाला स्पीकिंग, रीडिंग, राइटिंग और लिसनिंग कौशल निखारने में मदद करेगी।

### दाड़लाघाट कॉलेज में महिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में महिला इंटर कॉलेज टेबल टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ उत्साह और प्रतिस्पर्धा के माहौल में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इस वर्ष आठ कॉलेजों की टीमें शामिल हुईं। उद्घाटन सत्र में खिलाड़ी, प्रशिक्षक, पीटीए और विद्यार्थी मौजूद रहे। मुख्यातिथि डॉ. अंजु शर्मा ने हिमाचल की महिला खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की सराहना की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने खेलों के महत्व और महिला खिलाड़ियों के कौशल व अनुशासन की प्रशंसा की। डॉ. शर्मा ने खिलाड़ियों को कैरियर, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व के प्रति जागरूक किया।

# तीन करोड़ की रिकवरी मामले में गारंटर गिरफ्तार, बघाट बैंक का डिफॉल्टर गायब

## लोक अदालत में 147 मामलों में आधे से भी कम डिफाल्टर पहुंचे

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां की कार्रवाई से बघाट बैंक के प्रबंधन की वित्तीय अनियमितताओं के साथ डिफाल्टरों और गारंटरो की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा राजेश कुमार पुत्र मनसा राम निवासी सतोग, जिला शिमला 75(ए) लैंड रेवेन्यू एक्ट 954 के तहत गिरफतारी वारंट जारी किया गया था, जिसके अनुसार राजेश कुमार एमएस सोलन हाइवेज नाम की फर्म का गारंटर था, जो उक्त फर्म ने बघाट बैंक सोलन से ऋण लिया था, परंतु वह उक्त ऋण को तय सीमा के भीतर वापस करने में नाकाम रही जिस पर बघाट बैंक सोलन द्वारा उक्त फर्म को डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 3,49,26,957 रुपए बनती है।



उक्त देनदारी को न चुकाने पर उक्त फर्म के विरुद्ध सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट में लोन रिकवरी का मामला में चल रहा है और राजेश कुमार जो उक्त फर्म का गारंटर था को उक्त कोर्ट द्वारा कोर्ट के समक्ष पेश होने के लिए बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, परंतु यह उक्त नोटिसों की अनदेखी कर रहा था तथा कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा इसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिसकी अनुपालना करते हुए उक्त मामले में संलिप्त आरोपी राजेश कुमार को सोलन पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार करके सहायक पंजीयक सभाएं सोलन के कोर्ट में पेश किया किया जा रहा है। इस संदर्भ में अभी तक कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा बघाट बैंक से ऋण लेने वाले 22 लोगों को जिन्हें बघाट बैंक सोलन द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिनके विरुद्ध लोन रिकवरी के मामले चल रहे हैं।

उपरोक्त डिफाल्टर लोगों को उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, परंतु यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहे के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे, जिनकी सोलन पुलिस द्वारा अनुपालना करते हुए उक्त 22 लोगों/डिफाल्टरों में से 11 की गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण द्वारा कार्यवाही की गई है 11 आरोपी/डिफाल्टरों की तलाश जारी है जिनमें 10 शिमला व सिरमौर जिलों के निवासी है और एक सोलन जिले से संबंधित है।

### बघाट बैंक वसूली में ठप, डिफॉल्टर और गारंटर रहे अदालत से दूर

**आरसीएस** सोलन में तीन दिन चली लोक अदालत से बघाट बैंक के 147 मामलों की वसूली में उम्मीद के विपरीत स्थिति रही। आधे से कम डिफॉल्टर और गारंटर अदालत तक पहुंचे, जबकि रिकवरी नाममात्र रही। अदालत ने कुछ प्रॉपर्टी अटैच करने के आदेश दिए और नोटिस भेजे, मगर अधिकांश डिफॉल्टर अनुपस्थित रहे। छोटे खातों पर कार्रवाई हुई, लेकिन बड़े नाम अब भी खुले घूम रहे हैं। जांच सूत्रों के अनुसार पूर्व एमडी और कुछ अधिकारी फंड ट्रांसफर में सीधे शामिल थे। अब सवाल उठ रहा है कि विजिलेंस रिपोर्ट कब खुलेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी। कुल-मिलाकर 132 करोड़ की वसूली के साथ जवाबदेही भी जरूरी बन गई है।

### 3 दिन, 147 केस और 30 लाख रिकवरी

**तीन** दिन चली लोक अदालत में 147 मामलों में केवल 77 डिफॉल्टर और गारंटर ही अदालत पहुंचे। कुल रिकवरी मात्र 30 लाख रुपए हुई। तीन वाहन जब्त और चार संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश दिए गए। पहले दिन 22 केस, दूसरे दिन 24 और तीसरे दिन 30 केस की सुनवाई हुई, लेकिन बड़ी संख्या में डिफॉल्टर अनुपस्थित रहे। अधिकांश मामलों में गारंटर ही अदालत में मौजूद रहे।

# कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे राजगढ़ के वार्ड सात के बाशिंदे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

बीते चार माह से नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर सात कोटली के बाशिंदे लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं जिसके चलते लोग ठिठुरती ठंड में हीटर इत्यादि बिजली सयंत्र का इस्तेमाल करने से महरूम हैं। जिससे इस वार्ड के लोगों में सरकार और बिजली बोर्ड प्रति नाराजगी देखी गई है। दूसरी ओर बिजली बोर्ड राजगढ़ के अधिकारी लोगों को केवल आश्वासन देकर सहानुभूति दिखा रहे हैं।

गौर हो कि बीते दिनों बरसात में भारी वर्षा से आए फ्लैश फ्लड के कारण वार्ड नंबर सात में लगे ट्रांस्फार्मर का सारा ढांचा ढह गया था। उस दौरान भी पांच दिन इस वार्ड में अंधेरा छाया रहा और बिजली आपूर्ति न होने से मोबाइल सहित अन्य विद्युत उपकरण

### चार माह से बिजली बोर्ड के अधिकारी दे रहे आश्वासन

बंद होने से लोगों को को काफी परेशानी झेलनी पड़ी थी। विद्युत बोर्ड ने बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए अस्थायी व्यवस्था की गई है। वार्ड सात के निवासी कुलभूषण सूद, दुर्गेश सिंहमार, प्रदीप सूद, रूप सिंह चौहान आदि ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि इस वार्ड की करीब 300 लोगों की आबादी कम वोल्टेज की समस्या से बीते चार महीनों से जूझ रहे हैं। इस समस्या को लेकर कई बार इस वार्ड के लोग बोर्ड के अधिकारियों से मिल चुके है, परंतु हर बार आश्वासन ही मिलते हैं। इस बावजूद भी चार माह बीत जाने पर भी आज तक बिजली बोर्ड नया ट्रांस्फार्मर स्थापित नहीं कर पाया है।

### क्या कहते हैं सहायक अभियंता अंकित वर्मा

विद्युत उपमंडल राजगढ़ के सहायक अभियंता अंकित वर्मा ने बताया कि ट्रांस्फार्मर स्थापित करने के लिए जमीन नहीं मिल पा रही है जिसके चलते ट्रांस्फार्मर स्थापित नहीं किया जा सका है । बताया कि फिलहाल इस वार्ड में बिजली की अस्थाई व्यवस्था की गई है जिस कारण नए ट्रांसफार्मर स्थापित होने तक लो-वोल्टेज समस्या रहेगी । उन्होने एक सप्ताह में नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने का आश्वासन दिया है।

# सोलन में 240 प्रतिबंधित गोलियों सहित एक काबू


**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की विशेष टीम निरीक्षण के दौरान सोलन शहर में थी, तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि मुरारी शाह नामक व्यक्ति अपने आंजी रबोन स्थित फ्लैट में अवैध रूप से दवाइयों का भंडारण और बिक्री करता है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें आरोपी मुरारी शाह (49), निवासी आंजी हाउस सपरून, को 240 टपेंटाडोल टैबलेट्स और 8,300 रुपए नकद सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। मामला ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धारा 18 के तहत दर्ज किया गया है। बरामद दवाइयों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी के पिछले रिकॉर्ड और नेटवर्क की जांच कर रही है।



काबू आरोपी पुलिस टीम के साथ।

# संयुक्त प्रयासों से ही चिट्टे जैसे नशे पर लगेगी लगाम : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन**



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मनमोहन शर्मा।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से चिट्टे को जड़ से समाप्त करने के लिए निर्णायक मुहिम आरंभ की जा रही है। इस मुहिम में सभी नागरिकों तथा विभागों का सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ही चिट्टे जैसे नशे पर लगाम लगाई जा सकती है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने तथा दीर्घ अवधि तक इसके सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक समितियां गठित करने के निर्देश दिए।

मनमोहन शर्मा शनिवार को यहां चिट्टे के विरुद्ध कार्यान्वित किए जाने वाले अभियान की तैयारियों के विषय में जिला स्तर के अधिकारियों के साथ आयोजित वर्चुअल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होने कहा कि इस आंदोलन में जिला के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान में जिला के समस्त सरकारी विभाग, गैर-सरकारी संस्थाएं, पंचायतीराज संस्थाओं आदि के सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा। यह अभियान आगामी तीन माह तक चलेगा। यह चिट्टे के खिलाफ प्रदेश सरकार की निर्णायक लड़ाई होगी।

# कालाअंब और राजगढ़ में देसी शराब की 20 बोतलें पकड़ी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस ने नशे का अवैध धंधा करने वाले लोगों के खिलाफ कालाअंब और राजगढ़ में दो अलग-अलग मामलों में देसी शराब की 20 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर अभियोजन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जिले के एसके शियाओगी ने बताया कि राजगढ़ की पुलिस टीम को गेस्ट के दौरान सूचना मिली कि गोपाल सिंह हाब्बन ने अपनी करियाना दुकान में अवैध शराब की खरीद फरोख्त का धंधा किया है। एसपी ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम शकील गोपाल सिंह की करियाना की दुकान पर सप्लाई और स्टोर की दुकान के बीच में एक गट्टा पेटी के साथ 8 अदद बोतल कांच का देसी शराब मार्का संतरा नंबर-1 प्रत्येक 750 एमएल केवल एचपी में बिक्री के लिए बरामद हुआ। नेगी ने बताया कि थाना राजगढ़ की पुलिस ने नवजात गोपाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में कालाअंब पुलिस टीम ने मैनथापल में अनिल कुमार निवासी गांव गलौड़ी, बिलासपुर जिला यमुनानगर, हरियाणा के पास से 12 बोतल शराब देशी मार्का संतरा नंबर-1 भी बरामद की है।

# आया व हेल्पर्स के पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 17 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए पार्ट टाइम आया व हेल्पर के रिक्त पदों की भर्ती के लिए कैंपस भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू पुन: 17 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि जिन आवेदकों ने 11 नवंबर को कैंपस इंटरव्यू में भाग लिया है, उन्हें 17 नवंबर को भाग लेने की आवश्यक नहीं है। उक्त पद मैसर्ज साईं राम सिक्योरिटी एंड प्लेसमेंट सर्विस शिमला द्वारा जिला सोलन के कंडाघाट, कुठाड़ व धुंधन शिक्षा खंडों के राजकीय विद्यालयों में आउटसोर्स आधार पर भरे जाएंगे। शैक्षणिक योग्यता 10वीं व आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, 10वीं प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, पास पोर्ट साइज 02 फोटोग्राफ तथाा अन्य प्रमाण पत्रों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में सुबह 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 90343-81506 व 82191-13461 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बिलासपुर मैत्री सभा ने विधायक त्रिलोक जम्वाल का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बिलासपुर मैत्री सभा सोलन द्वारा बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल का सोलन सब्जी मंडी के पास गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभा के प्रधान मनीष कुमार, रूप लाल शर्मा, अमर चंद, धर्मपाल, मनोहर लाल, सम्मी कुमार, अजय कुमार, वासुदेव, केवल, सुरेंद्र सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान विधायक त्रिलोक जत्वाल ने सभा के प्रधान मनीष कुमार एवं सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि सभा भवन के निर्माण के लिए वे पूरी गंभीरता से पहल करेंगे और इस संबंध में यथासंभव प्रयास किए जाएंगे।



मुख्यातिथि रविंद्र गुप्ता के साथ सम्मानित छात्र।

# कोटला बड़ोग स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बड़ोग और राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला कोटला बड़ोग में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रविंद्र गुप्ता मुख्यातिथि रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में डॉ. विपिन शर्मा, दिलावर ठाकुर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह में वर्षभर की पढ़ाई, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्य बंसीलाल नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। रविंद्र गुप्ता ने छात्रों को बड़े सपने देखने और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। गुप्ता ने शिक्षकों के योगदान की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के विकास के लिए 5100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा सभी शिक्षकों ने सहभागिता दर्ज कराई।

# मांजू बाल दिवस मेले में छाया उत्सव का रंग

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत पलोग के मांजू गांव में दो दिवसीय बाल दिवस मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। मुख्यातिथि का शॉल, टोपी और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया।

स्थानीय विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया। मेले में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें हिम अकादमी नमहोल, जिला बिलासपुर ने मांजू टीम को मात दी। पंचायत प्रधान नरेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि के समक्ष शिमला-मांजू रात्रि बस सेवा की अनियमितता सहित स्थानीय समस्याएं उठाईं। उन्होंने बताया कि विधायक संजय अवस्थी से पहले भी आग्रह किया गया था, लेकिन बस सेवा अब तक नियमित नहीं हो पाई है। कश्यप ने मेले के सफल आयोजन की बधाई दी और सभी समस्याओं को विधायक के माध्यम से प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संजय अवस्थी की ओर से मेला कमेटी को 11,000 रुपए देने की घोषणा भी की। रात्रि सांस्कृतिक संध्या में गायक केके भारद्वाज, लोक गायक भूपचंद शर्मा, वेद प्रकाश और रितु कौंडल ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। रात्रि कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. केसी शर्मा मुख्यातिथि रहे, जिन्होंने मेला कमेटी को 5,100 रुपए प्रदान किए। अंतिम प्रस्तुति करियाला रही, जिसमें हेतराम और तारासिंह के नेतृत्व में स्थानीय कलाकारों ने देर रात तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



बाल दिवस मेले में पहुंचे मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

# मोदी-नीतीश की जोड़ी की ऐतिहासिक जीत पर हिमाचल गदगद : डॉ. बिंदल

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और सामाजिक कल्याण के प्रति समर्पण की बड़ी स्वीकृति बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने एक बार फिर झूठी गारंटियों और खोखले वादों को सिरे से नकार दिया है। बिंदल ने पत्रकारों से कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने विकास की नई पहचान बनाई है। कभी पिछड़ेपन का प्रतीक समझे जाने वाले बिहार ने आज देश की आर्थिकी में मजबूत योगदान देकर बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा व पूरे एनडीए को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के कांग्रेस नेता बिहार में झूठी गारंटियों का प्रचार करने पहुंचे थे, लेकिन जनता ने इस मॉडल को पूरी तरह नकार दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम कांग्रेस के लिए बड़ा सबक है, क्योंकि जनता अब केवल वादों पर नहीं बल्कि काम पर विश्वास करती है।



उन्होंने कहा कि पूरे देश में वोट चोरी का भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस अब बिहार में सिर्फ 5 सीटों पर सिमट गई है। इतना बड़ा अभियान चलाने के बावजूद पार्टी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच सकी, जो कांग्रेस के लिए बेहद शर्मनाक है। बिंदल ने दावा किया कि हिमाचल की जनता मौजूदा कांग्रेस सरकार से बेहद परेशान है और चुनाव का इंतजार कर रही है।

**कार्यक्रम**

## स्कूली बच्चों ने नवरंग-2025 थीम पर दी धमाकेदार प्रस्तुति

# जीनियस ग्लोबल स्कूल ने मनाया 18वां वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल ने शनिवार को अपना 18वां वार्षिक समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाने जा रहा है। भाषा कला एवं संस्कृति विभाग के कोठों में स्थित बहुउद्देशीय सभागार में जीनियस ग्लोबल स्कूल के सालाना वार्षिक समारोह को धूमधाम से मनाया। समारोह में समाजसेवी कमल राम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पूर्व पार्षद विनीत गोयल ने समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। स्कूल के चेयरमैन विपुल शर्मा और प्रबंध निदेशक नीति शर्मा ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया।

इसके बाद मुख्यातिथि ने दी प्रज्वलित कर वार्षिक समारोह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया स्कूल की प्रबंध निदेशक नीति शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और जीनीयस ग्लोबल स्कूल द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष भर आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।



जीनियस ग्लोबल स्कूल में रंगारंग प्रस्तुति पेश करते स्कूली बच्चे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष वार्षिक समारोह का थीम नवरंग-2025 ए रेट्रो-स्पेक्टिव रखा गया है। इसमें भारतीय रंग, संस्कृति, पुरानी यादों और अलग-अलग भावनाओं को बच्चों की प्रस्तुतियों के जरिए दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवरंग-2025 का मकसद बच्चों को कला के नौ रंगों शौर्य, करुणा, हास्य, शांति, आश्चर्य, प्रेम, रौद्र, वीभत्स और विभावरी के माध्यम से समाज और जिंदगी से जुड़े सरल संदेश समझाना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नृत्य, नाटक, गीत-संगीत और अभिनय पेश कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रस्तुत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्कूल डायरेक्टर नीति शर्मा ने बताया कि नवरंग-2025 सिर्फ मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों को रंगों के जरिए जिंदगी की भावनाएं और सीखें समझाना भी है। उन्होंने कहा कि हर प्रस्तुति के पीछे एक छोटा सा संदेश छिपा है, जिसे बच्चे अपने अंदाज में मंच पर प्रस्तुत किया। एमडी नीति शर्मा ने बताया स्कूल ने नवरंग थीम को लेकर वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इसके पहले सत्र में नर्सरी और केजी कक्षाओं के छात्रों ने मनोरंजन रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नवरंग थीम से बच्चों ने सामाजिक सरोकार और जुड़ाव को लेकर अपनी प्रस्तुतियां पेश की। उन्होंने अभिभावकों से मिल रहे सहयोग और विश्वास का भी आभार व्यक्त किया।

# देव पूजा के साथ कंडाघाट का जदारी बगूड़ी मेला शुरू

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट के जदारी बागूड़ी का दो दिवसीय मेला शनिवार को शुरू हुआ। पारंपरिक पूजा में मेला कमेटी के प्रधान राजेंद्र, सचिव रमेश ठाकुर सहित कमेटी के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। मेले में महिला और पुरुष वर्ग के वॉलीबाल और कबड्डी मैच शुरू हुए। वॉलीबॉल में सोलन की पुरुष टीम ने ममलीग ए, ममलीग बी ने वाकनाघाट और आईपीएस ने देवठी को हराया। महिला वॉलीबाल में सोलन ने कंडाघाट को हराया। महिला कबड्डी में सोलन ने कंडाघाट, चंडीगोयल ने जदारी को हराया। मेले में डिग्री कॉलेज कंडाघाट, सीनियर सेकेंडरी कंडाघाट, स्थानीय कई स्कूलों, महिला मंडलों और सप्तक कला मंच के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मेले के पहले दिन प्रदेश महिला बोर्ड की सदस्य किरण मेहता बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि मेले हिमाचली की प्रसिद्ध संस्कृति का दर्पण है इस संस्कृति को संजोए रखना है। रविवार को मेले के समापन पर सभी खेलों के फाइनल मैच होंगे।

# नाहन में बंदरों ने तीन महीने में 300 से ज्यादा लोगों को काटा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में आतंक का पर्याय बन चुके उत्पाती बंदरों का कहर जारी है। इन बंदरों के काटे जाने के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 3 महीनों में नाहन शहर करीब 200 से ज्यादा लोगों पर बंदरों ने हमला कर काट है। अकेले मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले तीन महीनों में बंदरों के काटने के 146 मामले रिकॉर्ड हुए हैं। ऐसे में रोजाना औसतन 2-3 लोगों पर रोजाना बंदर हमला करके लहूलुहान कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह आंकड़ा तो केवल मेडिकल कॉलेज अस्पताल का है इसके अलावा बंदरों से काटने का ऐसे आंकड़ा भी है जो इलाज के लिए निजी अस्पतालों व क्लीनिकों में गए हैं, इस आंकड़े की पुष्टि नहीं हुई है। आरोप है कि सिस्टम की अनदेखी के चलते इन हमलावर बंदरों को काबू नहीं किया जा रहा है। वन विभाग भी बंदरों की बढ़ती संख्या पर लगाम कसने में नाकाम रहा है। शहर की सड़कों, गलियों और बाजारों में आज बंदरों के आतंक के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो रहा है। डॉग फीडिंग वाले क्षेत्रों व जहां खुले में कचरा फेंक रहे उन क्षेत्रों में हालत गंभीर बनी हुई है। एक और डॉग फिडिंग करने वाले लोग इन बंदरों को भी खाना खिलाने में लगे, लोग खुले में कचरा फेंक रहे हैं इन स्थलों पर तो जमा बंदरों के झुंड पैदल चलने वाले लोगों पर हमला कर रहे हैं। आलम यह है हमलावर बंदरों का खौफ इस कद्र फैला है कि आज लोग अपने घरों की छतों व बालकनी में जाने से कतराने लगे है। उत्पाती बंदर लोगों के घरों गेट, गमले, ग्रिल, सोलर पैनल, ऑर्नामेंटल लाइट्स तोड़ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने रन फॉर यूनिटी के प्रतिभागियों का बढ़ाया हौसला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शनिवार सुबह एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से कैथल तक निकाली जा रही रन फॉर यूनिटी में अचानक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का काफिला रुका। दरअसल मुख्यमंत्री शनिवार को हिसार के गांव खरक में पूनिया खाप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जा रहे थे। गांव क्योड़क के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही रन फॉर यूनिटी को देखकर मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रुकवाया। वह अपनी गाड़ी से उतरे और पूर्व विधायक लीला राम सहित अन्य कार्यकर्ताओं से रन फॉर यूनिटी के रूट बारे जानकारी हासिल की। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का हौसला भी बढ़ाया।

### ऑपरेशन ट्रैक-डाउन ने तोड़ी अपराधियों की रीढ़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस का स्पेशल मिशन 'ऑपरेशन ट्रैक-डाउन' राज्य के इतिहास की सबसे आक्रामक एंटी-क्राइम कार्रवाई बन चुका है। मात्र 9 दिन में 2,165 अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचाए जा चुके हैं। स्टेट क्राइम ब्रांच के आईजी राकेश आर्य ने बताया कि बहादुरगढ़ यूनिट की एसटीएफ ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए रोहित गोदारा गैंग के कुख्यात सदस्य मनोज उर्फ चोटिया को गिरफ्तार किया है। 10,000 रुपए इनामी यह अपराधी कई संगीन मामलों में वांछित था। उसने 5 दिसंबर 2024 को नारनौल अदालत परिसर में गैंगवार की वारदात अंजाम दी थी और विरोधी गैंग सदस्य अमित पर हमला कर फरार हो गया था। ऑपरेशन ट्रैक-डाउन के दौरान 13 नवंबर को उसे धर-दबोचा गया। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, दंगा, मारपीट और आपराधिक साजिश के सात से अधिक केस दर्ज हैं। आईजी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक 438 हार्डकोर व अंतरराज्यीय अपराधी पकड़े गए हैं। चोरी, लूट, डकैती, गैंगवार और अन्य गंभीर वारदातों में शामिल इन अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस ने 13 नवंबर तक 118 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट भी खोली है, जिनमें अकेले उस दिन 23 कुख्यात बदमाश शामिल थे। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद इन अपराधियों पर अब 24 घंटे निगरानी रहेगी।

### साइबर ठगी पीड़ितों को लोक अदालत से मिलेगा पैसा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की पहल पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने बड़ा फैसला लेते हुए साइबर ठगी पीड़ितों के लिए पैसा वापस पाने की प्रक्रिया बेहद आसान कर दी है। अब ठगी की गई और बैंकों में ब्लॉक की गई राशि बिना वकील, बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के सीधे लोक अदालत के माध्यम से लौटाई जाएगी। यह व्यवस्था उन मामलों में लागू होगी, जहां शिकायत दर्ज होने के बाद पैसा ब्लॉक तो हो जाता है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई होती। डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि पहले पीड़ितों को ब्लॉक रकम पाने के लिए महीनों कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब यह परेशानी खत्म हो जाएगी। राज्य सरकार ने साइबर मनी-रिफंड आवेदनों को स्थायी लोक अदालत के दायरे में शामिल कर दिया है। इससे इन्हें मुकदमे से पहले के मामले मानकर बेहद तेज प्रक्रिया में निपटाया जाएगा।

### हरियाणा में गार्ड ऑफ ऑनर पर सख्त नियम लागू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने वीआईपी दौरों में गार्ड ऑफ ऑनर को लेकर चल रही अव्यवस्थाओं पर रोक लगाते हुए नए सख्त नियम लागू कर दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी गाइडलाइन में स्पष्ट किया गया है कि कौन-सा पदाधिकारी किस अवसर पर किस स्तर की टुकड़ी और फॉर्मेशन के साथ सलामी पाएगा। हाल में कई जिलों में सम्मान में कमी, असमान व्यवस्था और गलत व्यवहार की शिकायतें सामने आई थीं-कहीं मंत्री को पूरा बैंड, कहीं सिर्फ बगलर, कहीं हाई कोर्ट जज को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला। अब यह भ्रम खत्म होगा। सरकार ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्पीकर, हाईकोर्ट चीफ जस्टिस, मंत्रियों, जजों, मुख्य सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, डीसी व एसपी सहित सभी गणमान्यों के लिए टुकड़ी प्रोफाइल तय कर दी है। राज्यपाल को 1+2+4+100 की पूर्ण औपचारिक टुकड़ी मिलेगी, जबकि मुख्यमंत्री, स्पीकर, मुख्य न्यायाधीश व कैबिनेट मंत्रियों को 1+2+4+50/32 फॉर्मेशन दिया जाएगा।

# हरियाणा में दादा बाढ़देव जी जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री सैनी ने किए बड़े ऐलान

## सीएम ने की शिक्षा एवं सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार जिले के खरक पूनिया गांव में दादा बाढ़देव पूनिया के जन्मोत्सव और मुख्यमंत्री सम्मान समारोह में घोषणा की कि गांव के वर्तमान स्कूल को 'संस्कृति मॉडल स्कूल' के रूप में अपग्रेड किया जाएगा, जिससे बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने गांव में एक सामुदायिक केंद्र और पुस्तकालय स्थापित करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने दो पुस्तकें भी विमोचित कीं।

मुख्यमंत्री ने दादा बाढ़देव जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज को सत्य, अनुशासन और भाईचारे को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पूनिया खाप के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार दादा बाढ़देव जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने खाप से युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन देने, नशे से दूर रखने और उन्हें शिक्षा, खेल और तकनीक में सक्षम बनाने का आग्रह किया। सैनी ने सोनीपत में दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस और श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर किए जा रहे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गुरुओं के इतिहास और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को हरियाणा में इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विकास योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया, युवाओं को मेरिट के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है और 10 नए आईएमटी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, किसानों को भूमि अधिकार और टैक्स राहत प्रदान की गई है। महिलाओं के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना और हर घर-हर गृहिणी योजना भी जारी हैं। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, सेवा मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधायक और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# हरियाणा में आयुष सेवाओं में सुधार के लिए ड्रग इन्वेंटरी सिस्टम शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आयुष विभाग में दवा प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए ड्रग इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक स्थिति, वितरण और उपयोग संबंधी सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज होंगे, जिससे दवा प्रबंधन सरल, आधुनिक और त्रुटिरहित बनेगा। मंत्री ने कहा कि यह कदम आयुष सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देने में सहायक होगा।

**स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने की दवाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की घोषणा**

राव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य में आयुष क्षेत्र का व्यापक आधुनिकीकरण किया जा रहा है। सभी आयुष स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की आपूर्ति और वितरण प्रणाली को मजबूत करके किसी भी संस्थान में दवाओं की कमी को रोकने के उपाय किए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि योगशालाओं के सुचारु संचालन के लिए पंचायतीराज संस्थाओं को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्यभर की योगशालाओं में प्रतिदिन निर्धारित योग दिनचर्या का पालन किया जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग नियमित अभ्यास से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सामाजिक समरसता का मार्ग भी है। मंत्री ने श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय आयुष पद्धति में उच्च स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। अत्याधुनिक अवसंरचना और उन्नत शैक्षणिक व्यवस्था के साथ यह विश्वविद्यालय पूरे उत्तर भारत में आयुष शिक्षा के लिए नई पहचान स्थापित करेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा में आयुष सेवाएं अधिक सुलभ, सक्षम और प्रभावी बनें और जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# सेवा और संकल्प का प्रतीक बना भाजपा का जन-कल्याण शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में धनास के स्मॉल फ्लैट्स एरिया में दो-दिवसीय विशेष जन-कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और आम नागरिकों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराना था।

शिविर के पहले दिन 350 से अधिक लोगों ने आयुष्मान भारत कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पीएम कौशल विकास योजना, मनरेगा पहचान पत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि के लिए पंजीकरण और पात्रता जांच करवाई। लोगों में इन सेवाओं को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि 'कोई भी पात्र नागरिक सरकारी लाभों से वंचित न रहे।' शिविर को सफल बनाने में प्रदेश सचिव सोनिया दुग्गल, आईटी सेल इंचार्ज शिवेंद्र मंडोतरा, मंडल अध्यक्ष गौरव कश्यप और अन्य पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। यह शिविर भाजपा की सेवा भावना और जनता के प्रति संकल्प का प्रतीक बनकर उभरा।

# हरियाणा में उद्योग स्थापना आसान, अब नहीं लगाने पड़ेंगे दफ्तरों के चक्कर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशोक कुमार घोष ने नए उद्योगों की स्थापना को सरल बनाने वाले ऑर्डिनेंस को मंजूरी दे दी है। अब राज्य में तय औद्योगिक क्षेत्रों यानी कनफर्मिंग जोन में उद्योग लगाने के लिए विभागीय जांच या अधिकारियों की मंजूरी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने इस नई व्यवस्था को सेल्फ-सर्टिफिकेशन मॉडल नाम दिया है, जिसके तहत सिर्फ ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी, दस्तावेज़ और फीस अपलोड करते ही तुरंत अनुमति मिल जाएगी।

अब तक फाइलें कई स्तरों से गुजरती थीं और मामूली नोटिंग के कारण हफ्तों-महीनों तक अटक जाती थीं। नए प्रावधान के अनुसार, आवेदक खुद बताएगा कि उसकी यूनिट सभी नियमों के अनुरूप है और वही पूरी जानकारी अपलोड करेगा। इसी आधार पर स्वीकृति जारी होगी। हालांकि विभागीय जांच हटाई गई है, पर नियम नहीं, किसी भी समय जांच हो सकती है, और गलत जानकारी मिलने पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। उद्योग मंत्री राव नरबीर ने कहा कि यह कदम 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में बड़ा सुधार है। इससे निवेश बढ़ेगा, समय बचेगा और उद्योगों पर भरोसा मजबूत होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुविधा दी गई है, लेकिन नियमों में कोई ढील नहीं है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया : श्रुति चौधरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हमें हमेशा बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। बुजुर्ग संस्कारों की कुंजी होते हैं। बुजुर्गों से ही हमारे अंदर संस्कार आते हैं। बुजुर्गों के पास जीवन का बहुत लंबा अनुभव होता है, जिससे हमें मार्गदर्शन मिलता है।

श्रुति चौधरी तोशाम विधानसभा क्षेत्र के गांव राजपुरा खरकड़ी में सजग भारत चौरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना दिवस एवं चौधरी सुरेंद्र सिंह के जन्म दिवस पर सजग भारत वृद्ध आश्रम का शिलान्यास करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे जीवन में रोशनी लाने का काम करते हैं। युवाओं को प्रतिदिन बुजुर्गों के पास बैठकर उनके जीवन से अनुभव लेना चाहिए। इससे बुजुर्गों का मन भी प्रसन्न होगा। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 560 से अधिक रियासतों को समाप्त करके भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। देश की एकता और अखंडता उनके लिए सर्वोपरि थी।

उन्होंने कहा कि युवाओं को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होना चाहिए और सरदार पटेल से विचारों से प्रेरणा लेना चाहिए। आज युवाओं की वजह से ही भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। भारत का युवा सबसे अधिक प्रतिभावान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास है कि देश का हर युवा उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों के जीवन संघर्ष के बारे में जाने, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन कुर्बान किया है। इसी के चलते पूरे देशभर में एकता पदयात्रा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## देश-विदेश

# टॉप-10 कंपनियों में 8 की वैल्यू 2.05 लाख करोड़ बढ़ी

**एजेंसी, मुंबई**

**मार्केट** वैल्यूएशन के हिसाब से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 8 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 2,05,185.08 करोड़ (2.05 लाख करोड़) बढ़ी है।

इस दौरान टेलीकॉम कंपनी एयरटेल टॉप गेनर रही। कंपनी की वैल्यू 55,653 करोड़ बढ़कर 11.97 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। दूसरे नंबर पर देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। इसकी वैल्यू 54,942 करोड़ रुपए बढ़कर 20.55 लाख करोड़ को पार कर गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने भी इस दौरान अपने मार्केट कैप में 40,758 करोड़ जोड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

**एयरटेल की 55,653 करोड़ बढ़कर 11.97 लाख करोड़ पहुंची**

**मार्केट कैपिटलाइजेशन?**

**मार्केट** कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

# चीन ने 1,000 टन का सोने का भंडार खोजा

**एजेंसी, शिनजियांग।** चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है। इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1,000 टन से भी ज्यादा हो सकता है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक एक साल में यह तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है। इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे। दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं। ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर बताया

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** में एच-1बी वीजा विवाद के बीच विदेशी मजदूरों को लेकर छिड़ी बहस अब और तेज हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ता नौकर कहकर संबोधित किया और कहा कि हमें उनकी जरूरत नहीं है। वेंस ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि, 'डेमोक्रेट्स का मॉडल कम वेतन वाले प्रवासियों को देश में लाने पर जोर देता है। इससे अमेरिकी लोगों के रोजगार, वेतन और समृद्धि को नुकसान पहुंचेगा।' वेंस ने कहा कि ट्रम्प का मॉडल दूसरा है जो अमेरिका में डेवलपमेंट का रास्ता खोलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी मजदूरों को तकनीक से मजबूत बनाना चाहिए, न कि सस्ते विदेशी श्रम पर निर्भर होना चाहिए।' वहीं एच-1बी वीजा को लेकर ट्रंप की पार्टी एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिससे अमेरिका में भारतीयों की एंट्री मुश्किल हो सकती है। वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीबी और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कहा कि जल्द ही विधेयक लाया जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी की मार्जोरी का आरोप है कि एच-1बी वीजा का दुरुपयोग हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

**कहा- हमें इनकी जरूरत नहीं**

# पानी की कमी से जूझ रहे किर्गिजस्तान और ताजिकिस्तान में छाया 'ऊर्जा संकट'

**एजेंसी, बिश्केक/ दुशान्बे।** मध्य एशिया के दो पड़ोसी देशों, किर्गिजस्तान और ताजिकिस्तान में सूखे और जलवायु परिवर्तन के कारण जल स्तर में आ रही भारी गिरावट के गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। दोनों देशों की अधिकांश बिजली की आपूर्ति जलविद्युत संयंत्रों पर निर्भर है, जो सोवियत काल में बने हैं, लेकिन अब जलाशयों में पानी की कमी से ये संयंत्र ठप हो रहे हैं। स्थानीय मीडिया में एक रिपोर्ट में बताया गया कि ताजिकिस्तान के नुरेक बिजली संयंत्र के जलाशय का जल स्तर पिछले एक साल में 2.47 मीटर (लगभग 8.1 फुट) गिर चुका है, जिसे ताजिक ऊर्जा एवं जल संसाधन मंत्रालय ने 'चिंताजनक' करार दिया है। सरकारी 'उपयोगिता' कंपनी ने पुष्टि की है कि नुरेक जलाशय का जल स्तर गिरने से बिजली उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

# हैती पुलिस के साथ मुठभेड़, गिरोह के सात सदस्य मारे गिराए, एक हेलिकॉप्टर नष्ट

**एजेंसी, पोर्ट-ऑ-प्रिंस (हैती)।** हैती पुलिस ने शुक्रवार रात तक जारी रही मुठभेड़ में सात गिरोह सदस्यों को मार गिराया और अपने एक हेलीकॉप्टर में खराबी आने के बाद उसे नष्ट कर दिया। हैतियन नेशनल पुलिस (पीएनएच) द्वारा 'फेसबुक' पर साझा किए गए एक बयान के अनुसार, अधिकारी सुरक्षित हैं, लेकिन उन्होंने हेलिकॉप्टर को आग लगा दी ताकि गिरोह उसका इस्तेमाल नहीं कर सकें। (अनंत ज्ञान)

# गाजा को दो हिस्सों में बांटेगा अमेरिका

## ग्रीन जोन पर इसराइल का कंट्रोल, इसे दोबारा बसाया जाएगा, फिलस्तीनियों को खंडहर रेड जोन मिलेगा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** गाजा पट्टी को दो हिस्सों में बांटने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए एक लॉन्ग टर्म प्लान बनाया गया है। एक हिस्से पर इंटरनेशनल फोर्स और इसराइली सेना का कंट्रोल रहेगा। इसे ग्रीन जोन कहा जाएगा। फिलिस्तीनी आबादी वाले दूसरे हिस्से को फिलहाल खंडहर अवस्था में ही रहने दिया जाएगा। इसे रेड जोन नाम दिया गया है। लगभग सभी फिलिस्तीनी रेड जोन में विस्थापित हो गए हैं। यह दावा द गार्डियन की एक रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट को अमेरिकी सेना के खुफिया दस्तावेजों और अधिकारियों के निजी बयानों के आधार पर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लान को लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**द गार्डियन की एक रिपोर्ट में किया दावा**

पूर्वी हिस्से में बनेगा ग्रीन जोन: गाजा के पूर्वी हिस्से में ग्रीन जोन बनाया जाएगा। यहां इसराइली सैनिकों के साथ विदेशी सैनिक भी तैनात होंगे। यहां पर री-डेवलपमेंट का काम होगा। अमेरिका यहां तैनात होने वाले अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से औपचारिक मंजूरी दिलाने की कोशिश कर रहा है। प्लान के मुताबिक, यहां शुरुआत में कुछ सौ सैनिक तैनात होंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 20,000 तक की जा सकती है। ग्रीन जोन से बाहर जाने की अनुमति किसी विदेशी सेना को नहीं होगी।

वहीं, इसराइल के नियंत्रण वाली येलो लाइन के पश्चिम का हिस्सा रेड जोन कहलाएगा। यहां कोई री-डेवलमेंट नहीं किया जाएगा। 2 साल की जंग में सबसे ज्यादा नुकसान इसी इलाके को पहुंचा है। यहां लगभग 20 लाख की आबादी फंसी हुई है। यह पूरा प्लान हाल ही में हुए सीजफायर और डोनाल्ड ट्रंप के उन्हीं वादों पर सवाल खड़ा करता है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से कहा गया था कि गाजा को एकजुट कर फिलिस्तीनी शासन को बहाल किया जाएगा।

ट्रंप ने 13 अक्तूबर को मिस्र के शहर शर्म अल शेख में गाजा शांति समझौते पर साइन किए थे। इस दौरान 20 से ज्यादा देशों के नेता वहां मौजूद थे, लेकिन इसराइल और हमास को नहीं बुलाया गया था। (अनंत ज्ञान)

# कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले, छह की मौत

**एजेंसी, कीव**



रूस की ओर से यूक्रेन पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 35 लोग घायल हो गए।

यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि देशभर में हुए इस हमले में कम से कम 430 ड्रोन और 18 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों में हुए इस हमले का निशाना कीव था। जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह सुनियोजित हमला लोगों और आम नागरिकों को यथासंभव अधिक नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था।' उन्होंने बताया कि हमला इतना जोरदार था कि मिसाइल के टुकड़ों से अजरबैजान दूतावास क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 35 लोग घायल हो गए। मॉस्को ने असैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाए जाने से इनकार किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के 'सैन्य-औद्योगिक और ऊर्जा प्रतिष्ठानों' पर रात में हमले किए। यूक्रेनी अधिकारियों ने इन दावों को खारिज किया और आवासीय परिसरों एवं सार्वजनिक भवनों को हुए नुकसान को दर्शाया। दार्नित्स्की जिले में मलबा एक आवासीय इमारत के प्रांगण और एक शैक्षणिक संस्थान के परिसर में गिर गया। गिरते हुए मलबे की चपेट में आने से एक कार में आग लग गई। हमले से पोदिल्स्की जिले में पांच आवासीय और एक गैर-आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप का दावा : कंबोडिया, थाईलैंड के बीच संघर्षविराम को बरकरार रखने में सफल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वह अमेरिका की मध्यस्थता से कंबोडिया और थाईलैंड के बीच हुए उस संघर्षविराम समझौते को बनाए रखने में सफल रहे हैं जो टूटने के कगार पर था।

ट्रंप ने सप्ताहांत में फ्लोरिडा स्थित अपने मार-ए-लागो एस्टेट के लिए उड़ान भरते समय 'एयरफोर्स वन' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान) में पत्रकारों से कहा, 'मैंने आज ही एक युद्ध रोका है।' उन्होंने कहा कि उनके ये कदम दुनिया भर के देशों पर भारी शुल्क लगाने की उनकी इच्छाशक्ति के कारण संभव हुए हैं। ट्रंप का तर्क है कि उनकी देशों पर शुल्क लगाने की रणनीति के कारण अमेरिका को व्यापार और कूटनीतिक लाभ में बड़ी बढ़त मिलती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने कंबोडिया और थाईलैंड के प्रधानमंत्रियों से फोन पर बात की थी, जो अब 'बहुत अच्छा कर रहे हैं।'' इन दोनों दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के बीच सीमा को लेकर क्षेत्रीय विवाद के कारण जुलाई के अंत में पांच दिनों तक सशस्त्र संघर्ष चला था जिसमें कई सैनिक और आम नागरिक मारे गए थे। (अनंत ज्ञान)

# कनाडा के साथ एफटीए वार्ता फिर से शुरू करने की संभावनाओं पर विचार: गोयल

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता फिर से शुरू करने के संबंध में सभी संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। गोयल ने यहां आयोजित 30वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि भारत और कनाडा ने मुक्त व्यापार समझौते की पुनः शुरुआत के लिए दो दौर की वार्ता की है।

दो दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन आंध्र प्रदेश सरकार और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने संयुक्त रूप से किया है। गोयल ने कहा कि उन्होंने कनाडा के निर्यात संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ दो दौर की चर्चा की है। गोयल ने कहा, 'सभी संभावनाएं विचाराधीन हैं। हमने अब तक दो दौर की चर्चा की है। हम उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए नई दिल्ली में मिले थे। हमने आज अपने द्विपक्षीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू से संक्षिप्त मुलाकात की।' केंद्रीय मंत्री ने शिखर सम्मेलन में कहा, 'मैं दुनियाभर के मंत्रियों का आभारी हूं, जो आज हमारे साथ शामिल हुए।' उन्होंने कहा कि सम्मेलन में लगभग हर महाद्वीप के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उत्तरी अमेरिका और लैटिन अमेरिका के मंत्री, यूरोप और अफ्रीका के मंत्री और दक्षिण पूर्व एशिया से भी एक मंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी शिखर सम्मेलन में पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व था, जिसने भारत को मानवता के मित्र के रूप में प्रदर्शित किया।

विश्व एक परिवार है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंत्र है, जो हमें पीढ़ियों और सदियों से विरासत में मिला है और जिस पर हमें गर्व है और हम इसे अपने अंतराष्ट्रीय संबंधों में आगे बढ़ा रहे हैं...।' (अनंत ज्ञान)

# विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में की भारतीय दूतों के सम्मेलन की अध्यक्षता

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूतों के सम्मेलन में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और प्रवासी भारतीयों से संबंधी गतिविधियों को दिए जाने वाले समर्थन की समीक्षा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में कहा, 'हमारे द्विपक्षीय संबंधों और प्रवासी भारतीयों से संबंधी गतिविधियों के लिए समर्थन की समीक्षा की। भारत-अमेरिका साझेदारी को मजबूत करने के लिए हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावासों की प्रतिबद्धता एवं प्रयासों की सराहना करता हूं।'

जयशंकर ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित 'महावाणिज्य दूत सम्मेलन' की अध्यक्षता की, जिसमें अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा, वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास में मिशन उप प्रमुख नामग्या खम्पा के साथ-साथ अटलांटा, बोस्टन, शिकागो, ह्यूस्टन, लॉस एंजिलिस, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावासों के सभी दूतों ने हिस्सा लिया। महावाणिज्य दूत विनय प्रधान के नेतृत्व में न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वाणिज्य दूतावास परिसर में जयशंकर का स्वागत करना 'सम्मान' की बात थी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलिया में जन्मे विलियम्स को एएफसी क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रयान विलियम्स को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर के अंतिम दौर के ग्रुप-सी मैच के लिए 23 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। विलियम्स ने हाल ही में भारतीय नागरिकता हासिल की है। भारतीय टीम छह नवंबर से बेंगलुरु में अभ्यास कर रही थी। टीम शनिवार को ढाका के लिए रवाना हो गई। विलियम्स टीम के साथ बांग्लादेश गए हैं, लेकिन मैच के दिन टीम में उनका शामिल होना फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया से अनापत्ति प्रमाण पत्र और उसके बाद फीफा और एएफसी से अनुमोदन प्राप्त करने पर निर्भर है। (अनंत ज्ञान)

### चिक्करंगप्पा, संधू ताइफोंग ओपन की तालिका में फिसले

**एजेंसी, ताइपे।** एस चिक्करंगप्पा और अजीतेश संधू की भारतीय जोड़ी शनिवार को 400,000 डॉलर इनामी ताइवान ग्लास ताइफोंग ओपन के तीसरे दिन निराशाजनक प्रदर्शन के बाद तालिका में नीचे खिसक गई। शुरुआती दो दौर के बाद शीर्ष 10 में रहे चिक्करंगप्पा 76 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर खिसक गए, जबकि 72 का कार्ड खेलने के बाद संधू 18वें संयुक्त 22वें पायदान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर पहुंच गए। कट में प्रवेश करने वाले अन्य भारतीयों में खलिन जोशी (73) संयुक्त 44वें, विराज मदप्पा (76) संयुक्त 57वें और युवराज सिंह गिल (75) संयुक्त 57वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### मुझे नहीं लगता कि अपनी बल्लेबाजी में कुछ बदलने की जरूरत है : सरफराज

**एजेंसी, मुंबई।** भारत और मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान ने शनिवार को कहा कि वह मौजूदा घरेलू सत्र में ज्यादा रन नहीं बना पाने से 'बिल्कुल निराश' नहीं हैं और उन्हें अपनी बल्लेबाजी में कोई बदलाव करने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से सरफराज के लिए रणजी ट्रॉफी का अब तक का सत्र निराशाजनक रहा है। उन्होंने चार मैचों में 22.20 की औसत से सिर्फ 111 रन बनाए हैं और इस दौरान उन्होंने एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले उन्होंने रणजी सत्र में कई बड़ी पारियां खेली थीं। उन्होंने 2022-23 सत्र में छह मैचों में 92.66 की औसत से 556 रन बनाए, 2021-22 में छह मैचों में 122.75 की औसत से 982 रन बनाए और इससे पहले सरफराज ने 2019-20 सत्र में छह मैचों में 154.66 की औसत से 928 रन बनाए। सरफराज ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के अभ्यास सत्र के दौरान मीडिया से कहा, "मुझे नहीं लगता कि मुझे कुछ बदलने की जरूरत है क्योंकि मैं अच्छा कर रहा हूं। मैंने हमेशा (अभ्यास में) बहुत सारी गेंदें खेली हैं और अब भी मैं जितना हो सके अभ्यास करने की कोशिश करता हूं।" दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पुडुचेरी के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा, "मुझे नहीं लगता कि मुझे कुछ बदलने की जरूरत है क्योंकि मैं अच्छा कर रहा हूं। मैंने हमेशा बहुत सारी गेंदें खेली हैं और अब भी मैं जितना हो सके अभ्यास करने की कोशिश करता हूं।" (अनंत ज्ञान)

### संजना गणेशन का ग्लैमरस अंदाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन काफी खूबसूरत हैं। संजना सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 1.8 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जिनके लिए वह अपनी खूबसूरत तस्वीर आए दिन शेयर करती रहती हैं।



**टेस्ट मैच : दूसरा दिन** जडेजा-कुलदीप ने द. अफ्रीका की बल्लेबाजी की कमर तोड़ी

# भारत का द. अफ्रीका पर पलड़ा भारी

**एजेंसी, कोलकाता**

ईडन गार्डंस की खुरदरी और स्पिन-उपयोगी पिच बल्लेबाजों के लिए चुनौती बनी और भारत ने पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा बनाए रखा। लगातार दूसरे दिन विकेट ने बल्लेबाजों को परेशानी में डाला और दिनभर में कुल 16 विकेट गिरे। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट मैच को तीन दिन के अंदर जीतने की संभावना बढ़ा दी, लेकिन पिच की परिस्थितियों और चोटिल खिलाड़ियों के कारण सतर्क रहने की जरूरत है।

पहली पारी में भारत 189 रन पर ढेर हुआ और मामूली 30 रन की बढ़त हासिल की। कप्तान शुभमन गिल रिटायर्ड हर्ट हुए और दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए वापस नहीं आए। भारत के लिए यह चिंता का विषय रहा। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी की शुरुआत में सात विकेट पर 93 रन बनाए और भारत से 63 रन आगे हो गया। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 78 गेंदों पर 29 रन बनाए, जबकि कोर्बिन बॉश सिर्फ एक रन पर खड़े रहे।

भारतीय स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन किया। रवींद्र जडेजा ने केवल 29 रन खर्च करके चार विकेट लिए। कुलदीप यादव ने 12 रन देकर दो और अक्षर पटेल ने 30 रन देकर एक विकेट लिया। जडेजा ने सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम (4), वियान मुल्डर (11), टोनी डि जॉर्जी (2) और ट्रिस्टन स्टब्स (5) को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की वापसी की उम्मीदों को तोड़ दिया। हार्मर ने भी 30 रन देकर चार विकेट चटकाए और तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने तीन विकेट लिए। भारत की बल्लेबाजी ने संघर्ष दिखाया। केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर ने दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। ऋषभ पंत ने 27 रन बनाए, लेकिन कोर्बिन बॉश की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। राहुल ने 39 रन बनाए, जबकि शुभमन गिल चोट के कारण सिर्फ 4 रन पर आउट हुए।

दिनभर के खेल में पिच की खुरदरापन और स्पिनरों का दबदबा दिखाई दिया। भारत के लिए यह स्पष्ट संकेत है कि 150 रन का लक्ष्य भी आसान नहीं होगा। अगले दिन की रणनीति और चोटिल खिलाड़ियों की वापसी मैच के रुख को निर्णायक बना सकती है।




## विश्व कप जीत से बदलेगा महिला क्रिकेट का भविष्य : हरमनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि महिला क्रिकेट में वित्तीय अंतर अब तेजी से कम होगा, खासकर वनडे विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई द्वारा 2022 में मैच फीस समान किए जाने के बावजूद केंद्रीय अनुबंधों में अब भी बड़ा अंतर है, लेकिन बाजार की ताकतें अब बदल रही हैं।



हरमनप्रीत ने याद किया कि 2017 से पहले महिला क्रिकेटरों का केंद्रीय अनुबंध सिर्फ 15 लाख रुपये था, जो अब 50 लाख तक पहुंच चुका है, जबकि पुरुष वर्ग में यह सात करोड़ रुपए है। उन्होंने स्वीकार किया कि पहले अधिकांश राजस्व पुरुष क्रिकेट से ही आता था, पर नई सफलता ने महिला क्रिकेट का बाजार मूल्य बढ़ा दिया है।

कप्तान के अनुसार, 'दो नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल जीतने के बाद हमारा बाजार मूल्य पहले ही ऊपर जा चुका है। अगर हम वह ट्रॉफी नहीं जीतते, तो हम वहीं अटके रहते। बदलाव के लिए हमें लगातार ट्रॉफियां जीतनी होंगी, तभी हमें पुरुषों के समान महत्व मिलेगा।'

आगामी टी-20 विश्व कप 2026 में हरमनप्रीत की कप्तानी लगभग तय मानी जा रही है। अगले वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य अब अपने घरेलू मैदान पर एक और ट्रॉफी जीतना है।

तेज गेंदबाजों के पूल को लेकर वह आत्मविश्वासी दिखीं। उन्होंने क्रांति गौड़ और श्री चरणी जैसे युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि भारत लगातार एक मजबूत समूह तैयार कर रहा है। हरमनप्रीत ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह की भूमिका की भी तारीफ की। उनके अनुसार, 'जय शाह हमेशा हमारी ताकत रहे हैं।' उन्होंने तब भी समर्थन दिया, जब हमारे पास कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं थी।' (अनंत ज्ञान)

## ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में बने भारत के नए 'सिक्सर किंग'

**एजेंसी, कोलकाता**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डंस में खेला जा रहा है। इस मैच के दौरान विकेट-कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत ने दो छक्के लगाए। यह टेस्ट करियर में उनका 92वां छक्का था। इसके साथ उन्होंने टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने के वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।




**वीरेंद्र सहवाग का तोड़ा रिकॉर्ड**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने अपने टेस्ट करियर में कुल 91 छक्के लगाए हैं। अब वह सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। वैसे टेस्ट क्रिकेट में ओवरऑल सर्वाधिक छक्कों की बात करें तो इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 136 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं। इसके बाद इस लिस्ट में न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम (107), ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट (100), न्यूजीलैंड के टिम साउदी (98), वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (98) और जैक्स कैलिस (97) का नंबर आता है। टेस्ट क्रिकेट में ओवरऑल सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में ऋषभ पंत 7वें नंबर पर हैं। चोट से उबरने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में ऋषभ पंत की वापसी निराशाजनक रही। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 27 रन बनाए। इस संक्षिप्त पारी के दौरान उन्होंने 24 गेंदों का सामना किया और 2 चौके और छक्के लगाए। (अनंत ज्ञान)

## ऑगर अलियासिमे एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, तूरिन (इटली)।** फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। कनाडा के आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने 6-4, 7-6 (4) से जीत हासिल की और ब्योर्न बोर्ग ग्रुप से यानिक सिनर के साथ अंतिम चार में प्रवेश किया। इससे पहले सिनर ने बेन शेल्टन को 6-3, 7-6 (3) से हराकर राउंड-रॉबिन में अपने सभी मैच जीते।

सिनर का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर से होगा। ऑगर अलियासिमे एक अन्य सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज का सामना करेंगे।

## निशिमोतो से हारकर लक्ष्य जापान मास्टर्स से बाहर

**एजेंसी, कुमामोतो (जापान)**

स्टार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन का 475,000 डॉलर इनामी कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में विजय अभियान शनिवार को यहां सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोतो से तीन गेम में हार के साथ खत्म हो गया।




सातवीं वरीयता प्राप्त सेन छठी वरीयता प्राप्त निशिमोतो से 77 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए। सेन का अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा था, लेकिन अंतिम गेम में गलतियों के कारण वह इसको बेहतर करने में नाकाम रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन ने शुरुआती गेम में मिली हार से उबरते हुए निर्णायक गेम तक का सफर तय किया, लेकिन तीसरे गेम में वह पूरी तरह से लय में नहीं दिखे। यह मुकाबला दो बराबरी के खिलाड़ियों के बीच था, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच धैर्य बनाए रखा और आखिर में फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)

## राइजिंग स्टार्स एशिया कप : सूर्यवंशी पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, दोहा**

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रविवार को यहां राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 मैच में पाकिस्तान शाहींस के आक्रमण को स्तब्ध रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत-ए टीम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की हाथ नहीं मिलाने की नीति का पालन करेगी। सितंबर में एशिया कप के दौरान भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। उस टूर्नामेंट में दूसरे विकेटकीपर और वर्तमान टूर्नामेंट में भारत-ए के कप्तान जितेश से भी उम्मीद की जा रही है कि वह अपने सीनियर के नक्शेकदम पर चलते हुए पाकिस्तान शाहींस के कप्तान इरफान खान से न तो टॉस के समय और न ही मैच के बाद हाथ मिलाएंगे।



**पाक से हाथ न मिलाने की नीति पर कायम रहेगा भारत**

सबका ध्यान हालांकि, 14 साल के सूर्यवंशी पर होगा, जिन्होंने आईपीएल में शतक लगाकर विश्व क्रिकेट में तहलका मचा दिया था। उन्होंने पिछले मैच में यूएई के खिलाफ 52 गेंदों पर 15 छक्कों की मदद से 144 रन की अविश्वसनीय पारी खेली और सीनियर अंतराष्ट्रीय (ए-टीम) क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बल्लेबाज बन गए, लेकिन भारत-ए के मुख्य कोच सुनील जोशी अपने बल्लेबाजों को यह याद दिलाना चाहेंगे कि पाकिस्तान का आक्रमण यूएई की तुलना में बेहतर होगा।

भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती दाएं हाथ के तेज गेंदबाज उबैद शाह से होगी, जो सीनियर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी नसीम शाह के छोटे भाई हैं। भारतीय टीम में अधिकतर वह खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम में जितेश और रमनदीप सिंह ही दो ऐसे खिलाड़ी हैं जो सीनियर टीम की तरफ से अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। पाकिस्तान शाहींस के कप्तान इरफान ने नौ वनडे खेले हैं।

## एमसीए ने मंधाना को 50 लाख रुपए से किया पुरस्कृत

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शनिवार को भारतीय टीम की उप-कप्तान और कलात्मक सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को भारतीय महिला टीम को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 50 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया। मंधाना ने विश्व कप में 54.25 की प्रभावशाली औसत से 434 रन बनाए थे। वह सबसे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर थी। मंधाना ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, "मैंने महाराष्ट्र के लिए आयु-वर्ग क्रिकेट खेलकर अपनी क्रिकेट यात्रा शुरू की और अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है।" उन्होंने कहा, "हमारी विश्व कप जीत टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और टीम वर्क का परिणाम था। मैं इस सम्मान के लिए, एमसीए, अध्यक्ष रोहित पवार और सभी पदाधिकारियों का आभारी हूं।" उन्होंने कहा, "एमसीए महिला क्रिकेटरों के लिए असाधारण काम कर रहा है और हाल ही में शुरू हुई महाराष्ट्र महिला प्रीमियर लीग और उसके बाद सीनियर महिला टी 20 ट्रॉफी में राज्य टीम की जीत इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है।" (अनंत ज्ञान)

## क्रोएशिया ने फरो आइलैंड्स को हराकर विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, लंदन**

क्रोएशिया ने शुक्रवार को फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह पक्की कर ली, जबकि नीदरलैंड्स पोलैंड के साथ ड्रॉ खेलकर क्वालीफिकेशन के करीब पहुंच गया। क्रोएशिया को विश्व कप में जगह बनाने के लिए इस मैच में जीत की दरकार थी लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। फरो आइलैंड्स की तरफ से डेविड टूरी ने गोल किया।



क्रोएशिया ने हालांकि जल्द ही वापसी की। उसके लिए 23वें मिनट में जोस्को ग्वार्डियोल ने बराबरी का गोल दागा। दो साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए पेटार मूसा ने जोसिप स्टानिसिक की मदद से हाफटाइम के बाद क्रोएशिया को 2-1 से आगे कर दिया। उसकी तरफ से तीसरा गोल निकोला व्लासिक ने किया।

नीदरलैंड ने वारसॉ में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पोलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला और ग्रुप जी में सीधे प्रवेश की तरफ बड़ा कदम बढ़ाया। नीदरलैंड अभी अपने ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच ग्रुप ए में निक वोल्टेमाडे के दो गोल की मदद से जर्मनी ने लक्जमबर्ग पर 2-0 की जीत में शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली है। स्लोवाकिया ने एक अन्य मैच में उत्तरी आयरलैंड को 1-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय मुक्केबाजों की निगाह विश्व कप में दमदार प्रदर्शन पर

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

भारतीय मुक्केबाज जब रविवार से यहां शुरू हो रहे विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य सत्र का शानदार अंत करने के साथ ही महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक हासिल करना भी होगा।

मुक्केबाजी के संचालन का कार्य जब से वर्ल्ड बॉक्सिंग ने संभाला है तब से इस साल के शुरू में विश्व कप की शुरुआत की गई और अब उसका फाइनल्स होगा। मुक्केबाज सभी प्रमुख टूर्नामेंटों में रैंकिंग अंक अर्जित करते हैं, जो वरीयता निर्धारण में भूमिका निभाते हैं। अगले वर्ष एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल होने वाले हैं, इसलिए ये अंक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। प्रारूप के अनुसार इस वर्ष के शुरू में आयोजित किए गए तीन विश्व कप के पदक विजेता खिलाड़ियों ने शीर्ष रैंकिंग वाले मुक्केबाजों के साथ फाइनल्स में जगह बनाई है। भारत मेजबान होने के कारण पुरुष और महिला दोनों के सभी भार वर्गों में अपनी चुनौती पेश करेगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) महिला टीम की प्रमुख खिलाड़ी हैं। तेलंगाना की इस मुक्केबाज ने इस साल विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लाम्बोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), विश्व पदक विजेता पूजा रानी (80 किग्रा) और नुपुर (80 किग्रा से अधिक) अपनी अच्छी फॉर्म को बरकरार रखने की कोशिश करेंगी।

प्रीति पवार (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और परवीन हुड्डा (60 किग्रा) राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रही हैं और वह अपने खेल से प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगी।

पुरुष वर्ग में भारत का विश्व चैंपियनशिप अभियान निराशाजनक रहा और उम्मीदें प्रतिभाशाली अभिनाश जामवाल और हितेश गुलिया से होंगी, जो इस वर्ष के शुरू में दो विश्व कप फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप का समापन सितम्बर में हुआ था और कई प्रमुख खिलाड़ी सत्र की इस अंतिम प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं, जो क्वार्टर फाइनल चरण से शुरू होगी।

शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में 18 देशों के लगभग 130 मुक्केबाज भाग लेंगे, जिनमें कुछ ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** सैमसन की सीएसके में एंट्री; शमी समेत आठ खिलाड़ी भी ट्रेड, आईपीएल ने लगाई मुहर

# रवींद्र जडेजा कम फीस पर राजस्थान रॉयल्स में शामिल

**एजेंसी, मुंबई**

करिश्माई ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलेंगे। आईपीएल के आगामी सत्र से पहले इन दोनों फ्रेंचाइजी ने इसकी पुष्टि की।

अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की समय सीमा रविवार को समाप्त हो जाएगी। इससे पहले जडेजा ने कम शुल्क पर राजस्थान रॉयल्स में प्रवेश कर लिया है, जबकि चार सत्र तक राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले सैमसन







आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी पहनेंगे। आईपीएल मीडिया एडवाइजरी में कहा गया कि जडेजा की आईपीएल फीस 18 करोड़ रुपए से घटाकर 14 करोड़ रुपए कर दी गई है, जबकि सैमसन सीएसके के लिए अपनी मौजूदा लीग फीस 18 करोड़ रुपए पर खेलेंगे।

एडवाइजरी में कहा गया है, "सीएसके के लिए 12 सत्र में खेल चुके जडेजा लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। समझौते के तहत उनकी लीग फीस 18 करोड़ रुपए से 14 करोड़ रुपये कर दी गई है।" राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब 18 करोड़ रुपए की मौजूदा लीग फीस पर चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।" आईपीएल विज्ञप्ति में कहा गया है, "इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन 2.4 करोड़ रुपए की अपनी मौजूदा लीग फीस पर सीएसके से राजस्थान रॉयल्स की टीम से खेलेंगे।" तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सनराइजर्स हैदराबाद से ट्रेड के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की जर्सी पहनेंगे। वह अपनी मौजूदा 10 करोड़ रुपए की फीस पर नई फ्रेंचाइजी में शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### एलएसजी की ओर से खेलेंगे अर्जुन तेंदुलकर

**सचिन** तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर भी मुंबई इंडियंस से 30 लाख रुपए की मौजूदा फीस पर एलएसजी की ओर से खेलेंगे, जबकि ऑलराउंडर नितीश राणा राजस्थान रॉयल्स से 4.2 करोड़ रुपए की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज डोनोवन फरेरा दिल्ली कैपिटल्स से एक करोड़ रुपए की संशोधित फीस पर ट्रेड होने के बाद अपनी पहली फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स में वापसी करेंगे। लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय आगामी सत्र से पहले तीन बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से ट्रेड होने के बाद अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में वापसी करेंगे।